राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार, 13 मार्च 2026
वर्ष 07, अंक 160, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ पूर्वी जोन पुलिस की सघन बैंक चेकिंग, सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा...03

पंचायत भवन में महिला का मिली मृत शरीर हत्या की आशंका...12

# लोकसभा स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज, विपक्ष पक्षपाती आचरण को उजागर करने में हुआ सफल

- विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हुआ।
- राहुल गांधी की संसद में अगंभीरता पर सवाल उठे।
- अमित शाह ने राहुल की कम उपस्थिति उजागर की।

**ब्यूरो प्रयागराज।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव बुधवार को खारिज हो गया। कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद द्वारा पेश किये गए संकल्प पर 12 घंटे से अधिक समय की चर्चा और गृह मंत्री अमित शाह के जवाब के बाद, पीठासीन सभापति ने इसे मतदान के लिए सदन के समक्ष रखा, जिसे विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच, ध्वनिमत से अस्वीकृत कर दिया गया।


जानकारी के अनुसार, अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 10 घंटे तय हुए थे, लेकिन समय से ज्यादा चर्चा हुई। लगभग 13 घंटे तक सदन में पक्ष और विपक्ष की तरफ से चर्चा हुई और इसमें 42 से ज्यादा सांसदों ने हिस्सा लिया। संकल्प पर चर्चा और मतदान के दौरान बिरला सदन में उपस्थित नहीं थे, लेकिन उनके द्वारा नियुक्त पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने कार्यवाही का संचालन किया, जिसपर विपक्ष ने गंभीर सवाल उठाए।

संख्या बल को देखते हुए ये पहले से ही तय था कि ये अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो जाएगा। हालांकि, करीब चार दशक के बाद किसी लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के जरिये विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला के पक्षपाती रवैये और सदन के संचालन में सत्ता पक्ष के प्रति झुकाव को देश के सामने उजागर कर दिया।

अविश्वास प्रस्ताव पर बोलते हुए लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने स्पीकर ओम बिरला पर उन्हें और विपक्षी सदस्यों को बोलने नहीं देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यहां डेमोक्रेटिक प्रोसेस और स्पीकर के रोल के बारे में चर्चा हो रही है। कई बार मेरा नाम लिया जा रहा है, मेरे बारे में गंदी बातें कही जा रही हैं। यह सदन भारत के लोगों की अभिव्यक्ति है। यह हसदन किसी एक पार्टी को नहीं, पूरे देश को दिखाता है। जब भी हम बोलने के लिए उठते हैं, हमें बोलने से रोक दिया जाता है।

पिछली बार जब मैंने बात की थी, तो मैंने हमारे प्रधानमंत्री के किए गए समझौतों के बारे में एक बुनियादी सवाल उठाया था। कई बार मुझे बोलने से रोका गया है। भारत के इतिहास में पहली बार नेता विपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया गया। हमारे प्रधानमंत्री कंप्रमाइज्ड हैं और यह सब जानते हैं। बीते महीने फरवरी में विपक्ष द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया था कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सदन की कार्यवाही का संचालन निष्पक्ष तरीके से नहीं कर रहे हैं और सत्ता पक्ष के पक्ष में झुकाव दिखा रहे हैं। विपक्षी दलों ने संविधान के अनुच्छेद 94(सी) के तहत ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस सौंपा था। इस प्रस्ताव पर विपक्षी सांसदों के हस्ताक्षर थे। कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी और डीएमके समेत कई विपक्षी दलों ने इसका समर्थन किया था, जो अब ध्वनिमत से खारिज हो चुका है। अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस में विपक्षी सांसदों ने आरोप लगाया था कि लोकसभा अध्यक्ष ने बार-बार उन्हें सदन में जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने का अवसर नहीं दिया जाता है, जिस वजह उन्हें अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने जैसा कदम उठाना पड़ा।





कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि जब स्पीकर, जो सदन के हर सदस्य का कस्टोडियन होता है, निष्पक्ष रहना बंद कर दे और रूलिंग पार्टी के चीफ की तरह काम करे, तो यह गंभीर चिंता की बात है। नेता विपक्ष पार्लियामेंट्री सिस्टम का एक जरूरी हिस्सा है। लेकिन यहां, जब नेता विपक्ष खड़ा होता है, तो माइक बंद कर दिया जाता है। मोदी सरकार इसलिए परेशान है क्योंकि हमारे नेता विपक्ष में सच बोलने की हिम्मत है। पिछले सत्र में, सरकार ने पंडित जवाहरलाल नेहरू पर हमला किया, लेकिन अब वे उनकी तारीफ़ कर रहे हैं। एक दिन वे डेमोक्रेसी की रक्षा के लिए राहुल गांधी जी की भी तारीफ़ करेंगे। माननीय स्पीकर ने बयान दिया है कि हमारी महिला सांसद पीएम मोदी के खिलाफ़ कुछ बड़ा प्लान कर रही हैं। यह स्पीकर का दिया गया सबसे गैर-ज़िम्मेदाराना बयान है। मोदी सरकार सोच रही है कि संसद सिर्फ बीजेपी के लिए है, और उन्होंने देश के पूरे सिस्टम को हाईजैक कर लिया है।

शाह ने संसदीय मर्यादाओं का दिया हवाला

इससे पहले विपक्ष के संकल्प प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान शाह ने कहा कि इस सदन के स्थापित इतिहास के अनुसार, इसकी कार्यवाही आपसी विश्वास के आधार पर संचालित होती है। अध्यक्ष एक निष्पक्ष संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं, जो सत्ताधारी दल और विपक्ष, दोनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। अध्यक्ष सत्रों का संचालन किस प्रकार करें, इस संबंध में मार्गदर्शन के लिए इसी लोकसभा द्वारा विशिष्ट नियम बनाए गए हैं। यह सदन कोई बाजार नहीं है। सदस्यों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे इसके नियमों और प्रक्रियाओं के अनुरूप ही अपनी बात रखें और चर्चा में भाग लें। इस दौरान शाह ने जब राहुल गांधी की सदन में अहम मौके पर गैरमौजूदगी का सवाल उठाया तो विपक्षी सांसदों ने जमकर हंगामा किया। विपक्षी सदस्यों ने 'अमित शाह माफी मांगो' के नारे भी लगाए।

## प्रयागराज महाकुंभ 2025 से वायरल हुई मोनालिसा ने केरल में फरमान खान से की शादी



- परिवार से जान का खतरा बताया।

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दौरान माला बेचते हुए वायरल हुई युवती मोनालिसा भोसले एक बार फिर सुर्खियों में हैं। खबर है कि मोनालिसा ने केरल में फरमान खान के साथ शादी कर ली है। इस शादी का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों एक मंदिर में दर्शन करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में मोनालिसा लाल रंग की साड़ी पहने नजर आ रही हैं, जबकि फरमान खान उनके साथ मंदिर में पूजा-अर्चना करते दिख रहे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों ने केरल के एक मंदिर में सादगी से विवाह किया और भगवान के दर्शन किए।

**परिवार को मंजूर नहीं रिश्ता**

मोनालिसा और फरमान अलग-अलग धर्म से संबंध रखते हैं। इसी वजह से मोनालिसा के परिवार ने इस रिश्ते का कड़ा विरोध किया है। विशेष रूप से उनके पिता जयसिंह भोसले इस विवाह से नाराज बताए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, परिवार की ओर से मोनालिसा पर इस रिश्ते को खत्म करने का दबाव बनाया जा रहा था। मोनालिसा का आरोप है कि उनके पिता ने इस संबंध को लेकर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है।

**पुलिस से मांगी सुरक्षा**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोनालिसा ने 9 मार्च को केरल पुलिस से सुरक्षा की मांग की। उन्होंने पुलिस को दिए अपने बयान में कहा कि वह अपनी मर्जी से फरमान खान के साथ रहना चाहती हैं और उन्हें अपने परिवार से खतरा है। मोनालिसा ने पुलिस से कहा कि अंतरधार्मिक विवाह होने के कारण परिवार और समाज की तरफ से उन पर दबाव डाला जा रहा है। ऐसे में उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई जाए ताकि वह सुरक्षित रह सकें।

**सोशल मीडिया पर फिर चर्चा**

मोनालिसा भोसले पहले प्रयागराज महाकुंभ 2025 के दौरान माला बेचते हुए सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। उनकी सादगी और मुस्कान की वजह से उनका वीडियो तेजी से फैला था और वह रातों-रात इंटरनेट सेंसेशन बन गई थीं। अब फरमान खान के साथ शादी और परिवार के विरोध की खबर सामने आने के बाद मोनालिसा एक बार फिर सोशल मीडिया और खबरों की सुर्खियों में हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### युद्ध जल्द खत्म होगा, ईरान में टारगेट करने के लिए कुछ भी नहीं बचाः ट्रंप



**ब्यूरो प्रयागराज।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ युद्ध जल्द खत्म हो सकता है, उन्होंने दावा किया कि 'टारगेट करने के लिए असल में कुछ भी नहीं बचा है'। अमेरिकी न्यूज़ आउटलेट एक्सियोस से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि युद्ध 'बहुत अच्छा चल रहा है', और अमेरिकी सेना ने उम्मीद से ज़्यादा नुकसान किया है। ट्रंप ने कहा, 'हम टाइमटेबल से बहुत आगे हैं। हमने जितना सोचा था उससे ज़्यादा नुकसान किया है, यहां तक कि शुरुआती छह हफ़्ते के समय में भी।' हालांकि, आलोचकों का कहना है कि युद्ध में ट्रंप के मकसद बार-बार बदले हैं, जबकि ओपिनियन पोल बताते हैं कि कई अमेरिकी इस लड़ाई का विरोध करते हैं।

जब डोनाल्ड ट्रंप युद्ध जल्द ख़त्म करने की बात कह रहे हैं और कुछ रिपोर्टों के अनुसार ट्रंप युद्ध से बाहर निकलने के प्रयास में हैं, तो ईरान ने युद्ध को खत्म करने के लिए तीन मुख्य शर्तें रख दी हैं। ये शर्तें हैं- ईरान के वैध अधिकारों को मान्यता देना, युद्ध के नुक़सान की भरपाई करना और भविष्य में फिर से हमला न करने की ठोस अंतरराष्ट्रीय गारंटी देना। ईरान की तरफ़ से ये शर्तें तब आई हैं जब यह युद्ध अब अपना 13वां दिन पूरा कर रहा है और दोनों तरफ़ से हवाई हमले जारी हैं।

इसी बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके ये शर्तें बताईं। राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने लिखा, 'रूस और पाकिस्तान के नेताओं से बात करके मैंने इलाके में शांति के लिए ईरान की प्रतिबद्धता दोहराई है। इसराइल और अमेरिका द्वारा शुरू किए गए इस युद्ध को ख़त्म करने का एक ही रास्ता है वो है ईरान के वैध अधिकारों को मान्यता देना, युद्ध के नुक़सान की भरपाई करना, और भविष्य में फिर से हमला न करने की ठोस अंतरराष्ट्रीय गारंटी देना।'

## संजय कपूर विवाद में ननद-भाभी की कानूनी जंग शुरू, मंदिरा कपूर की अर्जी पर प्रिया सचदेव कपूर को नोटिस; मांगे दस्तावेज

» मंदिरा कपूर की अर्जी पर प्रिया सचदेव कपूर को नोटिस।
» अदालत ने प्रिया से दस्तावेज पेश करने का जवाब मांगा।
» मानहानि शिकायत से जुड़ा है यह कानूनी मामला।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस स्थित अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने दिवंगत उद्योगपति संजय कपूर की बहन मंदिरा कपूर की ओर से दायर अर्जी पर संजय की पत्नी प्रिया सचदेव कपूर को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। मंदिरा ने अर्जी दायर कर प्रिया से दस्तावेज पेश करने की मांग की है। यह अर्जी संजय की पत्नी प्रिया सचदेव कपूर द्वारा दायर आपराधिक मानहानि शिकायत से जुड़ी है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) सिद्धांत सिहाग की अदालत में हुई। अदालत ने आवेदन पर प्रारंभिक दलीलें सुनने के बाद मामले को आगे की सुनवाई और बहस के लिए 30 मार्च की तारीख तय की है।


**कुछ दस्तावेज रिकॉर्ड पर लाए जाने जरूरी**

सुनवाई के दौरान मंदिरा कपूर अदालत में पेश हुई और उन्होंने प्रिया सचदेव कपूर की ओर से दायर मानहानि शिकायत पर अपना जवाब दाखिल किया। इसके साथ ही उनके अधिवक्ता अमित प्रसाद ने एक आवेदन भी दायर किया, जिसमें कहा गया कि मानहानिकारक बयान को अलग-थलग करके नहीं देखा जाना चाहिए और मामले से जुड़े कुछ दस्तावेज रिकॉर्ड पर लाए जाने आवश्यक हैं।

वहीं, प्रिया सचदेव कपूर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने इस अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि कार्यवाही अभी नोटिस के चरण में है, ऐसे में दस्तावेज पेश करने का निर्देश देने की मांग इस समय स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि इस चरण पर ऐसे आवेदन का कोई औचित्य नहीं बनता।

**शिकायत से कोई सीधा संबंध नहीं**

अधिवक्ता ने यह भी दलील दी कि प्रस्तावित आरोपित मंदिरा कपूर ने बयान से इन्कार नहीं किया है और न ही यह कहा है कि सामग्री से छेड़छाड़ या बदलाव किया गया है। इसलिए दस्तावेजकी मांग इस समय प्रासंगिक नहीं है और यदि आवश्यकता हो तो आरोप तय होने के चरण पर की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन दस्तावेज की मांग की गई है, वे संपत्ति, ट्रस्ट और अन्य विषयों से जुड़े हैं, जिनका मौजूदा मानहानि शिकायत से कोई सीधा संबंध नहीं है और इनमें से कई जानकारी पहले से सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है।



**प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का प्रयास**

प्रिया सचदेव कपूर ने मंदिरा कपूर और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत दायर करते हुए आरोप लगाया है कि पाडकास्ट, इंटरनेट मीडिया पोस्ट, मीडिया इंटरव्यू और आनलाइन प्रकाशित सामग्री के जरिए उनके खिलाफ झूठे और भ्रामक आरोप लगाए गए, जिससे उनकी सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचा। शिकायत में कहा गया है कि ये बयान ऐसे समय में दिए गए जब मामले अदालत में लंबित हैं और इन्हें तथ्यों के रूप में पेश कर उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया गया।

## सोशल मीडिया पर अदालत और न्यायाधीशों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी

- दो सगे भाई गिरफ्तार।

**प्रयागराज।** सोशल मीडिया पर अदालत और न्यायाधीश के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के मामले में कैंट पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की, लेकिन वे यह स्पष्ट नहीं कर सके कि उन्होंने ऐसा आपत्तिजनक कमेंट क्यों किया था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए दोनों भाई जालौन जिले के उरई थाना क्षेत्र के रूरा अड्डू और पिया निरंजनपुर गांव के निवासी हैं। उनकी पहचान दीपक कुमार और देविंदर कुमार के रूप में हुई है। दोनों भाई खेती का काम करते हैं।

मामले की जानकारी मिलने के बाद कैंट पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से संबंधित फेसबुक आईडी की जांच शुरू की। इसके लिए पुलिस ने स्व्ह्हड्डु से संपर्क कर फेसबुक आईडी के संबंध में विस्तृत जानकारी मांगी। जांच के दौरान दोनों भाइयों के नाम सामने आए, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।




पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों से पूछताछ की गई, लेकिन उन्होंने अभद्र टिप्पणी करने के पीछे कोई खास कारण नहीं बताया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और सोशल मीडिया गतिविधियों की भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोशल मीडिया पर किसी भी संस्था या न्यायपालिका के खिलाफ आपत्तिजनक या अभद्र टिप्पणी करना कानूनन अपराध है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## उत्तम सुरक्षा के लिए लोगों को संलग्न करें, शिक्षित करे और सशक्त बनाएँ

- सुरक्षा को कभी नजरअंदाज न करे- पी के सिंह।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।

**ब्यूरो प्रयागराज।** इफको फूलपुर इकाई में 55 वां राष्ट्रीय सुरक्षा अभियान का समापन समारोह अग्नि एवं सुरक्षा विभाग में सम्पन्न हुआ। इस वर्ष का विषय उन्नत सुरक्षा के लिए लोगों को संलग्न करें, शिक्षित करे और सशक्त बनाएँ है। महाप्रबंधक (इकाई प्रमुख) पी.के.सिंह ने कहा कि आज का दिन हमें सुरक्षा के महत्तव व जागरूकता की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के प्रति सचेत रहे और सुरक्षित कार्य करें, सुरक्षा को कभी भी नजरअंदाज ना करें। सुरक्षा उपकरणों, हेलमेट, सूट व गैजेट का अवश्य प्रयोग करें। फायर अलार्म एवं प्राथमिक सुरक्षा के बारे में जागरूक रहें। सुरक्षा को अपनी आदत एवं अपनी कार्य संस्कृति का हिस्सा बनाये।

उन्होंने कहा कि आप सभी लोग संकल्प करें कि सुरक्षा नियमों का पालन करेंगे, नये कर्मचारियों को शिक्षित करेंगे और सुरक्षा को जीवनचर्या का हिस्सा बनायेंगे। महाप्रबंधक तकनीकी रत्नेश कुमार ने कहा कि जानकारी अवश्य तुरंत साझा करें ताकि तय समय में अग्नि एवं सुरक्षा विभाग द्वारा दुर्घटना का निवारण किया जा सके। कार्य निष्पादन में सुरक्षा मानकों का अवश्य ध्यान रखें। मुख्य प्रबंधक अग्नि एवं सुरक्षा विभाग संजीव कुमार ने अग्नि एवं सुरक्षा विभाग की वार्षिक रिपोर्ट पेश की तथा बताया कि हम 1814 दिन दुर्घटना रहित कार्य करे रहें है जो हमारी उपलब्धि है। दुर्घटना निवारण हेतु 1173 टूल बाक्स इंस्टाल किये गये है। उन्होंने बताया कि अग्नि एवं सुरक्षा विभाग को गत वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद एवं ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल से अवार्ड प्राप्त हुए है। कार्यक्रम का संचालन विकास कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन अखिलेश निगम ने किया। इस दौरान संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः अरूण कुमार, एस.के. सिंह, ए.के.गुप्ता, डॉ सत्य प्रकाश, आर.पी.यादव, संदीप गोयल,विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव तथा बड़ी संख्या में इफको कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं एवं विभागों को पुरस्कृत किया गया।







## आगरा के हॉस्टल्स में बदला मेन्यू, अब फल और पैक्ड फूड मिलेगा; गैस बचाने को रेडीमेड नाश्ता खाएंगी छात्राएं

**आगरा।** प्रशासन दावे कर रहा है कि शहर में गैस की किल्लत नहीं है। पर्याप्त संख्या में गैस गोदाम पर सिलेंडर उपलब्ध हैं। लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों को खारिज करती है। शहर के छात्रावासों में गैस सिलेंडर की किल्लत है। आगरा कालेज बीएन हास्टल की मैस संचालिका रन्नो देवी बताती हैं कि उनके पास मैस में केवल दो ही सिलेंडर हैं। जिनका उपयोग हो रहा है। ये भी खाली होने की कगार पर हैं। तीन दिन पहले सिलेंडर बुक किया है। हॉकर सिलेंडर नहीं दे रहा है। ब्लैक में 2000 हजार की कीमत में मिल रहा है। मैस में सुबह-शाम 70 से 80 छात्रों का भोजन बनता है। आगे बहुत समस्या होगी । वहीं गृह विज्ञान हॉस्टल की इंचार्ज सुशीला शर्मा का कहना है कि हॉस्टल में कोआपरेटिव मैस है। हॉस्टल में 73 छात्राएं हैं और 10 कर्मचारी हैं। सभी का खाना बनता है। मैस में चार सिलेंडर हैं, दो का उपयोग हो रहा है। चार दिन में एक सिलेंडर खत्म हो जाता है। हॉकर ने दो सिलेंडर देने की बात कही है। फिर भी गैस का उपयोग कम हो इसके लिए अलग -अलग दिन, सुबह और शाम के नाश्ते को रेडीमेड किया गया है। सुबह नाश्ते में फूड्स, सलाद, जूस, अंकुरित अनाज और पैक पोहा दिया जा रहा है। शाम के नाश्ते में बिस्किट, नमकीन, ब्रेड, पैकेट फूड, चना दिया जा रहा है। यह बदलाव इसलिए किया गया है, ताकि गैस का उपयोग कम हो क्योंकि आगे परेशानी और बढ़ सकती है। इधर कालाबाजारी की बात भी खुलकर सामने आ रही है। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर का दाम बढ़कर 3000 रुपये तक पहुंच गया है। वहीं घरेलू गैस का सिलेंडर 2200 से 2500 में बेचा जा रहा है।

## सुबह 6 बजे से लाइन, घंटों इंतजार... दिल्ली में पिंक कार्ड के चक्कर में महिलाओं का हाल बेहाल





- दिल्ली में महिलाओं को एसी बसों में मुफ्त यात्रा के लिए पिंक कार्ड बनवाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
- भीषण गर्मी में सुबह 6 बजे से लंबी कतारें लग रही हैं।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की AC बसों में फ्री सफर की सुविधा का फायदा उठाने की चाहत अब महिलाओं के लिए बड़ी परेशानी खड़ी कर रही है। भीषण गर्मी और लू के बीच पिंक कार्ड बनाने के लिए दिल्ली भर के 50 सेंटरों पर जो नजारा दिख रहा है, वह दावों के उलट जमीनी हकीकत को सामने ला रहा है।

**कार्ड सुबह 9 बजे बनना शुरू**

नियमों के मुताबिक, कार्ड सुबह 9 बजे बनना शुरू हो जाता है, लेकिन टोकन कम होने की वजह से महिलाओं को झंडेवालान SDM ऑफिस, कश्मीरी गेट और ईस्ट दिल्ली डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ऑफिस जैसे सेंटरों के बाहर सुबह 6 बजे से ही लाइन में लगना पड़ रहा है। घंटों इंतजार के बाद भी टेक्निकल दिक्कतें महिलाओं की परेशानी बढ़ा रही हैं। कहीं OTP में देरी हो रही है, तो कहीं जानकारी के अभाव में बुजुर्ग महिलाओं को घंटों चिलचिलाती धूप के बाद खाली हाथ घर लौटना पड़ रहा है।

**प्रोसेस को ऑनलाइन न करना सरकार की बड़ी गलती**

कामकाजी महिलाओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि डिजिटल इंडिया के दौर में वोटर कार्ड प्रोसेस की तरह इस प्रोसेस को ऑनलाइन न करना सरकार की बड़ी गलती है। ऑफलाइन प्रोसेस से उनका पूरा दिन खराब हो रहा है। इसके बाद भी कार्ड जारी नहीं हो रहा है। मंगोलपुरी और सुल्तानपुरी जैसे इलाकों में तो हालत और भी चिंताजनक है। रोहिणी सेक्टर 3 की सीमा, सुनीता और कांता का कहना है कि अगर पिंक कार्ड ऑनलाइन मिल जाता, तो उन्हें यह परेशानी नहीं उठानी पड़ती।

## संक्षिप्त खबरें

### शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन द्वारा स्काउट भवन बस्ती में शैक्षिक नवाचार कार्यशाला सम्पन्न




**बस्ती।** बस्ती जिले में शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन द्वारा स्काउट भवन बस्ती में शैक्षिक नवाचार कार्यशाला का आयोजन किया गया शैक्षिक नवाचार कार्यशाला में शिक्षकों ने अपने अपने नवाचारों का प्रस्तुतिकरण किया। कार्यशाला में सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, शिक्षा गीत , प्रस्तुत किये गए। शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने अपने विषय गत नवाचारों का प्रस्तुतिकरण किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन द्वारा विषयगत कार्य शालाओं का आयोजन सराहनीय है । आपके द्वारा किये गये कार्य बहुत ही अच्छे है ।सफल कार्यशाला आयोजन हेतु शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन टीम बधाई की पात्र है, शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन मण्डल अध्यक्ष श्रुति त्रिपाठी ने शैक्षिक नवाचारों व एसोसिएशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सभी शैक्षिक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन जिला अध्यक्ष बस्ती अमर चन्द्र वर्मा ने सभी अतिथियों व नवाचारी शिक्षक शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का कुशल संचालन पंकज चौधरी ने किया, कार्यक्रम में वर्षा चौहान, सावित्री त्रिपाठी, मिथलेश, राम लखन मौर्य, शेष दत्त, अजय श्रीवास्तव, माधुरी त्रिपाठी,आदि शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

### बनकटी ब्लॉक के सिसवा पांडेय में मनरेगा बना भ्रष्टाचार और लूट का अड्डा, 89 मजदूरों के नाम पर फर्जी मस्टरोल का खेल




**बस्ती।** बस्ती जनपद के बनकटी विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिसवा पांडेय में मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और धांधली का मामला सामने आया है। यहां 89 मजदूरों के नाम पर फर्जी मस्टरोल भरकर सरकारी धन के बंदरबांट का आरोप लगाया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कागजों में मजदूरों की हाजिरी लगाकर भुगतान निकाल लिया जा रहा है, जबकि कई मजदूरों ने बताया कि उन्होंने कोई काम ही नहीं किया है। इसके बावजूद उनके नाम से मस्टरोल में हाजिरी लगाकर पैसा निकाल लिया गया। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत में चल रहे मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता पूरी तरह से गायब है। कई स्थानों पर काम धरातल पर नजर नहीं आता, लेकिन कागजों में काम पूरा दिखाकर मजदूरी का भुगतान किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पूरे मामले में जिम्मेदार अधिकारी भी अनदेखी कर रहे हैं, जिससे भ्रष्टाचार करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

### उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए : एडीजी

**कानपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर जोन आलोक सिंह ने आज वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से कानपुर जोन के राजपत्रित व अराजपत्रित अधिकारियों के साथ मीटिंग की। मीटिंग में अन्य मुद्दों के अतिरिक्त 14 मार्च को होने जा रही दरोगा भर्ती परीक्षा को लेकर दिशा निर्देश जारी किए गए। उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस / समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा दिनांक 14.03. 2026 व 15.03.2026 को सम्पन्न होने के दौरान शुचिता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा अभ्यर्थियों की प्रवेश द्वार पर सघन जांच की जाए, जिससे कि किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक या अनुचित सामग्री परीक्षा कक्ष में न ले जाई जा सके। प्रश्नपत्रों की गोपनीयता एवं सुरक्षित वितरण पर विशेष ध्यान दिया जाए और परीक्षा प्रक्रिया के दौरान सीसीटीवी निगरानी एवं उड़नदस्ता टीमों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाए। किसी भी प्रकार की नकल, अनियमितता या संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल कठोर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं परीक्षा से जुड़े अधिकारियों के बीच समुचित समन्वय स्थापित करते हुए परीक्षा को पूर्णतः शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं शुचितापूर्वक सम्पन्न कराया जाए। साथ ही विगत परीक्षाओं में सॉल्वर गैंग एवं अनियमितता के विरूद्ध पंजीकृत अभियोगों में नामित / प्रकाश में आये अभियुक्तों पर सतर्क दृष्टि बनाएं रखने व किसी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध तत्काल कठोर विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

# पचपेड़वा में रसोई गैस को लेकर हाहाकार, उपभोक्ताओं ने लगाया कालाबाजारी का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** क्षेत्र में इन दिनों रसोई गैस को लेकर उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गैस सिलेंडर के लिए लोगों को दर-दर भटकना पड़ रहा है, वहीं फुटकर दुकानदारों द्वारा कालाबाजारी कर उपभोक्ताओं से मनमाने दाम वसूलने के आरोप भी सामने आ रहे हैं। मंगलवार को भारत गैस एजेंसी बनघुसरी, पचपेड़वा पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतार लग गई। लोगों को जानकारी मिली थी कि सोमवार शाम को गैस का एक ट्रक एजेंसी पर पहुंचा है, जिसके बाद सैकड़ों उपभोक्ता सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी पर पहुंच गए। लाइन में लगे उपभोक्ता सब्बू खान, निजाम, अजय, अखिलेश, तुलसीराम पांडे, सत्य प्रकाश गुप्ता, आशिक अली, सुधीर कुमार, सलीम, बबलू समेत कई लोगों ने आरोप लगाया कि गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की जा रही है। उनका कहना था कि गैस का ट्रक एजेंसी पर पहुंचते ही कुछ ही समय में सिलेंडर खत्म होने की बात कह दी जाती है, जबकि कई सिलेंडर अलग रखकर ब्लैक मार्केटिंग के लिए भेज दिए जाते हैं।

उपभोक्ताओं का कहना है कि वे सुबह से ही लाइन में लगे हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इससे लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिला। वहीं इस संबंध में एजेंसी मालिक के पति नईम खान ने बताया कि सोमवार को गैस का एक ट्रक आया था, जिसमें 342 सिलेंडर थे। इन सिलेंडरों का वितरण सोमवार शाम से लेकर देर रात तक जनरेटर चलाकर उपभोक्ताओं को किया गया है। उन्होंने कहा कि अब अगली खेप आने पर ही गैस उपलब्ध कराई जा सकेगी। हालांकि उपभोक्ताओं का कहना है कि रात में गैस वितरण करने का कोई निर्धारित नियम नहीं है, ऐसे में देर रात तक वितरण किए जाने को लेकर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कराकर गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने तथा कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग की है, ताकि आम उपभोक्ताओं को समय पर रसोई गैस उपलब्ध हो सके।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से महिला घायल

**आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** जिले में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक महिला के घायल होने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता सुनीता पत्नी निवासी क्षेत्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 18 फरवरी 2026 को शाम करीब 7 बजे वह एनएच-44 के पास मौजूद थीं। इसी दौरान एक तेज रफ्तार वाहन यू.पी.94 आर 4446 के चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों द्वारा उन्हें उपचार के लिए ले जाया गया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की, जिसके बाद 11 मार्च 2026 को थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली।

## बस्ती में सरकारी जमीन पर पक्का निर्माण! लेखपाल पर मिलीभगत का आरोप, CM पोर्टल पर शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष महंथ गिरिजेश दास ने आईजीआरएस के द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करके बस्ती सदर तहसील के ग्राम रामपुर मेडिकल कालेज के पीछे थाना मुण्डेरवा के गाटा सं0-333म/0.0240 भूमि पर तत्कालीन लेखपाल शीला प्रजापति के द्वारा विपक्षी से मिलकर अवैध कब्जा कराकर अवैध निर्माण कराये जाने का आरोप लगाते हुये लेखपाल के विरूद्ध कार्रवाई और अवैध कब्जे को खाली कराये जाने की मांग किया है. शिकायती पत्र में महंथ गिरिजेश दास ने कहा है कि बस्ती सदर तहसील के ग्राम रामपुर, थाना मुण्डेरवा के गाटा सं0 333म पर तत्कालीन लेखपाल शीला प्रजापति की मिली भगत से उक्त कीमती भूमि पर माह जून 2025 में रामपुर निवासी इबरार पुत्र ऐश मोहम्मद से गाटा सं0-333म पर निजी लाभ हेतु तत्कालीन लेखपाल ने अवैध कब्जा कराकर पक्का निर्माण करा दिया.भ्रमण के दौरान ग्रामीणों व हिन्दू जनता के लोगों द्वारा उन्हें बताया गया कि तत्कालीन लेखपाल के द्वारा अपने हल्का क्षेत्र में अपने कार्यकाल में तमाम लोगों को ग्राम समाज व सरकार की जमीनों पर अवैध कब्जा करा दिया गया है. ग्रामीणों के सूचना व समाचार पत्रों में गाटा सं0-333म के सम्बन्ध में हो रहे अवैध निर्मण के सम्बन्ध में प्रकाशन के बावजूद भी नहीं रोका गया. उन्होने मांग किया है कि प्रकरण जनहित व सरकार हित में है. सरकार की क्षति हो रही है. प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराकर अवैध कब्जे में शामिल तत्कालीन लेखपाल व दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कराते हुये अवैध कब्जे को खाली कराया जाय।

## ब्लॉक संसाधन केंद्र गौरीगंज में 'हमारा आंगन-हमारे बच्चे' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**अमेठी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र गौरीगंज में 'हमारा आंगन-हमारे बच्चे' कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नायब तहसीलदार गौरीगंज अनुश्री त्रिपाठी, बाल विकास परियोजना अधिकारी संतोष कुमार गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह तथा एडीओ कौशलेंद्र चंदेल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परिषदीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति से हुई। इसके पश्चात बच्चों ने योग प्रदर्शन, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव पर आधारित नाटक तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में पूर्व-प्राथमिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना होगा, जिससे बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा मिल सके। नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी ने परिषदीय विद्यालयों में हो रहे सकारात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता लगातार बेहतर हो रही है और वे स्वयं भी अपने बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालय में कराने के लिए प्रेरित हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी संतोष कुमार गुप्ता ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और शिक्षकों से समन्वय स्थापित कर पूर्व-प्राथमिक शिक्षा को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के बौद्धिक और सामाजिक विकास की मजबूत नींव होती है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न न्याय पंचायतों द्वारा पूर्व-प्राथमिक शिक्षा से संबंधित टीएलएम (शैक्षिक सामग्री) तथा अंडर-बॉक्स आदि के स्टॉल भी लगाए गए, जिन्हें अतिथियों एवं उपस्थित जनों ने सराहा। इस मौके पर आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित उत्कृष्ट बच्चों तथा प्रत्येक न्याय पंचायत से चयनित निपुण बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को सफल बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एआरपी हरिकेश, अरविंद, विष्णुकांत, बद्री विशाल, प्रमोद तिवारी, विवेक शुक्ला, आलोक, अश्वनी, अमित, ओमेंद्र, श्रीराम सोनी, अभिषेक, विशाल, अर्चना सहित अन्य शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री को भेंट किया गया बलरामपुर का नया आधिकारिक लोगो

**●विरासत, सामंजस्य और प्रगति का प्रतीक बना जिला चिह्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने आदिशक्ति मां पाटेश्वरी देवीपाटन मंदिर में बलरामपुर जिले का नया आधिकारिक लोगो (चिह्न) मुख्यमंत्री को भेंट किया। मुख्यमंत्री ने जिले की पहचान को दर्शाने वाले इस प्रयास की सराहना की। जिले के लिए तैयार किया गया यह लोगो केवल एक प्रतीक चिन्ह नहीं, बल्कि बलरामपुर की सांस्कृतिक विरासत, कृषि प्रधानता और प्राकृतिक संपदा को एक साथ दर्शाने का प्रयास है। इसमें जिले की आस्था, पर्यावरण और विकास की झलक दिखाई देती है। लोगो में दर्शाया गया गन्ने का डंठल जिले की मजबूत कृषि पहचान और प्रदेश के प्रमुख गन्ना उत्पादक क्षेत्र के रूप में इसकी समृद्धि को दर्शाता है। वहीं दिव्य नेत्र और तिलक शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर से जुड़ी आस्था और आध्यात्मिक महत्व का प्रतीक हैं। लोगो के निचले हिस्से में बनी नीली तरंगें राप्ती नदी का चित्रण करती हैं, जो जिले की जीवनरेखा मानी जाती है और क्षेत्र की उपजाऊ भूमि तथा लोगों के जीवन को पोषित करती है। इसके साथ ही बाघ के पंजे का चिन्ह सोहेलवा वन्यजीव अभयारण्य की समृद्ध जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिले की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पूरे लोगो को अंग्रेजी के अक्षर 'क्ष' के आकार में तैयार किया गया है, जो बलरामपुर के नाम के साथ-साथ आस्था, उर्वरता और प्राकृतिक सामंजस्य की पहचान को दर्शाता है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस नए लोगो का उपयोग अब डिजिटल प्लेटफॉर्म, जिला स्तरीय आयोजनों और सार्वजनिक प्रदर्शनों में जिले की ब्रांडिंग के लिए किया जाएगा। इससे नागरिकों में जिले के प्रति गौरव की भावना बढ़ेगी और बलरामपुर की पहचान एक प्रगतिशील तथा सांस्कृतिक रूप से समृद्ध जिले के रूप में और मजबूत होगी।

## महिला के खेत में पानी की बोल तोडने़ पर तीन लोगों ने की मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली ललितपुर पुलिस स्टेशन में एक मामला दर्ज किया गया है जिसमें तीन लोगों ने एक महिला के खेत में पानी की बोल तोडने़ पर मारपीट की। यह घटना 10 मार्च 2026 को रात 8.30 बजे पेश दरवाजा वादिया ग्राम, जामुनधाना खुर्द में हुई। शिकायतकर्ता ग्राम जामुनधाना खुर्द निवासी विनीता पत्नी भान सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके खेत में पानी की बोल मोहन पुत्र परशु, कपिल पुत्र मोहन और मानकुंवर पत्नी मोहन डाले हुए थे। शिकायतकर्ता के खेत से और भी गांव वालों के ट्रैक्टरों का आना जाना था। उक्त लोगों की बोले टूट गई 10 मार्च 2026 रात्रि 08.30 बजे उक्त लोग शिकायतकर्ता के घर शराब पीकर लाठी डंडा लेकर आये और कहने लगे कि तुम लोगो ने हमारे पानी के पाइप क्षतिग्रस्त करें। शिकायतकर्ता के परिवार ने कहा कि हम लोगो ने तुम्हारे पाइप क्षतिग्रस्त नहीं किये। इतना सुनते ही उक्त तीनों शिकायतकर्ता और परिवार को वहन की गंदी गंदी गालिया देने लगे मना करने पर मारपीट करने लगे। शिकायतकर्ता के देवर सोबत सिंह पुत्र करन सिंह को लाठी डंडे से मारा और जिससे हाथ की उंगली क्षतिग्रस्त हो गई और मुंह भी मारा जिससे मुंह से खून भी गिरा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115(2) और 351(3) के तहत दर्ज किया गया है।

## समारोहपूर्वक एनएसएस शिविर का हुआ शुभारंभ

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय अझारा लालगंज में गुरूवार से सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का समारोहपूर्वक आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ0 शिवमूर्ति शास्त्री एवं महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के संरक्षक प्रकाशचंद्र मिश्र द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में शिविरार्थियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक कार्यक्रम नहीं बल्कि यह युवाओं को समाज सेवा व राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। अध्यक्षता कर रहे संरक्षक प्रकाशचंद्र मिश्र ने शिविरार्थियों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 लक्ष्मीकांत द्विवेदी ने बताया कि सात दिवसीय शिविर का आयोजन खजुरी ग्राम पंचायत में किया गया है। उन्होने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

## थाल्हापार में प्रतिबंधित महुआ के पेड़ की हुई अवैध कटान, सूचना के बाद भी कार्यवाही के नाम पर डीएफओ की ना नुकूर जारी

**●-डीएफओ जैसे जिम्मेदार अधिकारी भी कार्यवाही के नाम से हट रहे पीछे , ऐसे में पर्यावरण संरक्षण पर सवाल उठना लाजिमी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिलेमें सरकार भले ही वृक्षारोपण व पर्यावरण संरक्षण का ढोल पीटे पर वन विभाग के जिम्मेदार सरकारी मंशा पर पानी फेरने में जरा सा भी कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं क्योंकि वन विभाग के डीएफओ जैसे जिम्मेदार अधिकारी को सूचना देने के बाद भी यदि उनका अधीनस्थ कार्यवाही के नाम पर ना नूकूर करे तो इसे आकंठ भ्रष्टाचार के अलावा और कुछ कहना लाजिमी नहीं होगा।

मिली जानकारी के अनुसार लालगंज थाना के थाल्हापार में प्रतिबंधित महुआ के पेंड़ की कटान वन विभाग व लकड़ी माफियाओं की मिली भगत से की गयी जिसका वीडियो सोशलमीडिया के माध्यम से जनपद के गली - कूचों में घूमने लगा । मामले की भनक जब जनता के माध्यम से वन विभाग को लगी तो वह पहले तीन चार दिन धनादोहन के चक्कर में शान्त रहा और उचित समय तलाश कर लकड़ी को उठवा दिया । वन विभाग की जब मीडिया टीमों से सामना होना शुरू हुआ तो डीएफओ जैसे वन विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी भी अपनी जिम्मेदारी से बचते व साक्ष्य छुपाते नजर आए हद तो तब हो गयी जब डीएफओ बस्ती अपने अधीनस्थ से कार्यवाही रिपोर्ट चौबीस घंटा बीतने के बाद भी नहीं ले पायीं । खबर लिखे जाने तक डीएफओ व उनकी टीम किसी ठोस नतीजे पर पहुँचने के बजाय लीपापोती में ही उलझे हुए हैं ।

## होम टैक्स लगाने को लेकर सभासदों ने ई0 ओ0 को सौपा ज्ञापन

**●बिना सुविधा के नगर पंचायत में होम टैक्स लगाने पर भड़के सभासदनगर पंचायत कप्तानगंज में होम टैक्स लगाने से पहले उपलब्ध हो सारी सुविधाएं - सभासद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज वर्तमान समय में नगर पंचायत कप्तानगंज में होम टैक्स के नाम पर काफी असमंजस तथा रोष की स्थिति बनी हुई हुई है नगर पंचायत वासियों का कहना है कि नगर पंचायत के द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा जैसे- नाली, सड़क पानी सीवर आदि की सुविधा ठीक प्रकार से तथा पूर्ण रूप से उपलब्ध नही कराया गया है तो फिर होम टैक्स के नाम पर वसूली की शुरुआत क्यों की जा रही है ? सदन को भी अंधेरे में रखकर आप द्वारा या किसी अन्य द्वारा लिया गया है। हम सदस्य गण को या तो जानकारी नहीं ही नहीं है। या तो आधी - अधूरी जानकारी केवल आप द्वारा सदन में सही तथ्यों को छिपाकर प्रस्ताव कर लिया गया है यदि ऐसा हुआ है तो हम सदस्य गण इस टैक्स का विरोध करते हैं और अग्रिम समप तक रोकने तथा पुर्नविचार की आपसे आग्रह करते हैं। क्योंकि हम लोगो के बिना जानकारी के ऐसा किया गया है जो कि नगर पंचायत के निवासियों के हित में नही है। टैक्स के नाम पर भारी भरकम धनराशि थोप दिया गया है जो रसीद मकान मालिक को दिया गया है उसमे किसी का नाम गलत है तो किसी दूसरे का का मकान किसी दूसरे के नाम दर्ज कर दिया गया है छोटे-छोटे घरों पर भी भारी भरकम टेक्स की धनराशि लगायी गयी है जो पूरी तरह शासनादेश के खिलाफ है । सभासदों ने अधिशासी अधिकारी (ई0 ओ0 ) शिव प्रताप सिंह सिंह को ज्ञापन सौंपकर उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एक बार पुनः विचार करने की मांग की है । अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कप्तानगंज शिव प्रताप सिंह को ज्ञापन देते समय सूर्य मणि चौधरी , रामजीत चौधरी, लक्ष्मी त्रिपाठी , फूलकला , रत्नावली , आशा देवी ,अश्वनी वर्मा आदि सभासद गण उपस्थित रहे ।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट, सड़क सुधार कार्यों तथा यातायात नियमों के कड़ाई से अनुपालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, रोड पैच सुधार, रिफ्लेक्टर एवं रोड मार्किंग के कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएं तथा जहां कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनका भौतिक सत्यापन भी सुनिश्चित किया जाए, बैठक में स्कूली वाहनों एवं बसों की नियमित जांच, फिटनेस एवं आवश्यक दस्तावेजों की जांच तथा 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने ड्रिंक एंड ड्राइव, बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।इसके साथ ही सड़क किनारे उगी झाड़ियों की कटाई कर दृश्यता बढ़ाने, टोल प्लाजा पर कांटा, क्रेन, कटर व एम्बुलेंस की उपलब्धता, तथा प्रमुख चौराहों पर प्रकाश व्यवस्था, संकेतक एवं चेतावनी बोर्ड दुरुस्त रखने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि चालान एवं जुर्माना की कार्रवाई प्रभावी ढंग से की जाए, साथ ही जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड रमेश चंद्र, एआरटीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, बीएसएम संजय तिवारी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत नन्दौर में आयोजित हुई ग्राम चौपाल, ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जनसमस्याओं के त्वरित समाधान तथा शासन की योजनाओं को गांव स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत नन्दौर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया ने की। चौपाल के दौरान उप जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान तथा उपस्थित ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने विभिन्न विषयों से जुड़ी समस्याओं को रखा, जिनमें विशेष रूप से राजस्व संबंधी मामलों पर चर्चा की गई। उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर राजस्व विभाग से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम भी उपस्थित रही, जिन्होंने ग्रामीणों से भूमि, खसरा-खतौनी, सीमांकन तथा अन्य राजस्व कार्यों से जुड़ी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। उप जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को उनके गांव में ही सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने ग्रामीणों से शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने तथा किसी भी समस्या की जानकारी समय पर प्रशासन को देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे और प्रशासन द्वारा आयोजित इस पहल की सराहना की।

## मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारी, गंभीर रूप से घायल

**ललितपुर।** कोतवाली ललितपुर पुलिस स्टेशन में एक मामला दर्ज किया गया है जिसमें एक महिला ड्राइवर ने एक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना 15 फरवरी 2026 को शाम 5 बजे महेशपुरा ककरआ पुलिया के पास हुई। शिकायतकर्ता मोहल्ला बड़ापुरा निवासी साजिया बानो पत्नी अब्दुल आबिद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका पति अब्दुल आबिद मोटरसाइकिल से ललितपुर से जाखलौन की तरफ जा रहा था। उसी समय पीछे से एक तेज गति से आ रही चार पहिया वाहन संख्या डीएल 12 सी.एच. 0597 ने उसके पति की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में शिकायतकर्ता के पति अब्दुल आबिद के सर में गंभीर चोटें आई हैं, बांये पैर की 4 हड्डी टूट गई है, और सीने में भी गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें इलाज के लिए झांसी रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। मामला बीएनएस की धारा 281 और 125(बी) के तहत दर्ज किया गया है।

## बस्ती में बन रही अंतरिक्ष प्रयोगशाला, डिजिटल लाइब्रेरी और अंबेडकर पार्क, छात्रों को मिलेगा फायदा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के नगर पंचायत नगर की अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने बुधवार को क्षेत्र की अनेक परियोजनाओं का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने अटल नगर वार्ड स्थित निर्माणधीन नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया. इन्होंने इसे मार्च तक हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया. इसे इको फ्रेंडली बनाने का सुझाव दिया. श्रीमती राना इसके बाद राजा उदय प्रताप नगर वार्ड में बन रहे अंतरिक्ष प्रयोगशाला और डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया. उन्होंने दोनों महत्वाकांक्षी योजनाओं को भी मार्च के अंतिम सप्ताह तक पूरा करने का निर्देश दिया जिससे विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलना शुरू हो जाए. इसे वाई फाई और सोलर सिस्टम से जोड़ने निर्देश भी दिया नगर पंचायत अध्यक्ष ने भगत सिंह नगर वार्ड में निर्माणाधीन अंबेडकर पार्क और गुरु प्रसाद नगर वार्ड में बन रहे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया. इन दोनों परियोजनाओं में ठेकेदार ने बताया कि शासन द्वारा दूसरी किस्त नहीं मिलने के कारण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है. श्रीमती राना ने निर्देश दिया कि शासन से समन्वय स्थापित कर धन अवमुक्त कराने की कार्यवाही की जाए और शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करा लिया जाए.अध्यक्ष ने जनता की मांग पर नगर कप्तानगंज मार्ग पर एक शौचालय कॉप्लेक्स बनवाने का आश्वाशन दिया. नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा. उन्होंने कहा कि नगर को देश का मॉडल नगर पंचायत बनाने प्रयास जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### दिनदहाड़े जेब कतरों ने, किसान के बैग से 50 हजार किए पार

**खाते से 2 लाख रुपये निकालने आए किसान के पचास हजार उडाएं**





**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के डाकघर में गुरुवार को दिनदहाड़े जेबकतरों ने एक किसान के बैग को काटकर करीब 50 हजार रुपये पार कर दिए। घटना से डाकघर परिसर में हड़कंप मच गया। नोहरी का पुरवा मजरे सातनपुर गांव निवासी श्रीकृष्ण यादव ने बताया कि वह अपने बीमार रिश्तेदार के इलाज के लिए खाते से रुपये निकालने डाकघर आए थे। उन्होंने काउंटर से कई बार में कुल दो लाख रुपये निकाले और बैग में रख लिए। कुछ देर बाद वह डाकघर परिसर के अंदर ही रुपये गिनने लगे। तभी उन्होंने देखा कि उनका बैग पीछे से कटा हुआ है। बैग में रखी 500 रुपये की एक गड्डी यानी करीब 50 हजार रुपये गायब थे। पीड़ित किसान ने आशंका जताई कि उसके पीछे खड़ी दो अज्ञात महिलाओं ने बैग काटकर रुपये निकाल लिए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने डाकघर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### जनपद में गैस एजेंसियों में सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध:- एडीएम




**रायबरेली:-** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ व अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने शहर में स्थित विभिन्न गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया।निरीक्षण कर उपलब्ध स्टाक, वितरण व उपभोक्ताओं द्वारा की गई बुकिंग इत्यादि की अभिलेखों की जांच की गई। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में समस्त गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, उपभोक्ताओं को उनके द्वारा की गई बुकिंग के अनुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। जनपद में कही पर भी गैस सिलेंडर की कोई समस्या नहीं है। इसी क्रम में जनपद की समस्त तहसील क्षेत्र में उप जिलाधिकारियों द्वारा गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया गया एवं उपलब्ध स्टाक व व्यवस्थाओं को परखा गया, जिससे कही पर भी उपभोक्ताओं को कोई समस्या उत्पन्न न हो।

### संघ कार्यालय में होली मिलन समारोह में फाग गीतों पर झूमे लोग




**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के घोसियाना मोहल्ला स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में लोगों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शिवम सोनी की अगुवाई में सराय बैरिहाखेड़ा से आई फाग मंडली ने ढोल नगाड़ों की थाप पर पारंपरिक होली गीत प्रस्तुत किए।

फाग गीतों पर मौजूद लोग झूम उठे और माहौल पूरी तरह से होली के रंग में रंग गया।कार्यक्रम के दौरान संघ कार्यकर्ताओं की ओर से फाग मंडली के कलाकारों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन विमल गुप्ता ने किया। इस मौके पर जिला प्रचारक अजीत, अनंत बाजपेई, शीतला अग्रहरि, इंद्रेश सिंह, राजेश सोनी, मयंक, अनिल शर्मा, अविनाश, सचिन रस्तोगी, देशराज, शिव कुमार, गंगा, पवन सिंह, राहुल, अमन, रजनू , रोहितऔर पवन द्विवेदी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# लखनऊ पूर्वी जोन पुलिस की सघन बैंक चेकिंग, सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

**स्वतंत्र प्रभात**


**विकास नगर-लखनऊ।** शहर में अपराध और आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पूर्वी जोन पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान डीसीपी ईस्ट शशांक सिंह के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत बैंक शाखाओं की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और संभावित आपराधिक घटनाओं की रोकथाम पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों जीतेन्द्र सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारियों की टीमों ने अपने-अपने क्षेत्र में स्थित बैंकों का निरीक्षण किया। इस दौरान बैंक परिसर, एटीएम कक्ष, पार्किंग स्थल और आसपास के क्षेत्रों की गहन जांच की गई। पुलिस ने बैंक कर्मचारियों और सुरक्षा गार्डों से बातचीत कर सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधन को







निर्देश दिया कि बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह सक्रिय रहें और उनकी रिकॉर्डिंग नियमित रूप से सुरक्षित रखी जाए। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को देने के लिए कहा गया।

चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने बैंक परिसरों में मौजूद लोगों की गतिविधियों पर भी नजर रखी और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की।

इसके अलावा एटीएम बूथों की सुरक्षा, अलार्म सिस्टम और गार्ड की तैनाती का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और बैंक से जुड़ी किसी भी आपराधिक घटना को रोकने के लिए इस तरह के चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। पूर्वी जोन पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## पहल फाउंडेशन के तत्वावधान में मुन्नन शुक्ला का सम्मान समारोह

**● अध्यक्ष गंगाराम राजपूत व अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव की गरिमामयी उपस्थिति में मुन्नन शुक्ला का सम्मान**

**स्वतंत्र प्रभात**

**सिधौली (सीतापुर),** 12 मार्च 2026 आदर्श नगर पंचायत सिधौली के नरोत्तम नगर उत्तरी वार्ड से लगातार चौथी बार सभासद निर्वाचित होकर जनसेवा की मिसाल कायम करने वाले मुन्नन शुक्ला को बार एसोसिएशन सिधौली का निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने जाने के उपलक्ष्य में गुरुवार को हरियाली मैरिज हॉल, सिधौली में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पहल फाउंडेशन के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं प्रदान कीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के मुख्य अतिथि आदर्श नगर पंचायत सिधौली के अध्यक्ष गंगाराम राजपूत रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी एवं शिक्षाविद् डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि गंगाराम राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि मुन्नन शुक्ला ने जनप्रतिनिधि के रूप में सदैव जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाई है। लगातार चार बार सभासद चुना जाना उनके प्रति जनता के विश्वास और लोकप्रियता का प्रमाण है। वहीं, बार एसोसिएशन सिधौली के निर्विरोध उपाध्यक्ष के रूप में उनका चयन उनकी नेतृत्व क्षमता और सामाजिक स्वीकार्यता को दर्शाता है। विशिष्ट अतिथि रेणुका यादव ने भी मुन्नन शुक्ला को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधि समाज और प्रशासन



के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हैं, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलती है। इस अवसर पर जयराम नगर ग्राम पंचायत के प्रधान चंद्रभाल राजपूत, राजकुमार (राजू लाल), समाजसेवी नीतू वर्मा, अनूप बाजपेई, मटरू जायसवाल, लवी वर्मा, मनीष जायसवाल, वकील हाशमी, लवकुश राजपूत सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## सोने के आभूषण चोरी के मामले में 19 वर्षीय युवक गिरफ्तार

**● 4 सोने के कंगन बरामद**

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखनऊ,** पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के गाज़ीपुर थाने की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घर से सोने के आभूषण चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपनी सह-आरोपी (जो फरार है) की मदद से शिकायतकर्ता के घर से 04 सोने के कंगन, 02 सोने की झुमकियाँ और 01 सोने का मंगलसूत्र चुराया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 04 सोने के कंगन बरामद कर लिए हैं, जबकि फरार महिला आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के के अनुसार, गाज़ीपुर थाना पुलिस टीम ने 11 मार्च को गुप्त सूचना के आधार पर हर्षित यादव (पुत्र वीरेन्द्र यादव, मूल निवासी ग्राम सतई पुरवा रानी बाजार, जनपद गोण्डा) को गिरफ्तार किया। हर्षित (उम्र करीब 19 वर्ष) वर्तमान में लखनऊ के सेक्टर-ई, थाना महानगर स्थित डी-27 किराए के मकान में रहता था। उसके कब्जे से 04 सोने के कंगन बरामद हुए हैं।

शिकायतकर्ता श्याम चन्द्र अवस्थी (पुत्र गणेश प्रसाद मानस विहार, सर्वोदय नगर, लखनऊ) ने 10 मार्च को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 9 जनवरी को उनके घर से 04 सोने के कंगन, 02 सोने की झुमकियाँ और 01 सोने का मंगलसूत्र चोरी हो गया था। चोरी का सामान चोर ने अपने दोस्त हर्षित यादव को दिया था, जो कई दिनों से सामान वापस करने से टाल रहा था। शिकायत पर थाना गाज़ीपुर में मुकदमा बीएनएस के तहत दर्ज किया गया। बाद में धारा 61(2)/317(2) बीएनएस भी जोड़ दी गई। गिरफ्तार आरोपी हर्षित यादव ने पूछताछ में खुलासा किया कि करीब दो महीने पहले उसकी जानकार सृष्टि दुबे उर्फ वैश्नवी दुबे (जो शिकायतकर्ता श्याम चन्द्र अवस्थी के ही मोहल्ले में रहती है) ने उसे घर में सोने के आभूषण होने की जानकारी दी। दोनों ने मिलकर चोरी की योजना बनाई। उस दिन श्याम चन्द्र के घर में कोई नहीं था। सृष्टि दुबे ने घर से सामान चुराकर हर्षित को सौंपा। हर्षित के पास 04 कंगन




और 01 मंगलसूत्र आया, जबकि सृष्टि दुबे ने 02 झुमकियाँ अपने पास रख लीं। हर्षित ने मंगलसूत्र रास्ते में चलते व्यक्ति को बेच दिया। पुलिस अब फरार सृष्टि दुबे की तलाश कर रही है। आरोपी हर्षित यादव के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। उसके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। पुलिस आयुक्त लखनऊ ने इस सफल कार्रवाई के लिए टीम की सराहना की है और आमजन से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा और संपत्ति की सुरक्षा के लिए सतर्क रहें। मामले की आगे की जांच जारी है।

## भक्ति के रंग में रंगा निगोहां: श्रीमद भागवत कथा में उमड़ा जनसैलाब, राम-कृष्ण की लीलाओं ने मोह लिया मन

**● .......आचार्य दुर्गेश अवस्थी ने प्रभु राम के आदर्शों और श्रीकृष्ण के प्राकट्य का किया जीवंत वर्णन, ध्रुव चरित्र की कथा सुनकर भावुक हुए श्रद्धालु।**

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखनऊ।** राजधानी के निगोहां क्षेत्र में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर आस्था का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। जैसे-जैसे कथा आगे बढ़ रही है, श्रद्धालुओं की श्रद्धा और उत्साह भी परवान चढ़ रहा है। गुरुवार को कथा स्थल पर सुबह से ही भक्तों का तांता लग गया, जिससे पूरा पंडाल छोटा नजर आने लगा। 'जय श्री राम' और 'नंद के आनंद भयो' के जयकारों के साथ समूचा वातावरण भक्तिमय और दिव्य हो गया।

**मर्यादा पुरुषोत्तम का जीवन और आदर्श..........**

कथा के मुख्य वक्ता आचार्य दुर्गेश अवस्थी ने अपनी ओजस्वी और मधुर वाणी से भगवान श्रीराम के जन्म का प्रसंग सुनाया। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे अयोध्या में प्रभु के आगमन से खुशियां छा गईं। आचार्य ने महर्षि वशिष्ठ द्वारा राम जी





को दी गई शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राजनीति, धर्म, सत्य और मर्यादा का जो पाठ प्रभु ने अपने जीवन से पढ़ाया, वह आज के समय में भी प्रासंगिक है। जब सीता-राम विवाह का प्रसंग सुनाया गया, तो श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे।

**श्रीकृष्ण जन्म और असुरराज कंस का अहंकार.........**

कथा के अगले चरण में भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य की कथा सुनाई गई। आचार्य ने कारागार में देवकी-वासुदेव के संघर्ष और कंस के अत्याचारों का वर्णन करते हुए बताया कि जब अधर्म बढ़ता है, तब ईश्वर का अवतार होता है। जैसे ही कृष्ण जन्म का प्रसंग आया, श्रद्धालु आनंदित हो उठे और नंदोत्सव जैसा माहौल बन गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भगवान की लीला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि संसार को अहंकार और बुराई के अंत का संदेश देती है।

**ध्रुव चरित्र और भक्ति की शक्ति.........**

कथा के दौरान आचार्य ने बालक ध्रुव के प्रसंग के माध्यम से भक्तों को संकल्प की शक्ति समझाई। उन्होंने बताया कि मात्र पाँच वर्ष की आयु में ध्रुव ने अपनी अडिग भक्ति से परमात्मा को प्राप्त कर लिया, जो इस बात का प्रमाण है कि ईश्वर केवल सच्ची निष्ठा के भूखे हैं। इसके अतिरिक्त महाराज पृथु और चतुर्सन ऋषियों की कथाओं के माध्यम से भी धर्म और जीवन के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डाला गया।

**भजन-कीर्तन के साथ हुआ समापन...........**

कथा के अंत में आचार्य ने श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जो व्यक्ति सच्चे मन से प्रभु की शरण में आता है, उसके जीवन के सभी कष्ट स्वतः समाप्त हो जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और युवाओं की भारी उपस्थिति रही। मधुर भजनों पर भक्त देर तक नृत्य करते रहे। आरती के पश्चात सभी उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया, जिसके साथ चौथे दिन की कथा का विश्राम हुआ।

### नोडल शिक्षकों ने सीखा विद्यालय और कक्षा प्रबंधन का तरीका

**लालगंज (रायबरेली)।** ब्लॉक संसाधन केंद्र में समावेशी शिक्षा से संबंधित पांच दिवसीय नोडल शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान नोडल शिक्षकों को विद्यालय और कक्षा प्रबंधन का तरीका सीखाया गया। प्रशिक्षण दो बैचों में आयोजित किया गया। इसमें करीब 100 शिक्षकों ने भाग लिया। खंड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार ओझा के निर्देशन में संदर्भदाता नवीन कुमार पांडेय, अर्चना वाजपेई, राजेंद्र कुमार और राजेश शुक्ला ने शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों की पहचान, उन्हें सामान्य बच्चों के साथ पढ़ाने के तरीके और उनकी जरूरतों को समझने की जानकारी दी।शिक्षकों को समावेशी शिक्षा की योजनाओं की जानकारी डि गई। नियमों और सरकारी प्रावधानों के बारे में बताया गया। नई शिक्षा नीति 2020, पीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 और नेशनल ट्रस्ट एक्ट 1999 से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई। प्रशिक्षण में विद्यालय और कक्षा प्रबंधन के तरीके भी समझाए गए। कार्यक्रम में सारिका, शशि सिंह, राम मिश्रा, रागिनी, रिचा सिंह, दीपमाला, अंकित सिंह, अमिता साहू, रश्मि, अश्वनी, सुशील मिश्रा, राकेश सिंह, आशीष चौहान, मोहम्मद अंसार, रमेश वर्मा, रामनरेश, गौरव पाठक, अजय वर्मा, दयाशंकर और अजय प्रताप सहित कई शिक्षकों ने सहभागिता की।

### सराय एसर गांव में योग व प्रौढ़ शिक्षा जागरूकता अभियान



**स्वतंत्र प्रभात**

**इटावा-** कर्म क्षेत्र पी.जी. कॉलेज, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह के संरक्षण में आयोजित सप्त-दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन गाँव सराय एसर में प्रौढ़ शिक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को प्राकृतिक शिक्षा एवं योग की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गाँव के पंचायत घर में हुआ, जहाँ स्वयंसेवकों ने सर्वप्रथम साफ-सफाई अभियान चलाया। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का सामूहिक गायन किया गया। तत्पश्चात स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने गाँव में घर-घर जाकर प्रौढ़ शिक्षा जागरूकता अभियान चलाया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

मुख्य अतिथि डॉ. सिद्धार्थ ने योग के इतिहास, अष्टांगिक मार्ग तथा विभिन्न योगासनों का परिचय कराते हुए कहा, 'योग के माध्यम से हम न केवल अपने शरीर व मन को स्वस्थ रख सकते हैं, बल्कि एक स्वस्थ समाज का निर्माण भी कर सकते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजीत कुमार दीक्षित ने जीवन में प्राकृतिक शिक्षा एवं योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने प्रौढ़ शिक्षा के विभिन्न साधनों की जानकारी भी दी। स्वयंसेवकों ने योग से संबंधित अनेक जिज्ञासु प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. सिद्धार्थ व डॉ. अजीत कुमार दीक्षित ने संतोषजनक समाधान किया।

शिविर में सभी स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने सामूहिक भोजन ग्रहण किया। दिनभर सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के साथ-साथ आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव साझा किए तथा दिवस का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. नमिता पाण्डेय, डॉ. नीता पाण्डेय सहित अन्य शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं। एनएसएस इकाई के इस प्रयास से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता को नई दिशा मिली है।

## खैराबाद में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

**● समस्त विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को प्रथम वरीयता में पूरा करना हमारा संकल्पः- अखिलेश प्रताप सिंह**

**स्वतंत्र प्रभात**

**खैराबाद सीतापुर** स्थानीय ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद में जनपद स्तरीय एक दिवसीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के सभी 19 ब्लॉकों तथा नगर क्षेत्र से उत्कृष्ट कार्य करने वाले लगभग 100 लोगों ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रत्येक ब्लॉक से पांच पांच प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें एक नोडल शिक्षक,एक नोडल संकुल शिक्षक, एक आंगन बाड़ी सुपर वाइजर,एक आंगन बाड़ी कार्यकर्ती एक ई सी सी ई एजुकेटर यानी प्रत्येक ब्लॉक से पांच प्रतिभागियों के हिसाब से 19 ब्लॉक तथा एक नगर क्षेत्र से कुल एक सौ प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया । जिसमें खैराबाद ब्लॉक से नोडल शिक्षक के रूप में रितम मिश्रा प्राथमिक विद्यालय सरैया चौकी नोडल शिक्षक तथा नोडल संकुल शिक्षक के लिए काज़िम हुसैन, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर समीक्षा मिश्रा ,आंगनबाड़ी कार्यकर्ती सोनिका तथा ई सी सी ई एजुकेटर प्राथमिक विद्यालय सरैया सानी की अदिति मिश्रा ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में मुख्य रूप से आर्य कुमार दीक्षित जिला समन्वयक प्रशिक्षण समग्र शिक्षा,एस आर जी आलोक श्रीवास्तव,करुणेश मिश्र, ई सी सी ई एजुकेटर नोडल एस आर जी मदनेश मिश्र, डायट प्रवक्ता अमित कुमार ने संबोधित किया तथा सभी की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण भी किया गया। इस अवसर पर सभी उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र, मोमेंटो तथा ज़िला अधिकारी महोदय के निर्देशानुसार एक सिंगल बेड की दरी सभी को उपहार में दी गई। उक्त कार्यक्रम में बाल विकास पुष्टाहार विभाग के अधिकारी कर्मचारी सी डी पी ओ के अलावा अन्य लोग भी मौजूद थे। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग बहुत मेहनत से कार्य करते हैं तो आपको सम्मान मिलना अनिवार्य था वैसे आप शिक्षक हैं और आप स्वयं में ही सम्मानित हैं लेकिन उत्साह वर्धन के लिए यह आवश्यक है। श्री सिंह ने कहा कि विद्यालयों की समस्याओं को प्रथम वरीयता में हल करना



हमारा संकल्प है, इसके बाद उत्साहित होकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय ने शिक्षकों के साथ खूब बातें की उनकी समस्याओं को सुना तथा फोटो ग्रुपिंग भी शिक्षकों ने करवाई। अंत में ज़िला समन्वयक प्रशिक्षण समग्र शिक्षा आर्य कुमार दीक्षित ने सभी का आभार व्यक्त किया। जबकि ब्लॉक खैराबाद के नोडल ए आर पी संजीव पटेरिया को भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मोमेंटो तथा उपहार देकर सम्मानित किया।इसी अवसर पर जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ खैराबाद ब्लॉक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष काज़िम हुसैन ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अलविदा के अवकाश को करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## उचित दर दुकानों पर होगा केरोसीन तेल का अस्थायी आवंटन

**भू- राजनीतिक संकट के बीच केंद्र सरकार का त्वरित कदमः सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत श्रेष्ठ केरोसीन तेल का अस्थायी आवंटन**

**स्वतंत्र प्रभात**

**नई दिल्ली** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर मंडराते खतरों को देखते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत श्रेष्ठ केरोसीन तेल का अस्थायी आवंटन घोषित किया है। यह फैसला 2025-26 वित्तीय वर्ष के लिए है और राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों को संकट से निपटने के लिए अतिरिक्त मात्रा उपलब्ध कराएगा। कर्तव्य भवन, नई दिल्ली से जारी इस आधिकारिक पत्र में स्पष्ट किया गया है कि विश्व स्तर पर चल रही भू-राजनीतिक स्थिति ऊर्जा आपूर्ति को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है। मंत्रालय ने इन उभरते जोखिमों को कम करने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत श्रेष्ठ केरोसीन तेल का अस्थायी आवंटन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अनुबंध के अनुसार करने का निर्णय लिया है। यह आवंटन खाना पकाने और प्रकाश व्यवस्था के लिए होगा। पत्र में कहा गया है, 'वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए, जो विश्व स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर रही है, इन उभरते जोखिमों को कम करने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत श्रेष्ठ केरोसीन तेल का अस्थायी आवंटन राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों को अनुबंध के अनुसार करने का निर्णय लिया गया है।' यह पत्र पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ के महानिदेशक, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के सचिव (सभी राज्यों को) तथा तेल विपणन कंपनियों के राज्य स्तरीय समन्वयकों को संबोधित है।

**संकट का संदर्भः हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर तनाव और भारत की ऊर्जा सुरक्षा**

वर्तमान में पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजराइल-ईरान संघर्ष के कारण हॉर्मुज जलडमरूमध्य से तेल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित हो रही है। यह मार्ग वैश्विक तेल व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत और भारत के आयात का प्रमुख हिस्सा संभालता है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, भारत ने आपातकालीन प्रोटोकॉल लागू किए हैं, रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया है और उपभोक्ताओं से ऊर्जा बचाने की अपील की है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी आयातक है। इस संकट में एलपीजी की कमी से लाखों घरेलू उपभोक्ता प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत श्रेष्ठ केरोसीन तेल का अस्थायी आवंटन वैकल्पिक ईंधन के रूप में राहत प्रदान करेगा, खासकर उन राज्यों में जहां अभी भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत केरोसीन तेल का वितरण जारी है। ध्यान दें कि 21 राज्य तथा केंद्रशासित प्रदेश पहले ही केरोसीन तेल-मुक्त हो चुके हैं और नई नीति के तहत आवंटन केवल उच्चतम उपयोग मात्रा के आधार पर किया जा रहा है। केरल जैसे राज्य में इस वर्ष आवंटन में 319 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**आवंटन की शर्तें और दिशा-निर्देश**

**मंत्रालय ने आवंटन को चार प्रमुख शर्तों के अधीन रखा है:**

1. सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत श्रेष्ठ केरोसीन तेल को उचित मूल्य दुकान या सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के खुदरा आउटलेट के माध्यम से वितरित किया जाएगा। केरोसीन तेल-मुक्त राज्यों में राज्य तेल विपणन कंपनियों के साथ परामर्श से वितरण का तरीका तय करेंगे।
2. वितरण का पैमाना और मानदंड राज्य तथा केंद्रशासित प्रदेश तय करेंगे।
3. राज्य सरकारें सुनिश्चित करेंगी कि आवंटित श्रेष्ठ केरोसीन तेल पेट्रोल या डीजल में मिलावट या अन्य अनपेक्षित उपयोग के लिए न डायवर्ट किया जाए।
4. ग्रामीण घरों को श्रेष्ठ केरोसीन तेल आवंटन में प्राथमिकता दी जाए।

राज्यों को आवंटन की पूरी मात्रा 45 दिनों के भीतर उठानी होगी। कोई भी अनउठी मात्रा अगले वर्ष ले जाने की अनुमति नहीं होगी। कीमत निर्धारण में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत श्रेष्ठ केरोसीन तेल का महत्व और पृष्ठभूमि**

श्रेष्ठ केरोसीन तेल सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से गरीब और ग्रामीण परिवारों को सस्ते दामों पर उपलब्ध कराया



जाता है। यह मुख्यतः रसोई और लैंप के लिए उपयोग होता है। केंद्र सरकार ने प्रदूषणकारी प्रभाव को देखते हुए आवंटन को तर्कसंगत बनाया है, लेकिन केरोसीन के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना के तहत कई राज्यों ने स्वेच्छा से आवंटन छोड़ दिया। नई नीति के तहत अब अलग-अलग श्रेणियां नहीं हैं। एक ही श्रेष्ठ केरोसीन तेल श्रेणी में आवंटन होता है। पिछले वर्षों में कुल केरोसीन तेल खपत में गिरावट आई है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में यह अभी भी महत्वपूर्ण है। सरकार स्वच्छ ईंधन की ओर बढ़ रही है, लेकिन संकट के समय सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत श्रेष्ठ केरोसीन तेल बैकअप के रूप में काम आएगा।

**प्रभाव और राज्य स्तर की तैयारियां**

यह आवंटन उन राज्यों के लिए विशेष राहत होगा जहां सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत केरोसीन तेल अभी भी सक्रिय है। राज्य सरकारें अब वितरण की रूपरेखा तय करेंगी और ग्रामीण घरों को प्राथमिकता देंगे। मंत्रालय ने तेल विपणन कंपनियों के समन्वय से सुनिश्चित किया है कि आपूर्ति निर्बाध रहे। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम भारत की ऊर्जा सुरक्षा रणनीति का हिस्सा है। रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार और विविध आयात स्रोतों के बावजूद हॉर्मुज जलडमरूमध्य संकट ने तत्काल उपायों की जरूरत पैदा की है। कोई मूल्य वृद्धि न होने से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। यह पत्र आज जारी होने के साथ ही विभिन्न राज्य सरकारें और तेल विपणन कंपनियां इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर देंगे। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह अस्थायी व्यवस्था है और संकट समाप्त होने पर सामान्य नीति लागू रहेगी। सरकार का संदेश स्पष्ट हैः ऊर्जा सुरक्षा प्राथमिकता है। भू-राजनीतिक तूफान में भी आम नागरिक की रसोई जलती रहे, यही इस अस्थायी आवंटन का उद्देश्य है।

## अफवाहों से ऊपर उठकर भरोसा रखें: वैश्विक संकट के बीच सरकार की कोशिशों पर विश्वास जरूरी

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और युद्ध की परिस्थितियों का असर अब दुनिया के कई देशों की तरह भारत में भी दिखाई देने लगा है। हाल के दिनों में देश के अलग-अलग हिस्सों से रसोई गैस यानी एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत की खबरें सामने आ रही हैं। कई शहरों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लगने की तस्वीरें सामने आई हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में लोगों के बीच चिंता का माहौल दिख रहा है। कुछ स्थानों पर कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण होटल-रेस्टोरेंट संचालकों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इन खबरों के बीच अफवाहें भी तेजी से फैल रही हैं, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ रही है।

लेकिन ऐसे समय में संयम और भरोसा बनाए रखना सबसे जरूरी है। देश की सरकार और संबंधित एजेंसियां स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं और आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठा रही हैं। संकट के समय अफवाहों पर भरोसा करने के बजाय आधिकारिक जानकारी पर विश्वास करना ही समझदारी का परिचय है। दरअसल पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित किया है। समुद्री मार्गों से तेल और गैस की सप्लाई में बाधाएं आने के कारण कई देशों को आपूर्ति प्रबंधन में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत भी दुनिया के अन्य देशों की तरह इस वैश्विक परिस्थिति से पूरी तरह अलग नहीं रह सकता। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय हालात का प्रभाव यहां भी महसूस होता है।

हालांकि इन चुनौतियों के बावजूद केंद्र सरकार ने स्थिति को संभालने के लिए त्वरित कदम उठाए हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय ने तेल कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय समिति बनाई है जो लगातार गैस की उपलब्धता और वितरण की समीक्षा कर रही है। इसके साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों को लागू कर जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि किसी भी स्थिति में आम उपभोक्ताओं के हितों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। घरेलू गैस उपभोक्ताओं की जरूरतों को प्राथमिकता देने के लिए कुछ अस्थायी व्यवस्थाएं भी की गई हैं। कई जगहों पर कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई सीमित कर दी गई है ताकि घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता प्रभावित न हो। इसके साथ ही सिलेंडर की बुकिंग और डिलीवरी में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ओटीपी और बायोमेट्रिक सत्यापन जैसे कदम भी उठाए गए हैं। इन उपायों का उद्देश्य यही है कि गैस की जमाखोरी रोकी जा सके और वास्तविक उपभोक्ताओं तक सिलेंडर पहुंचे। इन परिस्थितियों में कुछ लोगों के बीच घबराहट की स्थिति भी बनती दिखाई दे रही है। कई स्थानों पर लोग जरूरत से ज्यादा सिलेंडर बुक कराने या जमा करने की कोशिश कर रहे हैं। यही स्थिति असली संकट को और बढ़ा देती है। जब लोग अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडर जमा करने लगते हैं, तो वास्तविक जरूरतमंद उपभोक्ताओं तक आपूर्ति पहुंचने में दिक्कत होती है। इसलिए सरकार ने बार-बार अपील की है कि लोग घबराहट में अतिरिक्त सिलेंडर बुक न करें और अफवाहों से दूर रहें।

इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद मोडिबने भी लोगों से शांति और संयम बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का असर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर जरूर पड़ रहा है, लेकिन भारत सरकार हर स्थिति में 'इंडिया फर्स्ट' की नीति के तहत काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल सही व सत्यापित जानकारी पर भरोसा करें। उनका यह संदेश बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि संकट के समय घबराहट से ज्यादा नुकसान होता है। भारत ने ऊर्जा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी शुरू कर दी हैं। खबर है कि भारत ने रूस से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीदने का फैसला किया है, ताकि भविष्य में आपूर्ति की कमी न हो। भारतीय कंपनियों ने रूसी तेल के कई सौदे किए हैं और कई तेल टैंकरों ने अब भारतीय बंदरगाहों की ओर रुख कर लिया है। इससे आने वाले समय में ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर बनाए रखने में मदद मिलने की उम्मीद है। इतिहास गवाह है कि भारत ने इससे पहले भी कई वैश्विक संकटों का मजबूती से सामना किया है। चाहे महामारी का दौर रहा हो, आर्थिक चुनौतियां हों या अंतरराष्ट्रीय तनाव हर बार देश ने संयम और सामूहिक सहयोग के बल पर परिस्थितियों को संभाला है। आज भी यही जरूरत है कि नागरिक सरकार के प्रयासों पर भरोसा रखें और जिम्मेदार व्यवहार करें। यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि किसी भी बड़े देश में आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह एक समान नहीं होती। कुछ क्षेत्रों में अस्थायी बाधाएं आ सकती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पूरे देश में स्थायी संकट खड़ा हो गया है। वितरण व्यवस्था को संतुलित करने में समय लग सकता है, लेकिन सरकार और कंपनियां लगातार इस दिशा में काम कर रही हैं। संकट के समय समाज की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। जरूरत से ज्यादा खरीदारी या जमाखोरी से बचना, अफवाहें न फैलाना और दूसरों को भी सही जानकारी देना हर नागरिक का कर्तव्य है। यदि हर व्यक्ति संयम बरते तो किसी भी अस्थायी कठिनाई को आसानी से दूर किया जा सकता है। आज देश को घबराहट नहीं बल्कि विश्वास की जरूरत है। सरकार लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है और आपूर्ति को सामान्य बनाने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। प्रधानमंत्री की अपील भी यही है कि अफवाहों से दूर रहें और देश की सामूहिक शक्ति पर भरोसा रखें।

आखिरकार भारत जैसे बड़े और मजबूत देश के लिए यह चुनौती स्थायी नहीं है। थोड़े समय की कठिनाई के बाद स्थिति सामान्य होने की पूरी संभावना है। ऐसे समय में नागरिकों का विश्वास और सहयोग ही सबसे बड़ी ताकत बनता है। अगर देश के लोग संयम और समझदारी के साथ काम लें, तो किसी भी संकट को अवसर में बदला जा सकता है। इसलिए जरूरी है कि अफवाहों से दूर रहते हुए धैर्य बनाए रखा जाए और सरकार की कोशिशों पर भरोसा किया जाए। यही विश्वास देश को हर कठिन परिस्थिति से निकालने की ताकत देता है और यही भारत की असली शक्ति भी है।

**कांतिलाल मांडोत**

## भारत का अरबपति युग: समृद्धि की चकाचौंध या असमानता की आहट?

**[ समृद्धि की ऊँची मीनारें और नीचे फैलती असमानता ]**

**[ धन के शिखर पर मुट्ठीभर लोग, संघर्ष में करोड़ों जीवन ]**

भारत की आर्थिक चमक के पीछे एक तीखा विरोधाभास है। एक ओर प्राइवेट जेट और लग्जरी यॉट्स की दुनिया, तो दूसरी ओर करोड़ों लोग दो वक्त की रोटी के लिए संघर्षरत हैं। यह दर्शाता है कि देश में धन तेजी से कुछ हाथों में सिमट रहा है, जबकि आम आदमी की मुश्किलें बढ़ रही हैं। मार्च 2026 तक फोर्ब्स सूची में भारत के 229 अरबपति हैं (पिछले वर्ष 205), जिनकी कुल संपत्ति 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट इसे 308 बताती है। 99.7 बिलियन डॉलर के साथ मुकेश अंबानी शीर्ष पर हैं, जबकि गौतम अडानी सहित कई उद्योगपति अरबों की संपत्ति के शिखर पर हैं। पर इस समृद्धि का लाभ निचले तबकों तक नहीं पहुंच रहा और बढ़ती असमानता सामाजिक संतुलन को कमजोर कर रही है। अरबपतियों की बढ़ती संख्या संयोग नहीं है। शेयर बाजार की तेजी, आईपीओ की लहर और फिनटेक, एआई व एडटेक जैसे नए क्षेत्रों ने कई नए अरबपति पैदा किए हैं। फोर्ब्स 2026 के अनुसार इस वर्ष 30 नए अरबपति जुड़े, जिनमें कई 30-35 वर्ष के युवा हैं। रेजरपे और फिजिक्सवाला जैसे स्टार्टअप्स के संस्थापकों ने कुछ ही वर्षों में अरबों की संपत्ति बनाई, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज और अडानी ग्रुप जैसी कंपनियों ने भी धन कई गुना बढ़ाया है। लेकिन यह समृद्धि समावेशी नहीं है। विश्व असमानता रिपोर्ट 2026 के अनुसार भारत में शीर्ष 1% के पास 40% संपत्ति है, जबकि नीचे के 50% के पास मात्र 6.4%। शीर्ष 10% के पास 65% संपत्ति और 58% आय है, जबकि आधी आबादी को केवल 15% आय मिलती है। साफ है कि विकास का लाभ कुछ ही हाथों में सिमटा है।

बढ़ती आर्थिक असमानता का सबसे बड़ा असर आम आदमी की जिंदगी पर पड़ रहा है। एक ओर अरबपति प्राइवेट हेलीकॉप्टर से उड़ते हैं, तो दूसरी ओर करोड़ों परिवार महंगाई के बोझ तले दबे हैं। खाद्य कीमतें बढ़ती हैं, पर मजदूरी लगभग स्थिर है। शिक्षा और स्वास्थ्य की असमान पहुंच गरीबों को और पीछे धकेलती है। सामाजिक गतिशीलता ठहर गई है और गरीबी पीढ़ी दर पीढ़ी चलती रहती है। ऑक्सफैम की हालिया रिपोर्टों के अनुसार अरबपतियों की संपत्ति तेजी से बढ़ी है, जबकि गरीबी घटाने के प्रयास कमजोर हैं। भारत में करोड़ों लोग न्यूनतम आय पर निर्भर हैं। यह बढ़ती खाई सामाजिक तनाव, बेरोजगारी और जाति-लैंगिक असमानता को और गहरा कर रही है।

धन-विभाजन की मानसिकता भारतीय समाज में गहराई से जमी रही है। कभी अमीरों को 'महाजन' या 'सेठ' कहकर सम्मान दिया जाता था, लेकिन अब सोशल मीडिया और सार्वजनिक बहस के दौर में सवाल उठ रहे हैं–जब लाखों लोग भूखे हैं, तो कुछ के पास अपार धन क्यों? अमर्त्य सेन जैसे विचारकों के अनुसार असमानता विकास की बड़ी बाधा है, जो सामाजिक न्याय और एकता को कमजोर करती है। धन का केंद्रीकरण जाति, लिंग और क्षेत्रीय असमानताओं को और गहरा करता है, जिसका सबसे ज्यादा असर दलितों, आदिवासियों और महिलाओं पर पड़ता है। अमीरों की भव्य जीवनशैली गरीबों में असंतोष बढ़ाती है। इसलिए समाज को समझना होगा कि धन केवल निजी संपत्ति नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है– अन्यथा असमानता सामाजिक विखंडन को और तेज करेगी। आर्थिक नीतियों के भीतर छिपे कारण भी असमानता को बढ़ाते हैं। 1991 के उदारीकरण के बाद बाजार-केंद्रित विकास का लाभ मुख्यतः अमीर वर्ग को मिला, जबकि गरीब हाशिये पर रह गए। क्रोनी कैपिटलिज्म और राजनीतिक संबंधों से लाभ उठाने वाले उद्योग इस खाई को और गहरा करते हैं। कर व्यवस्था भी असंतुलित है–अमीरों पर कम प्रत्यक्ष कर, जबकि गरीब जीएसटी जैसे अप्रत्यक्ष करों का अधिक बोझ उठाते हैं। विश्व असमानता रिपोर्ट के अनुसार 2014-2025 के दौरान आय असमानता स्थिर दिखी, लेकिन धन लगातार ऊपर ही केंद्रित होता गया। जीडीपी बढ़ी, पर आम आदमी की क्रय शक्ति और रोजगार उतने नहीं बढ़े। नीतियां भी अक्सर प्रभावशाली वर्ग के पक्ष में झुकती हैं, जिससे लोकतंत्र पर धन का प्रभाव बढ़ने लगता है।

वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारत की असमानता बेहद तीखी है। विश्व असमानता रिपोर्ट 2026 के अनुसार, भारत में शीर्ष 10% और निचले 50% के बीच आय का अंतर दुनिया में सबसे अधिक है। जहां यूरोप में यह अंतर अपेक्षाकृत संतुलित है, वहीं भारत और थाईलैंड जैसे देशों में शीर्ष 10% के पास लगभग 65% संपत्ति केंद्रित है। वैश्विक स्तर पर भी शीर्ष 1% के पास 37% संपत्ति है, जबकि आधी आबादी के हिस्से केवल 2% संपत्ति आती है। स्कैंडिनेवियाई देशों की तरह उच्च कर और मजबूत सामाजिक कल्याण नीतियों से इस असंतुलन को कम किया जा सकता है। अन्यथा समय रहते सुधार न होने पर यह खाई और गहरी होकर सामाजिक अशांति को जन्म दे सकती है। समाधान संभव हैं, बशर्ते राजनीतिक और सामाजिक इच्छाशक्ति हो। प्रगतिशील कर व्यवस्था के तहत अमीरों पर वेल्थ टैक्स और अधिक आयकर लगाकर संसाधनों को शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे में लगाया जा सकता है। एमएसएमई और कौशल विकास को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन और न्यूनतम आय गारंटी जैसे कदम भी सहायक हो सकते हैं। साथ ही कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी को प्रभावी बनाकर उद्योगपतियों की सामाजिक जिम्मेदारी बढ़ाई जा सकती है। ऑक्सफैम के अनुसार वेल्थ टैक्स जैसी नीतियां असमानता कम करने में कारगर हो सकती हैं।

आज जरूरत इस बात की है कि भारत की बढ़ती अरबपति चमक के पीछे छिपी असमानता को गंभीरता से समझा जाए। सच्चा और समावेशी विकास तभी संभव है, जब धन-विभाजन की सोच बदले और आर्थिक असमानता को कम करने के ठोस प्रयास हों। यदि यह खाई यूँ ही बढ़ती रही, तो समाज गहरे विभाजन की ओर बढ़ेगा। इसलिए ऐसा भारत बनाना होगा जहां संपत्ति कुछ हाथों तक सीमित न रहकर सबके उत्थान का माध्यम बने, क्योंकि गहरी असमानता वाला समाज कभी मजबूत नहीं हो सकता।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

## संस्कार विहीन आधुनिकता समाज के लिए घातक

**संस्कार-संस्कृति का जीवन में विशिष्ट महत्व**

भारतीय समाज एक बहुभाषी, बहु सांस्कृतिक, बहुजातीय, बहु धार्मिक समाज है। एक नजर में इसकी प्रगाढ़ता और इसके विराट स्वरूप को समझना अत्यंत कठिन है। भारतीय समाज की गहरी और विशाल संरचना को, उसके विभिन्न आयामों को समझना हमारे लिए अत्यंत आवश्यक भी है और अनिवार्य भी। हमारा समाज एक विशिष्ट और उत्कृष्ट समाज है, जो अनेक संस्कृतियों, रीति-रिवाजों, धार्मिक विश्वासों और जीवनशैली में गुथा हुआ है। रोजमर्रा की जीवन शैली में भारतीय समाज की विशिष्ट पहचान दृष्टिगोचर होती है। यह समाज जहां अपनी पुरातन रूढ़िवादिता की बेड़ियों में जकड़ा है, वहीं दूसरी तरफ आधुनिक विकास के साथ अग्रसर होने की चाह में आगे बढ़ रहा है। भारतीय समाज रूढ़िवादिता और आधुनिकता के विकास के बीच अंतर्द्वंद में फंसा हुआ है। एक और भारतीय समाज पश्चिम से प्रेरित होकर भौतिकता की चकाचौंध के पीछे भाग रहा है वहीं दूसरी तरफ अपनी पुरातन आध्यात्मिक परंपराओं का भी बखूबी निर्वाहन करने का प्रयास भी कर रहा है। किंतु समाज में यह अंतर्द्वंद बना हुआ है कि वह योग को अधिक महत्व दे अथवा भोग को, इससे इतर भारतीय समाज आश्चर्यजनक रूप से दोनों को अपनाते हुए आगे की ओर अग्रसर है। भारतीय महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की नई परिभाषाएं लिख नहीं है वही देश में शिशु लिंगानुपात हर जनगणना में घटता जा रहा है। सामाजिक कुरीतियों में कमी तो आई है पर महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों और यौन अपराधों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। हमारे समाज में बेटियां नाम कमा कर माता-पिता का नाम रोशन तो तेजी से कर रही हैं पर भ्रूण हत्या की दरों में अनावश्यक तेजी भी चिंता का कारण बनी हुई है। यही अंतर्विरोध ही समाज को चिंतनीय भी बना रहा है। सबसे ताजा खबरों में हरनाज संधु ने मिस यूनिवर्स का खिताब जीता है, और देश का नाम ऊंचा कर गौरव हासिल किया है। भारतीय लड़कियों ने फैशन में एक नया मुकाम बनाया है आज आधुनिक पेंट, जींस पहन कर लड़कियां आगे बढ़ने को आतुर है। दूसरी तरफ खानपान में जहां भारतीय पारंपरिक व्यंजन डोसा, सांभर, इडली, पंजाबी ,मसालेदार भोजन ग्लोबल स्तर पर छा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हम पारंपरिक भोजन ही कर रहे हैं हमने पिज़्ज़ा, पास्ता, मैक्सिकन, इटालियन, चाइनीस और कॉन्टिनेंटल फूड को भी आमजन का खाद्य पदार्थ बनाया हुआ हैं। भारतीय समाज अंत्येष्टि रूढ़िवादी संस्कारों को पूरी तरह निभाने का प्रयास कर रहा है दूसरी तरफ लिव इन रिलेशनशिप में युवक युवतियां महानगरों में बड़े आराम से जीवन जी रहे हैं। रूढ़िवादिता तथा पश्चिम के खुले पन और उन्मुक्त होता का एक फ्यूजन तैयार हो रहा है। हमारा समाज आधुनिक अनश्वर को अपनाता है दूसरी तरफ नवीन वैज्ञानिक पद्धति को भी अपना रहा है और नवयुग की ओर आकर्षित हो रहा है। दूसरी तरफ अपने पारंपरिक दार्शनिक धार्मिक मूल्यों जैसे ज्ञान, भक्ति, कर्म मार्ग, अवतारवाद, पुनर्जन्म, आस्था तथा मोक्ष की अवधारणा और अहिंसा के सिद्धांतों पर अभी भी आस्थावान है। धर्म तथा अध्यात्म का आकर्षण कम होने के स्थान पर ज्यादा हुआ है। धार्मिक स्थलों के बढ़ते निर्माण धर्म गुरु के सत्संग, प्रवचन, पूजन, भजन ,कीर्तन, अजान ,अरदास, उपवास, रोजा, तीर्थ स्थलों, दरगाह पर भारी भीड़ यह सब सिद्ध करते हैं कि भारतीय समाज आधुनिक होने के साथ-साथ रूढ़िवादिता पर भी विश्वास रखता है। इन्हीं सब कारको के कारण रूढ़िवादिता तथा पाश्चात्य दर्शन का अंतर्विरोध स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। एक और पर्यावरण संरक्षण को बनाए रखते हुए हम भारतीय समावेशी विकास की बात करते हैं। वहीं दूसरी तरफ विकास के नाम पर खनन, पेडो की बेतरतीब कटाई जारी रख पर्यावरण की धज्जियां उड़ाते हैं। जल, जंगल, जमीन से लेकर हवा तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है, इससे रूढ़िवादिता और पश्चिमीकरण मैं द्वंद स्पष्ट उजागर होता है। स्वतंत्रता के बाद भारतीय समाज ने अपने संविधान के निर्माण और व्यवस्था के गठन तक में रूढ़िवाद और आधुनिकता दोनों का समन्वय बनाकर दोनों ही वाद को पर्याप्त स्थान दिया है। परंपरागत मूल्यों को जहां मौलिक कर्तव्य राज्य नीति के निर्देशक तत्व और प्रस्तावना में स्थान दिया है। इसके अलावा मौलिक आजादी के समानता के सिद्धांत को फ्रांस से, संसदीय प्रणाली ब्रिटेन से और मानवीय मूल अधिकार को अमेरिका से ग्रहण करने में जरा भी संकोच नहीं किया है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी स्तर पर भी भारतीय समाज रूढ़िवादिता और आधुनिकता की ओर एक साथ बढ़ने का प्रयास कर रहा है। एलोपैथी पद्धति से इलाज ने अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया है वही आयुर्वेद योग, परंपरागत आयुर्वेद, ध्यान, नेचुरोपैथी आदि वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों में भी लोगों की रुची बड़ी तेजी से बढ़ी है। रविंद्र नाथ टैगोर जी ने कहा है 'आधुनिकता पोशाक में नहीं विचारों में होनी चाहिए'

भारतीय समाज बाह्य वस्तुओं के साथ-साथ वैचारिक और संस्कृति स्तर पर भी रूढ़िवादिता और आधुनिकता दोनों की ओर एक साथ बढ़ने का प्रयास कर रहा है। ऐतिहासिक तौर पर भी भारतीय कला और संस्कृति का विकास स्वयं में रूढ़िवादिता और आधुनिकता के समन्वयक का उत्कृष्ट उदाहरण अमीर खुसरो भारतीय वीणा और इरानी तंबूरे को मिलाकर सितार बना रहे थे। स्थापत्य की नागर शैली व मूर्ति कला की गंधार शैली अलग-अलग भारतीय व बाह्य कलाओं के समन्वय का उत्कृष्ट परिणाम है। मुस्लिम स्थापत्य पर भारतीय प्रभाव स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। हिंदी और फारसी के सहयोग से उर्दू का जन्म भारतीय समाज की ही देन है। इसीलिए यह बात स्पष्ट है कि रूढ़िवादिता और पाश्चात्य दर्शन के अनुसरण के लिए भारतीय जनमानस को दोनों दर्शन के सर्वोत्कृष्ट तत्वों को चुनकर उसे अंगीकार करना चाहिए। जिससे भारतीय समाज में विकास की गति भारतीय संस्कृति तथा आधुनिकता के साथ साथ तीव्र गति से हो पाए और मानव कल्याण संभव हो पाए।

**संजीव ठाकुर**

# संपादकीय

## हॉर्मुज की घेराबंदी और भारत में गहराता गैस संकट

भारत की ऊर्जा सुरक्षा आज एक ऐसे कठिन मोड़ पर खड़ी है जहाँ सरहद पार की जंग हमारे रसोई घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों की दहलीज तक पहुँच गई है। देश के कई राज्यों में कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में आई अचानक गिरावट ने न केवल होटल और रेस्टोरेंट उद्योग की कमर तोड़ दी है, बल्कि आम नागरिक के मन में भी भविष्य को लेकर एक अनजाना डर पैदा कर दिया है। यह संकट केवल मांग और आपूर्ति का साधारण गणित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक कूटनीति, युद्ध की विभीषिका और भारत की आयात पर अत्यधिक निर्भरता का एक कड़वा परिणाम है। नई दिल्ली के गलियारों से शुरू हुई यह सुगबुगाहट अब पूरे देश में एक बड़े हड़कंप का रूप ले चुकी है, जहाँ उत्तर से दक्षिण तक गैस एजेंसियों के बाहर लगी लंबी कतारें एक गहरे संकट की गवाही दे रही हैं। इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार ने तत्काल प्रभाव से आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 को लागू कर दिया है, ताकि जमाखोरी जैसी कुप्रथाओं पर लगाम कसी जा सके और उपलब्ध संसाधनों का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित हो सके।

इस पूरे संकट की जड़ें मध्य पूर्व के अशांत भूगोल में धंसी हुई हैं। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच छिड़ी जंग ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक रास्तों में से एक, हॉर्मुज जलमार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। मात्र 167 किलोमीटर लंबा यह जलमार्ग फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है और वैश्विक पेट्रोलियम व्यापार की धड़कन माना जाता है। दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत पेट्रोलियम इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है। भारत के लिए इसकी अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हमारी अर्थव्यवस्था अपनी जरूरत का 50 प्रतिशत कच्चा तेल और 54 प्रतिशत एलएनजी (LNG) इसी मार्ग के जरिए मंगाती है। ईरान और इजराइल के बीच तनाव ने इस मार्ग को युद्ध के मैदान में तब्दील कर दिया है, जिससे टैंकरों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है। इसके साथ ही, पिछले दिनों ईरान द्वारा अमेरिका के सहयोगियों कतर, यूएई और कुवैत के ठिकानों पर किए गए ड्रोन हमलों ने आग में घी डालने का काम किया है। विशेष रूप से कतर में एलएनजी प्लांट पर हुए हमलों के बाद उत्पादन रोकना पड़ा है, जो भारत के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि हम अपनी वार्षिक एलएनजी जरूरतों का 40 प्रतिशत हिस्सा अकेले कतर से पूरा करते हैं। भारत के भीतर इस अंतरराष्ट्रीय संकट का असर सबसे पहले कॉमर्शियल गैस की आपूर्ति पर पड़ा है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक जैसे बड़े राज्यों में तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस की सप्लाई पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने गैस वितरण को चार स्पष्ट श्रेणियों में विभाजित किया है। प्राथमिकता की पहली श्रेणी में घरेलू रसोई गैस (PNG) और सार्वजनिक परिवहन के लिए सीएनजी को रखा गया है, ताकि आम जनता का जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त न हो। दूसरी श्रेणी में खाद कारखानों को रखा गया है, जिन्हें 70 प्रतिशत आपूर्ति दी जा रही है, बशर्ते वे यह प्रमाणित करें कि इस गैस का उपयोग केवल उर्वरक उत्पादन में ही हुआ है। तीसरी श्रेणी में चाय की फैक्ट्रियों जैसे बड़े उद्योगों को रखा गया है, जो 80 प्रतिशत आपूर्ति प्राप्त कर रहे हैं। सबसे अंतिम और चौथी श्रेणी में छोटे कारखाने, होटल और रेस्टोरेंट शामिल हैं, जिन्हें उनकी पुरानी खपत के आधार पर अधिकतम 80 प्रतिशत सप्लाई का आश्वासन दिया गया है। हालांकि, धरातल पर स्थिति इससे कहीं अधिक गंभीर है और कई छोटे प्रतिष्ठानों को तो पूरी तरह गैस मिलना बंद हो गई है।

उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों जैसे लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और गोरखपुर में स्थिति विकट हो चली है। यहाँ बुकिंग के कई दिनों बाद भी डिलीवरी नहीं हो रही है और गोरखपुर जैसे क्षेत्रों में गैस एजेंसियों के बाहर एक-एक किलोमीटर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। तेल कंपनियां अपना पूरा ध्यान घरेलू उपभोक्ताओं पर केंद्रित कर रही हैं, जिसके कारण ढाबा और रेस्टोरेंट संचालकों के सामने अपने शटर गिराने की नौबत आ गई है। यही हाल महाराष्ट्र का है, जहाँ मुंबई के लगभग 20 प्रतिशत रेस्टोरेंट बंद हो चुके हैं। पुणे में तो संकट इतना गहरा गया है कि नगर निगम को अस्थायी रूप से गैस आधारित शवदाह गृहों को भी बंद करना पड़ा है। 'आहार' जैसे रेस्टोरेंट एसोसिएशनों ने चेतावनी दी है कि यदि अगले 48 घंटों में आपूर्ति बहाल नहीं हुई, तो आधे से ज्यादा प्रतिष्ठान बंद हो जाएंगे, जिसका सीधा असर उन लाखों कर्मचारियों पर पड़ेगा जो इस क्षेत्र में कार्यरत हैं। मध्य प्रदेश में भोपाल के होटल संचालक शादी के इस व्यस्त सीजन में सिलेंडर न मिलने से हताश हैं, जबकि कर्नाटक के बेंगलुरु में स्थिति यह है कि कई रेस्टोरेंट्स में केवल कॉफी उपलब्ध है क्योंकि मुख्य भोजन बनाने के लिए गैस ही नहीं बची है। इस आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पेट्रोलियम मंत्रालय ने युद्ध स्तर पर कदम उठाए हैं। इंडियन ऑयल (IOC), हिंदुस्तान पेट्रोलियम (HPCL) और भारत पेट्रोलियम (BPCL) के कार्यकारी निदेशकों की एक उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है जो हर घंटे सप्लाई की समीक्षा कर रही है। आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 को लागू करना सरकार का एक शक्तिशाली कदम है, जो उसे अनाज, ईंधन और दवाओं जैसी जरूरी चीजों की कीमतों और स्टॉक को नियंत्रित करने की शक्ति देता है। इसके तहत व्यापारियों के लिए स्टॉक की सीमा तय कर दी गई है ताकि कोई भी इस संकट का फायदा उठाकर मुनाफाखोरी न कर सके। घरेलू गैस सिलेंडर के लिए भी नियम कड़े कर दिए गए हैं; अब एक सिलेंडर मिलने के 25 दिन बाद ही दूसरी बुकिंग संभव होगी। इसके अलावा, ओटीपी और बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन को अनिवार्य कर दिया गया है ताकि सिलेंडर की कालाबाजारी रोकी जा सके। सभी रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के आदेश दिए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादन में 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

संकट के बीच सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है, जिससे दिल्ली में 14.2 किलोग्राम का सिलेंडर अब 913 रुपये का हो गया है। वहीं, 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत में भी 115 रुपये का इजाफा हुआ है। यह आर्थिक बोझ आम आदमी और छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ रहा है। हालांकि, इंडियन ऑयल के अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि वे पैनिक बुकिंग न करें, क्योंकि सरकार वैकल्पिक मार्गों और स्रोतों की तलाश कर रही है। जी7 देश अपने इमरजेंसी तेल भंडार से सप्लाई जारी करने पर चर्चा कर रहे हैं और भारत को उम्मीद है कि रूस और अल्जीरिया से अतिरिक्त कच्चा तेल आने के बाद स्थिति में सुधार होगा। लेकिन यह समाधान तात्कालिक हैं और लंबे समय में भारत को अपनी ऊर्जा रणनीति पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

यह संकट भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक चेतावनी की तरह है। मध्य पूर्व की राजनीतिक अस्थिरता का सीधा असर हमारी रसोई तक पहुँचना यह दर्शाता है कि हम एक नाजुक संतुलन पर टिके हुए हैं। भविष्य में ऐसी स्थितियों से बचने के लिए हमें ऊर्जा के स्रोतों में विविधता लानी होगी। अक्षय ऊर्जा, बायोगैस और व्यापक पाइपलाइन नेटवर्क का विस्तार अब केवल विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता बन गए हैं। देश को अपने स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व को और अधिक मजबूत करना होगा ताकि किसी भी वैश्विक बाधा की स्थिति में हमारे पास कम से कम 90 दिनों का बैकअप मौजूद हो। इसके साथ ही, घरेलू स्तर पर नेचुरल गैस के उत्पादन को बढ़ाना और आयात पर निर्भरता कम करना हमारा प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए।

कुल मिलाकर, वर्तमान गैस संकट मध्य पूर्व की उथल-पुथल का एक काला आईना है जो हमें आत्मनिर्भर बनने की सीख दे रहा है। यद्यपि सरकार के प्रयासों और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति से यह संकट आने वाले कुछ हफ्तों में टल सकता है, लेकिन इससे मिलने वाला सबक स्थायी होना चाहिए। रेस्टोरेंट और होटल उद्योग, जो लाखों लोगों को रोजगार देता है और अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, उसे बचाने के लिए त्वरित और ठोस हस्तक्षेप की जरूरत है। साथ ही, आम नागरिक को भी पारदर्शी जानकारी के माध्यम से विश्वास में लेना होगा ताकि समाज में पैनिक न फैले। ऊर्जा विविधीकरण और आत्मनिर्भरता ही वह रास्ता है जो भारत जैसे विशाल और विकासशील देश को भविष्य के वैश्विक झटकों से सुरक्षित रख सकता है। यह समय एकजुट होकर इस अस्थायी संकट का सामना करने और एक स्थायी, सुरक्षित ऊर्जा भविष्य की नींव रखने का है।

**महेन्द्र तिवारी**

## अनंतता का सूत्र: पाई और हमारी खोजों की अपरंपार यात्रा

**पाई दिवस: विज्ञान, गणित और ब्रह्मांडीय रहस्यों का मिलन**

अनंतता की रहस्यमयी गहराइयों में एक अंक चमकता है, जो हर वृत्त, हर आकार और हर गणितीय रहस्य में जीवन फूँकता है– (पाई)। यह दिन सिर्फ एक उत्सव नहीं है; यह कल्पना, खोज और असीम संभावनाओं का जश्न है, जहाँ हर संख्या अपने भीतर ब्रह्मांड के अद्भुत रहस्यों को संजोए हुए है। श्र वह अद्भुत शक्ति है जो वृत्तों की परिधि और व्यास के बीच की रहस्यमयी संगति को उजागर करती है, सूर्य और चंद्रमा की गोलाई में छुपी सटीकता को सामने लाती है, और हमारे रोज़मर्रा के जीवन में छुपे गणितीय जादू को उजागर करती है। यह दिन हमें उस जादुई गणितीय लोक में ले जाता है, जहाँ संख्याएँ नृत्य करती हैं, कल्पना की कोई सीमा नहीं होती, और हर खोज हमें नए रहस्यों और अनोखे दृष्टिकोणों की ओर ले जाती है। एक ऐसा अंक, जो अनंत तक फैला हुआ है और हर गणितीय रहस्य में अपनी छाप छोड़ता है– (पाई)। 3.141592653... केवल संख्याओं का क्रम नहीं, बल्कि एक कविता की तरह निरंतर बुनाई है, जिसमें कोई दोहराव नहीं और कोई अंत नहीं। यह हर वृत्त की आत्मा है–चाहे वह पृथ्वी का आकार हो, सूर्य का गोलापूर्ण प्रकाश, या आपके हाथ में एक साधारण सिक्का। प्राचीन सभ्यताओं ने इसे समझने की कोशिश की–मिस्र, बेबीलोन, और यूनानी दार्शनिक आर्किमिडीज तक सभी इसके जादू से मोहित थे। भारत के महान गणितज्ञ आर्यभट्ट और माधव ने इसे और परिष्कृत किया, और विज्ञान को नए आयाम दिए। कभी हाथ से लाखों अंकों तक गणना हुई, और आज सुपरकंप्यूटर खरबों अंकों तक इसकी गुत्थियाँ सुलझा रहे हैं। श्र की यह अनंतता मानव जिज्ञासा की अनवरत चुनौती है–यह कहती है, 'और आगे बढ़ो, और जानो।' यह केवल एक संख्या नहीं, बल्कि ब्रह्मांड की अदृश्य शक्ति है– (पाई)। यह केवल गणितज्ञों का खेल नहीं, बल्कि यह वह रहस्यमयी ताकत है जो ग्रहों की कक्षाओं को मापती है, अंतरिक्ष यानों को उनके लक्ष्य तक पहुँचाती है, और तकनीक की दुनिया में हर महत्वपूर्ण संरचना को आकार देती है। नासा और स्पेसएक्स जैसे मिशनों में श्र की गणना प्रत्येक उड़ान का मार्गदर्शन करती है। इंजीनियरिंग में यह पुलों, ऊँची इमारतों और सुरंगों की डिज़ाइन को परिपूर्ण बनाती है। तकनीकी उपकरण–जीपीएस, सैटेलाइट और स्मार्टफोन–श्र के बिना अधूरे हैं। चिकित्सा विज्ञान में भी यह अद्भुत है– एमआरआई की जटिल गणनाओं से लेकर शरीर के बायोमेट्रिक विश्लेषण तक, श्र हर कदम पर हमारे साथ है। यह विज्ञान की नींव को मज़बूत करता है और मानव सभ्यता को प्रगति के नए आयामों की ओर ले जाता है।

एक संख्या के जश्न के लिए पूरे विश्व में एक दिन समर्पित है - 14 मार्च, जब पाई (पाई) का उत्सव मनाया जाता है। यह तारीख 3.14 के प्रारंभिक अंकों से मेल खाती है, और इसी छोटे क्रम ने 1988 में भौतिक विज्ञानी लैरी शॉ को इस दिन को उत्सव के रूप में चिह्नित करने के लिए प्रेरित किया। तब से यह केवल एक दिन नहीं, बल्कि गणित और विज्ञान के प्रति उत्साह और जिज्ञासा का प्रतीक बन गया है। दुनिया भर में इसे मनाने के अनगिनत तरीके हैं–अमेरिका में 'पाई खाने' का मज़ा, जहाँ शब्द 'Pie' और पाई का स्वाद एक साथ मिलता है। गणितीय पहेलियाँ, पाई के अंकों को याद करने की प्रतियोगिताएँ (70,000 से अधिक अंकों तक का रिकॉर्ड), और विज्ञान के प्रयोग इस दिन को जीवंत और रोमांचक बनाते हैं। यह दिन सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि ज्ञान और जिज्ञासा के अनंत पथ की दिशा दिखाता है। हर चीज़ में छिपा है एक अदृश्य जादू– (पाई)। यह सिर्फ गणित की दुनिया तक सीमित नहीं, बल्कि यह हमारे जीवन के हर पहलू में मौजूद है–सुबह की घड़ी के गोल चेहरे में, कार के पहियों की घूमती परिधि में, संगीत की तरंगों में, और दोस्तों को भेजी गई लोकेशन में भी। प्रकृति में इसकी उपस्थिति और भी आश्चर्यजनक है– फूलों की पंखुड़ियों की घुमावदार आकृतियों में, नदियों की लहराती धाराओं में, और आकाशगंगाओं की विशाल संरचनाओं में इसकी गूँज सुनाई देती है। पाई केवल एक संख्या नहीं, बल्कि वह रहस्यमयी सूत्र है जो सृष्टि को सामंजस्यपूर्ण बनाता है, हर प्रणाली में संतुलन और सुंदरता भरता है, और हमें यह याद दिलाता है कि गणित सिर्फ अंक नहीं, बल्कि जीवन का जादू है। जब हम अनंतता और रहस्यों की असीम गहराइयों में कदम रखते हैं, तब (पाई) हमें यह याद दिलाता है कि गणित केवल संख्याओं का खेल नहीं, बल्कि ब्रह्मांड की छिपी हुई भाषा है, जो हर प्रणाली, हर संरचना और हर जीवन के रूप में अपनी छाप छोड़ती है। 14 मार्च को इस अद्भुत गणितीय महोत्सव में खुद को पूरी तरह डुबो दें। की रहस्यमय दुनिया में प्रवेश करें, विज्ञान और खोज की असीम संभावनाओं को अपनाएँ, और उस जिज्ञासा और उत्साह का उत्सव मनाएँ, जो हमें हर दिन नई ऊँचाइयों, नए दृष्टिकोणों और नए रहस्यों की ओर ले जाता है। केवल एक संख्या नहीं–यह अनंतता का दर्पण है, जिसमें हमारी खोजों, हमारी कल्पना और हमारी अनवरत उत्सुकता की चमक झलकती है, और हमें याद दिलाती है कि ज्ञान की यात्रा कभी समाप्त नहीं होती।

**कृति आरके जैन**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

दैनिक स्वतंत्र प्रभात
www.swatantraprabhat.com



## संक्षिप्त खबरें

### संयुक्त उद्योग व्यापार मण्डल ने गैस वितरण समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन




**रुद्रपुर ,देवरिया।** गुरुवार को संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल नगर इकाई अध्यक्ष रमेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में गैस वितरण समस्या को लेकर उप जिलाधिकारी हरिशंकर लाल को ज्ञापन सौंपा गया। विगत एक सप्ताह से रुद्रपुर नगर और क्षेत्र में अचानक उत्पन्न हुई समस्याओं से उपभोक्ता परेशान है।लगन के सीजन में जिनके घर मांगलिक कार्यक्रम और शादी विवाह जैसे अवसरों पर गैस की उपलब्धता नहीं होने से गंभीर समस्या बनी है। घर गृहस्थी से लेकर खाने पीने का सामान बेचने वाले और होटल मालिकों के लिए गंभीर समस्या बनी हुई है। शासन प्रशासन स्थिति सामान्य होने का दावा कर रहे हैं जबकि सच्चाई कुछ और है। संयुक्त व्यापार मंडल की टीम के द्वारा उपजिलाधिकारी से पूर्व की भांति गैस बुकिंग व वितरण व्यस्था बहाल करने की मांग की गई। उक्त अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मनोज भाटिया,नगर उपाध्यक्ष नागेंद्र मद्देशीया, छात्र नेता निखिल गुप्ता,सह संयोजक आशीष मोदनवाल,अमर सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रज बिहारी पाण्डेय,अनिल पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे ।

### नवरात्रि के मद्देनजर मंदिर मार्ग की मरम्मत कराने के निर्देश

**कानपुर।** आगामी नवरात्र पर्व के दौरान नगर के देवी मन्दिरों पर भक्तों की एकत्रित होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए विधायक सलिल विश्नोई ने बिरहाना रोड स्थित तपेश्वरी मन्दिर, बंगाली मोहाल में काली जी के मन्दिर, हटिया स्थित बुद्धा देवी तथा फीलखाना स्थित माँ वैभव लक्ष्मी मन्दिर के आसपास नवरात्र से पहले मन्दिर मार्ग की मरम्मत करवाने, साफ-सफाई करवाने, मार्ग प्रकाश एवं पीने के पानी की व्यवस्था करवाने हेतु नगर आयुक्त को पत्र लिखकर निर्देशित किया।

### कानपुर जोन में अपराधियों के विरुद्ध ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के लिए अधिकारियों से की वीडियो कान्फ्रेंस



**कानपुर ।** आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से उ0प्र0 सरकार के अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को प्राथमिकता में रखते हुए कानपुर जोन के अधीनस्थ 60 राजपत्रित अधिकारी एवं 433 अराजपत्रित कार्मिक (थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी) के साथ सीधा संवाद किया गया। आगामी ईद-उल-फितर / नवरोज त्यौहार दिनांक 20/21.03.2026 व चैत्र नवरात्रि दिनांक 19.03. 2026 से प्रारम्भ होकर दिनांक 27.03.2026 को चैत्र रामनवमी का पर्व मनाए जाने के दृष्टिगत सुदृढ पुलिस व्यवस्थापन कर पर्व सकुशल निर्विघ्न, शान्ति, सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने व कानून-व्यवस्था की स्थिति सुदृढ रखने एवं सुचारू आवागमन बनाएं रखने हेतु बाजारों एवं प्रमुख मार्गो पर तथा सड़क के किनारे अवैध रूप से लगाए गए ठेले, दुकानों अथवा अन्य अवरोधों को हटाने के साथ-साथ सड़को व सार्वजनिक स्थलों पर खड़े अवैध / लावारिस वाहनों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए, जिससे कि किसी प्रकार का अतिक्रमण न होने पाए। पर्वो के दौरान शांति एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठकों के माध्यम से जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों से संवाद समय से पूर्व स्थापित कर लिया जाए तथा सभी से पारंपरिक रूप से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की जाए एवं सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखे, जिससे कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्यवाही की जा सके।

# गैस वितरण पर प्रशासन का शिकंजा: डीएम-एसएसपी का औचक निरीक्षण, 87 गोदामों पर पुलिस तैनात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जनपद में घरेलू गैस की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को पारदर्शी व सुचारु बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने मोहद्दीपुर स्थित सुशीला गैस एजेंसी तथा ट्रांसपोर्ट नगर स्थित गंगा गैस गोदाम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पूर्ति अधिकारी रामेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गैस गोदामों में उपलब्ध सिलेंडरों का स्टॉक, आपूर्ति की स्थिति तथा उपभोक्ताओं को किए जा रहे वितरण की गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने एजेंसी संचालकों से सीधे सवाल करते हुए पूछा कि आज कितने गैस सिलेंडर गोदाम पर पहुंचे, कितने का वितरण किया गया और वर्तमान में कितना स्टॉक शेष है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गैस वितरण की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए और किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। डीएम ने एजेंसी संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि जिन उपभोक्ताओं



ने गैस बुक कराई है, उन्हें समय से सिलेंडर उपलब्ध कराना अनिवार्य है और अधिक से अधिक होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने साफ कहा कि यदि कहीं भी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी या वितरण में अनियमितता पाई गई तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने कानून व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले के सभी गैस गोदामों पर पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि कहीं भी अव्यवस्था या कालाबाजारी की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि जनपद के 87 गैस गोदामों पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है, जिससे गैस वितरण प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संचालित हो सके।

जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि सभी 87 गैस गोदामों के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो वितरण व्यवस्था की निगरानी करेंगे। उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े, इसके लिए टोकन प्रणाली लागू कर गैस का वितरण कराया जाएगा। इस व्यवस्था के तहत जो उपभोक्ता पहले पहुंचेगा, उसे पहले सिलेंडर मिलेगा और बाद में आने वालों को क्रमवार गैस दी जाएगी। डीएम दीपक मीणा ने कहा कि जनपद में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। प्रशासन लगातार गैस कंपनियों और एजेंसियों के संपर्क में है तथा आवश्यकतानुसार सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि केवल जरूरत के अनुसार ही गैस बुक करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गोदामों में रखे सिलेंडरों की गिनती, स्टॉक रजिस्टर, वितरण सूची और होम डिलीवरी व्यवस्था की भी जांच की। डीएम और एसएसपी की इस सख्ती से गैस एजेंसियों में हड़कंप मच गया है, वहीं उपभोक्ताओं में भी प्रशासन की कार्रवाई से भरोसा बढ़ा है कि अब गैस वितरण व्यवस्था पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संचालित होगी।

### सहजनवां पुलिस की तत्परता: 6 घंटे में लापता भाई-बहन को सकुशल ढूंढ निकाला

सहजनवा क्षेत्र में लापता हुए दो मासूम भाई-बहन को पुलिस ने महज 6 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार नीतू पत्नी उमेश, निवासी मकराहट जो वर्तमान समय में रेलवे स्टेशन के पीछे किराए का कमरा लेकर रहती है और गीडा में काम करती है, थाना सहजनवां में बीती रात अपने दो बच्चों अंजलि (10 वर्ष) और राज (7 वर्ष) के अचानक लापता होने की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर तत्काल खोजबीन शुरू कर दी। थाना प्रभारी सहजनवां महेश कुमार चौबे के मार्गदर्शन में सब इंस्पेक्टर विशाल सिंह और सब इंस्पेक्टर सुरेश यादव ने पुलिस टीम के साथ तेजी से तलाश अभियान चलाया। करीब 6 घंटे की खोजबीन के बाद दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया गया। जांच में पता चला कि दोनों बच्चे घर से निकलकर पास के एक मैरिज हॉल में खाना खाने चले गए थे। पुलिस ने बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों को सौंप दिया, जिसके बाद परिवार ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# गैस सिलिंडर की कम आपूर्ति से वितरक परेशान डीएसओ को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर देवरिया।** जनपद देवरिया के इंडियन ऑयल एलपीजी वितरकों की संस्था, देवरिया एलपीजी वितरक संघ ने गुरुवार को जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) को ज्ञापन सौंपकर गैस वितरण में हो रही अव्यवस्था और सुरक्षा संबंधी समस्याओं से अवगत कराया। संघ ने चेतावनी दी कि यदि जल्द स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो गैस का सुचारू वितरण करना मुश्किल हो जाएगा। वितरकों ने बताया कि गैस गोदामों पर अनियंत्रित भीड़ लगने से ट्रकों से सिलेंडर उतारने में भी दिक्कत हो रही है। कई स्थानों पर असामाजिक तत्व डिलीवरी वाहनों को रास्ते में रोककर जबरन सिलेंडर उतार लेते हैं और कर्मचारियों से अभद्रता भी करते हैं। इस स्थिति को देखते हुए संघ ने मांग की है कि पुलिस की मौजूदगी में गोदाम से ही सिलेंडर वितरण कराया जाए।वितरकों ने इंडियन ऑयल के SDMS सॉफ्टवेयर में आ रही तकनीकी खराबी को भी बड़ी समस्या बताया। सॉफ्टवेयर ठीक से काम न करने के कारण ग्राहकों को DAC (डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड) नहीं मिल पा रहा है। जिससे वितरित सिलेंडरों का डेटा अपडेट नहीं हो रहा। इसके



चलते कागजों में स्टॉक अधिक और वास्तविकता में कमी की स्थिति बन रही है। उन्होंने बताया कि गैस प्लांट भी पूरी क्षमता से काम नहीं कर रहे हैं और पिछले महीने की तुलना में लगभग 80 प्रतिशत ही आपूर्ति हो रही है। जिले की अधिकांश एजेंसियों पर 2000 से अधिक सिलेंडरों का बैकलॉग हो गया है। इस मौके पर दीपू सिंह, केदार जायसवाल, जितेंद्र सिंह सुनीता इंडेन गैस, अरुण कुमार आशा गैस, अरुण यादव शगुन इंडेन, रत्नाकर भारती सत्यवती इंडेन, दिग्विजय मल्ल नीलांश इंडेन, ध्रुव कुमार करमूहा इंडेन गैस, राहुल विश्वकर्मा परसा जंगल इंडेन गैस, सुनील सिंह प्रिंस इंडेन गैस, पीयूष गुप्ता सुमित्रा इंडेन गैस, उमेश विश्वकर्मा श्री गणेश इंडेन गैस आदि वितरक उपलब्ध रहे। इंडियन ऑयल की 27 एजेंसियों में से 21 एजेंसी संचालक इस अवसर पर उपस्थित थे।

### जनपद न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के क्रम में जनपद न्यायालय के साथ-साथ सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होने जा रहा है, जिसके संदर्भ में जनपद न्यायाधीश राजीव कमल पाण्डेय ने राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च के संदर्भ में प्रचार प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय के साथ-साथ वाह्या न्यायालय कुंडा, लालगंज एवं सभी राजस्व व अन्य न्यायालयों में होने जा रहा है, जिसमें लोग अपने वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर करा सकते हैं। इस अवसर पर अपर जिला जज अजय कुमार, अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश एससीएसटी हेमंत कुमार, अपर जिला जज/नोडल अधिकारी लोक अदालत अंकिता दुबे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शांभवी द्वितीय सहित न्यायिक अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोरखपुर के खजनी तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम वरीवन्दुआरी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा व्यास मानस महाराज ने अपने मधुर वचनों से भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन करते हुए भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा व्यास ने बताया कि त्रेता युग में रुक्मिणी माता सीता के रूप में अवतरित हुई थीं और द्वापर युग में रुक्मिणी के रूप में स्वयं महालक्ष्मी का अवतार मानी जाती हैं। उन्होंने कहा कि भगवान के प्रत्येक अवतार में महालक्ष्मी किसी न किसी रूप में उनके साथ अवतरित होती हैं। श्रीकृष्ण की महारास लीला का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि जीवात्मा और परमात्मा के मिलन को ही महारास कहा जाता है।

उन्होंने कहा कि जब जीव के भीतर अहंकार और अभिमान उत्पन्न होता है तो वह भगवान से दूर हो जाता है, लेकिन जब कोई भक्त भगवान के विरह और अनुराग में



डूब जाता है, तब भगवान स्वयं उस पर कृपा करते हैं और उसे अपने दर्शन देते हैं। श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मिणी से हुआ था। रुक्मिणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह भगवान नारायण से अलग रह ही नहीं सकतीं। कथा के दौरान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम में चंद्रशेखर त्रिपाठी, ध्रुव देव त्रिपाठी, राजनारायण त्रिपाठी, विद्यासागर त्रिपाठी, संतोष त्रिपाठी, हरिश्चंद्र त्रिपाठी, रामप्रकट त्रिपाठी, अभिषेक त्रिपाठी, अर्पित त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# गोरखपुर में गैस सिलेंडर की ब्लैक मार्केटिंग का बड़ा खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की गकालाबाजारी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना गीडा पुलिस ने घरेलू गैस सिलेंडरों को ब्लैक मार्केटिंग कर निर्धारित मूल्य से अधिक दामों पर बेचने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देश पर पेट्रोलियम उत्पादों और घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री व कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी गीडा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय के नेतृत्व में गीडा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार पूर्ति निरीक्षक द्वारा दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया था कि कुछ लोग घरेलू गैस सिलेंडरों को अवैध रूप से



बाजार में अधिक दामों पर बेच रहे हैं। यह सिलेंडर आम उपभोक्ताओं के लिए निर्धारित होते हैं, लेकिन आरोपी इन्हें ब्लैक मार्केट में बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहे थे। शिकायत के आधार पर थाना गीडा में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पवन कुमार वर्मा निवासी वार्ड नंबर 18 बुद्धनगर थाना पीपीगंज, अली मोहम्मद निवासी गोपालनगर थाना रेवती जिला बलिया तथा शुभम जायसवाल निवासी पीपीगंज थाना पीपीगंज के रूप में हुई है। इनमें अली मोहम्मद ट्रक चालक बताया जा रहा है, जो गैस सिलेंडरों के परिवहन में शामिल था।

पुलिस के अनुसार आरोपी घरेलू गैस सिलेंडरों को अवैध रूप से एकत्र कर उन्हें निर्धारित कीमत से अधिक दामों पर बेचते थे, जिससे आम उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस मामले में थाना गीडा में मुकदमा अपराध संख्या 0110/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 316(2), 61(2) तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी की इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय के साथ हेड कांस्टेबल सुमंत यादव और कांस्टेबल पिंटू सिंह की अहम भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और इस अवैध गैस कारोबार में शामिल अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम लोगों से भी अपील की गई है कि यदि कहीं गैस सिलेंडर की अवैध बिक्री या अधिक दामों पर बिक्री की जानकारी मिले तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

# खजनी में गैस सिलेंडर की बरसात! लंबी किल्लत के बाद उपभोक्ताओं के चेहरों पर लौटी मुस्कान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी/गोरखपुर-** लंबे समय से रसोई गैस की मार झेल रहे खजनी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को गुरुवार को अचानक बड़ी राहत मिल गई। जब गैस सिलेंडरों से भरा वाहन क्षेत्र में दाखिल हुआ तो जैसे पूरे इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई। महीनों की किल्लत के बाद आखिरकार चूल्हे जलने की उम्मीद जगी। देखते ही देखते मां दुर्गा गैस एजेंसी (भारत गैस) के परिसर में सैकड़ों उपभोक्ता जुट गए। लोग कतार में लगकर अपने-अपने सिलेंडर लेने लगे। कई महिलाएं भावुक हो गई। एक महिला ने कहा, 'बहन, महीनों से गैस का नामोनिशान नहीं था। बच्चों को समय पर खाना नहीं मिल पाता था। लकड़ी के धुएं में आंखें जलती थीं। आज गैस मिल गई तो लग रहा है जैसे नई जिंदगी मिल गई हो। 'प्रशासन की सतर्कता ने इस पूरे माहौल को सुव्यवस्थित बनाए रखा। एसडीएम राजेश प्रताप सिंह के



सख्त निर्देश पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम पूरे समय मौके पर डटी रही। थाना प्रभारी जयंत सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने किसी भी प्रकार की भीड़भाड़ या कालाबाजारी की आशंका को पूरी तरह खारिज कर दिया। लेखपाल रवि कुमार लगातार निगरानी में जुटे रहे।

गुरुवार को कुल 468 सिलेंडर एजेंसी पर पहुंचे थे, जबकि गैस लेने के लिए करीब 600 लोग पहले से ही मौजूद थे। इतनी भीड़ के बावजूद वितरण प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी रही। एजेंसी मैनेजर अमरेश्वर राय उर्फ टप्पू राय ने बताया कि पहले से बुकिंग वाले उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी गई। यह घटना सिर्फ गैस वितरण की नहीं बल्कि प्रशासन की जनसेवा की मिसाल है। लंबे समय से खजनी क्षेत्र में गैस की कमी के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई परिवारों में महिलाएं सुबह से शाम तक गैस एजेंसी के चक्कर लगा रही थीं। कालाबाजारी की शिकायतें भी आम थीं। लेकिन गुरुवार को प्रशासन के सक्रिय हस्तक्षेप ने सारी स्थिति बदल दी। उपभोक्ताओं ने प्रशासन के इस कदम की भरपूर सराहना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे भी नियमित आपूर्ति बनी रहेगी और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई होती रहेगी। एजेंसी प्रबंधन ने भी आश्वासन दिया कि शीघ्र ही और सिलेंडर की आपूर्ति होगी ताकि कोई उपभोक्ता बिना गैस के न रह जाए। इस राहत ने न सिर्फ खजनीवासियों के चूल्हे जलाए बल्कि उनके दिलों में प्रशासन के प्रति विश्वास भी मजबूत किया।

## पेट्रोलियम पदार्थों के व्यवस्थापन के संबंध में स्पष्ट निर्देश किसी एजेंसियों के द्वारा गैस का ब्लैक/ गलत वितरण किया गया तो होगी एफआईआर: जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** जिला पंचायत सभागार, गोण्डा में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में पेट्रोलियम पदार्थो के व्यवस्थापन एवं सुचारु वितरण के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पंप संचालकों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य जनपद में पेट्रोलियम पदार्थो की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा उनके वितरण में पारदर्शिता बनाए रखना था। बैठक के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी संबंधित एजेंसियों के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों के वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी (ब्लैक मार्केटिंग) किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी गैस एजेंसी द्वारा गलत तरीके से गैस वितरण या कालाबाजारी की शिकायत



प्राप्त होती है तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कराते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद की सभी गैस एजेंसियों के कनेक्शनों का विवरण तथा गैस बुकिंग से संबंधित सभी आवश्यक डिटेल्स तत्काल उपलब्ध कराई जाएं, जिससे वितरण प्रणाली की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि सभी एजेंसियां निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुसार ही कार्य करें तथा उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।बैठक के दौरान पेट्रोल पंप संचालकों के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से पेट्रोलियम पदार्थों का संग्रहण न करें।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी बनाए रखी जाए, ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनपद में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत, नगर मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा, उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी करनैलगंज, उपजिलाधिकारी तरबगंज, पुलिस क्षेत्राधिकारी मनकापुर, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर, जिला पूर्ति अधिकारी सहित सभी एजेंसियों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 140 महिलाओं को किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर -** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर पंचायत गोला के सभागार में बाईफ व एल एंड टी के संयुक्त तत्वावधान में संचालित डिजिटल सखी परियोजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 140 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को स्वरोजगार, डिजिटल साक्षरता और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष लालती देवी, परियोजना प्रबंधक डीसी वर्मा तथा सभासद प्रतिनिधि शत्रुघ्न कसौधन उपस्थित रहे। इस दौरान परियोजना से जुड़े पदाधिकारी, कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी मौजूद रहीं। नगर पंचायत अध्यक्ष लालती देवी ने कहा कि महिलाएं समाज की शक्ति हैं और जब वे आर्थिक रूप से सशक्त होती हैं तो परिवार




और समाज दोनों का विकास होता है। डिजिटल सखी जैसी पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय कदम है। भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन ने कहा कि आज का समय डिजिटल युग का है और महिलाओं का इस क्षेत्र में आगे आना बेहद जरूरी है। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं जिस तरह से डिजिटल सखी परियोजना के माध्यम से जागरूकता फैला रही हैं, वह ग्रामीण समाज में बदलाव की बड़ी मिसाल है। सरकार भी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार योजनाएं चला रही है और ऐसे कार्यक्रम महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। परियोजना प्रबंधक डीसी वर्मा ने परियोजना की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डिजिटल सखी परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को डिजिटल साक्षरता, वित्तीय जागरूकता और स्वरोजगार से जोड़ना है। इस पहल के माध्यम से महिलाओं को मोबाइल, ऑनलाइन सेवाओं, बैंकिंग और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, जिससे वे न केवल स्वयं सशक्त बन रही हैं बल्कि अन्य महिलाओं को भी जागरूक कर रही हैं।

# महिलाओं के सशक्तिकरण में सक्रिय भूमिका निभा रहीं समाजसेवी : सविता तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के समाजसेवा और संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय वरिष्ठ भाजपा नेता सविता तिवारी जो वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा बस्ती की जिला मंत्री के पद पर कार्यरत हैं क्षेत्र में महिलाओं के सशक्तिकरण और जनसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ा रही हैं। सविता तिवारी समाज के विभिन्न वर्गों विशेषकर महिलाओं को जागरूक करने और उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत रहती हैं। वे समय-समय पर गांवों में जाकर महिलाओं को शिक्षा स्वास्थ्य स्वच्छता तथा आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक



करती हैं और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी देती हैं।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के बिना समाज और राष्ट्र का विकास अधूरा है। इसलिए महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से भाजपा महिला मोर्चा के माध्यम से संगठन को मजबूत करते हुए वे सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रही हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सविता तिवारी हमेशा जनहित के मुद्दों को लेकर सक्रिय रहती हैं और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आती हैं सब के सुख दुख में पहुंची रहती हैं वृद्ध, गरीब, असहाय ,लोगों की बराबर मदद करती रहती हैं घर-घर महिलाओं के बीच जाकर उन्हें समय-समय से जागरूक करती रहती हैं। राजेंद्र चौधरी बृजेश मौर्य अजमत अली खान मोहित पटेल ने बताया कि ठंडी के सीजन में लोगों के बीच पहुंचकर कंबल वितरण का कार्य गर्मी के दिनो में हर चौराहे पर पिए जल की व्यवस्था नौ दिन के नवरात्र में फलहार वितरण की व्यवस्था चलती रहती है उनके इस सामाजिक और संगठनात्मक कार्यों की क्षेत्र में बहुत ही सराहना की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने जुमा अलविदा के लिए धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर लिए सुझाव




**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गुरुवार 12 मार्च नगर पालिका परिषद गोला के सभागार में इस्लाम धर्मगुरुओं के साथ नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने व्यवस्था सम्बन्धी बैठक की। बताते चलें इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र और नौवां महीना है। मुस्लिम समुदाय के लिए यह समय इबादत, आत्म-संयम और दान-पुण्य का होता है।रमजान के अंतिमशुक्रवार को अलविदा की नमाज़ अदा की जाती है ।अलविदा की नमाज़ के लिए व्यवस्था के लिए सुझाव लिए गए। सुझावों को सुनने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि,' ईदगाह के रास्ते में सफाई, पानी, रेखांकन आदि के साथ नगर की मस्जिदों के पास भी सफाई, रेखांकन किया जाएगा। बैठक में राजा जफ़र उल्ला,सभासद रज्जन खान,साहिद अंसारी, इजरान अली, मो0 हनीफ, मो0 आसिफ खान,मोहम्मद सलीम अंसारी( सदर), हसन रज़ा बरकाती, मजीद खान एड, अरफाक अंसारी, इरसाद हुसैन खान, इस्तियाक खान,मो0 एहसान अली आदि मौजूद रहे।

### विवाद के घेरे में रहा गौ आश्रय, जिम्मेदार दे रहे गोलमटोल जवाब



**मितौली खीरी** विकास खंड बेहजम क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसारा में स्थित गौ आश्रय इन दिनों विवादों के घेरे में बना हुआ है। जानकारी के अनुसार गौ आश्रय में व्यवस्थाओं को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे। मामला बढ़ता देख जिम्मेदारों ने खुद को घिरता हुआ महसूस किया और गौ आश्रय को बसारा पंचायत से हटाकर लखीमपुर की सदर ब्लॉक में शिफ्ट कर दिया गया। बताया जा रहा है कि शिकायतकर्ता की ओर से की गई शिकायत पर भी सही तरीके से जांच नहीं की गई। आरोप है कि गलत जांच रिपोर्ट लगाकर उच्च अधिकारियों को जवाब दिया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गौ आश्रय में करीब 99 पशुओं को कागजों में भागा हुआ दिखा दिया गया, जबकि हकीकत में कई पशु भूख-प्यास और लापरवाही के कारण दम तोड़ रहे थे। हैरानी की बात यह भी बताई जा रही है कि जिन पशुओं के भाग जाने की बात कही जा रही है, उनके टैग अभी भी सुरक्षित रखे हुए हैं, जिससे पूरे मामले पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस पूरे प्रकरण को लेकर ग्रामीणों में रोष है और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### बीमार पड़ी गाय का कराया गया उपचार



**बरेली/**विकासखंड विथरी चैनपुर थाना भुता क्षेत्र के गांव सरकडा सड़क के किनारे बीमार अवस्था में गाय पड़ी होने की सूचना दिए जाने पर गौ सेवकों ने पशु चिकित्सक को बुलवाकर उसका उपचार कराया कार्य अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेवा के जिला अध्यक्ष अजय पटेल के द्वारा कराया गया इस मौके पर राहुल अमन नागेंद्र झनकारी आदि लोग उपस्थित थे।

# बुकिंग के बावजूद कई-कई दिन से एजेंसी के चक्कर काट रहे लोग, फोन नंबर भी नहीं उठा रहे कर्मचारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** शहर में संचालित गैस एजेंसियों की अव्यवस्था और लापरवाही के चलते उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गैस बुकिंग के लिए जारी किए गए मोबाइल नंबरों पर फोन नहीं लग रहा है और जिन उपभोक्ताओं ने पहले से सिलेंडर बुक करा रखा है, उन्हें भी गैस एजेंसियों द्वारा सिलेंडर नहीं दिया जा रहा। एजेंसी पर पहुंचने वाले उपभोक्ताओं को हर बार 'सर्वर डाउन' होने का हवाला देकर वापस लौटा दिया जाता है।

मोहल्ला अर्जुन नगर कॉलोनी निवासी इकरार का कहना है कि उनका गैस सिलेंडर तीन दिन पहले ही बुक हो चुका है और उसके कागजात भी मौजूद हैं, लेकिन अभी तक उन्हें सिलेंडर नहीं मिला। वह लगातार एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं, मगर हर बार सर्वर डाउन बताकर टाल दिया जाता है। इसी तरह ऊंची बोर निवासी दिलीप कश्यप ने बताया कि उन्होंने भी तीन दिन पहले गैस सिलेंडर बुक कराया था। जब वह त्रिलोक गिरी मार्ग स्थित प्रिया गैस एजेंसी पहुंचे तो वहां भी कर्मचारियों ने सर्वर न चलने की बात कहकर सिलेंडर देने से मना कर दिया।

खुटार रोड निवासी मोहम्मद इसरार अंसारी का कहना है कि गैस बुकिंग के लिए दिए गए नंबर पर वह लगातार कॉल और मैसेज कर रहे हैं, लेकिन न तो फोन उठाया जा रहा है और न ही उनकी बुकिंग हो पा रही है। मुन्नूगंज निवासी सद्दाम ने बताया कि उनका सिलेंडर पहले से बुक है, लेकिन गोला गैस एजेंसी पहुंचने पर वहां बैठे मैनेजर ने साफ कह दिया कि सर्वर नहीं चल रहा है, इसलिए सिलेंडर नहीं दिया जा सकता। वहीं सरकारपुर बांकेगंज रोड निवासी जावित्री देवी का आरोप है कि उनका सिलेंडर बुक होने के बावजूद एजेंसी से गैस नहीं दी जा रही। वह कई दिनों से एजेंसी के चक्कर लगा रही हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है।

**उपभोक्ताओं में बढ़ रहा आक्रोश**

लगातार हो रही इस परेशानी से उपभोक्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो रसोई गैस का संकट खड़ा हो सकता है। उपभोक्ताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गैस एजेंसियों की जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और लोगों को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए।

### होली के बाद फिरोजाबाद में बढ़ी गर्मी, पारा 35 डिग्री पहुंचा, लोग बेहाल

**फिरोजाबाद।** होली के त्योहार के बाद मौसम का मिजाज गर्म होने लगा है। मंगलवार को सुबह से मौसम साफ रहने के बाद दोपहर में तेज धूप खिल रही। दोपहर डेढ़ बजे तेज धूप के कारण हाईवे और मुख्य मार्गों पर दुपहिया वाहन चालक और राहगीर परेशान नजर आए। अधिकतम तापमान 35 डिग्री तक पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जनवरी में कड़ाके की ठंड के कारण आमजन जीवन प्रभावित रहा। गलन भरी ठंड के कारण लोग घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। फरवरी में ठंड धीरे-धीरे कम होने पर लोगों को थोड़ी राहत मिली। गर्म कपड़े भी लोगों ने पैक करके रख दिए। होली के त्योहार के बाद सूर्यदेव की तपिश तेजी से बढ़ती जा रही है। दोपहर में तेज धूप के कारण लोगों को सड़कों पर परेशान नजर आ रहे हैं। वहीं रात में भी गर्मी अधिक होने से लोग बेचैन हो रहे हैं। साथ ही मच्छरों की फौज बढ़ने से लोग चैन की नींद नहीं सो पा रहे। मंगलवार को दोपहर एक बजे तक तापमान बढ़कर 35 डिग्री तक पहुंच गया है। गर्मी से राहत पाने के लिए दुकानों पर लोग पानी के पाउच और शीतल पेय पदार्थ का सहारा लिया। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो-तीन दिन में अधिकतम तापमान बढ़ने के साथ आसमान में बादल भी छा सकते हैं।

# नीमगांव पुलिस ने 50 हजार के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नीमगांव खीरी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नीमगांव पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने 50 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में थाना नीमगांव पुलिस टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए अवछन पुत्र लल्लन (उम्र करीब 28 वर्ष), निवासी ग्राम पीपरपुर थाना फरधान, जनपद खीरी को बाहेपुरा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक अदद देशी तमंचा 315 बोर, दो अदद जिंदा कारतूस 315 बोर तथा एक मोटरसाइकिल (नंबर UP34BC9195) बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मु.अ.सं. 92/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके विरुद्ध थाना फरधान में मु.अ.सं. 37/2026 धारा 309(4) बीएनएस सहित अन्य प्रकरण दर्ज हैं। इस गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम के उपनिरीक्षक जितेन्द्र पाल सिंह, उपनिरीक्षक संदीप यादव, हेड कांस्टेबल निसार अहमद, कांस्टेबल शैलेन्द्र शुक्ला, कांस्टेबल मनीष कुमार सहित सर्विलांस सेल की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अप्सरा नदी के बांध पर लगा जाम जाम में क्यों फसी एम्बुलैंस लड़िया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/**क्यों लड़िया विकासखंड भदपुरा के अंतर्गत क्यों लड़िया में स्थित अप्सरा नदी पर बने बांध पर आज जाम लग गया जिसमें एम्बुलेंस फस गई ज्ञात रहे इस बांध को ब्रिटिश शासन काल में इस बांध से सिंचाई के लिए निकल गई शारदा सागर खंड नहर शाहजहांपुर बनाई गई थी। उस समय इस बांध का निर्माण कराया गया था सूत्रों के अनुसार जिस समय इसका निर्माण हुआ उस समय लोगों के पास यातायात एवं कृषि के इतने संसाधन नहीं थे इस कारण इस बांध की चौड़ाई कम रखी गई बताया जाता है उसे समय केवल प्रशासनिक वहां ही निकलते थे परंतु बदलते युग में आज लोगों के पास कृषि करने के लिए ट्रैक्टर ट्राली एवं चार पहिया वाहन यातायात के लिए है।

परंतु बांध जर जर होने के साथ काफी समय पूर्व इस पर बड़े वाहनों के प्रतिबंध लगाया गया था परंतु इस बांध के निर्माण की आवश्यकता है जिसे किसी भी जनप्रतिनिधि ने बनवाने की जनमत नहीं जुटाई गई है जिसके कारण इसका खामियाजा यहां की जनता झेल रही है कभी ट्रैक्टर ट्राली नहर में गिर जाता है तो कभी जाम लगने से लोगों को भारी संकट का सामना करना पड़ता है। जिसके तहत आज इस बांध पर लगे जाम में एंबुलेंस भी फस गई जिसे हर हाल में सभी रास्ता देते हैं परंतु जाम लगने के कारण एम्बुलेंस लंबे समय तक जाम में फैंसी रही किसी तरह जाम खुला तब जाकर एंबुलेंस अपने मुकाम पर पहुंची चुनाव के समय जनप्रतिनिधि झूठे दावे करके जनता का वोट हासिल करने के बाद वापस लौटकर नहीं देखते हैं जिसका परिणाम भदपुरा की जनता झेल रही है यह वह क्षेत्र है तो सदैव विधानसभा का मार्ग खोलता परन्तु नेता चुनाव जीतने के बाद इसे भूल जाते हैं।

### फिरोजाबाद में गैस की किल्लत, बुकिंग के लोड से कंपनियों के सर्वर डाउन; उपभोक्ता रहे परेशान

फिरोजाबाद। इजरायल ईरान युद्ध के बाद से गैस सिलिंडर मिलना अब मुश्किल हो गया है। बुकिंग के नियमों में बदलाव हुआ है। इसमें 20 के स्थान पर अब 25 दिन बाद सिलिंडर की बुकिंग होगी। शहर में गुरुवार को हालात गंभीर नजर आए। बुकिंग के लोड से गैस कंपनियों के सर्वर तक जवाब दे गए, जिससे उपभोक्ता काफी परेशान रहे। कार्यालयों के साथ गैस गोदाम पर सिलिंडर पाने के लिए लोगों की काफी भीड़ लगी रही। गैस बुकिंग को लेकर उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आनलाइन बुकिंग के लिए ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) नहीं मिलने से उपभोक्ता सिलिंडर बुक नहीं कर पा रहे हैं। आफलाइन बुकिंग के लिए गैस कंपनियों पर जाना पड़ रहा है। गुरुवार को बाईपास स्थित मारुति गैस सर्विस, जैन नगर स्थित कमला गैस सर्विस, सुहाग नगर स्थित जय नारायन सहित गैस कंपनियों पर बुकिंग के दबाव में सर्वर भी फेल हो गया, जिससे काफी परेशान रहे। एक माह पूर्व सिलेंडर की बुकिंग और डिलीवरी आसानी से हो रही थी। लेकिन ईरान युद्ध के चलते हालात बदल गए हैं। 25 दिनों के बाद ही नए सिलेंडर की बुकिंग हो रही है। साथ ही सिलिंडर की डिलीवरी पांच से सात दिनों में हो रही है। गैस गोदामों पर सुबह से सिलिंडर लेने के लिए लोगों की भीड़ थी।

# ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नीमगांव खीरी।** विकासखंड मितौली के सत्यम पब्लिक स्कूल में ग्राम प्रधानों, स्थानीय प्राधिकारियों, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों व सचिवों की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय परिषद सदस्य, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी मितौली भगवान राव ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय तथा चुरई पूर्वा विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया।

मुख्य अतिथि जुगल किशोर ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय एक पवित्र शिक्षा का मंदिर है। उन्होंने उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं से आह्वान किया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ खेलकूद, महापुरुषों के जीवन चरित्र और सामान्य ज्ञान की शिक्षा भी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों और विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों की भी जिम्मेदारी है कि वे समय-समय पर विद्यालयों का निरीक्षण करते रहें।

उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। बच्चों के बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, समय पर शिक्षकों की उपस्थिति, निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें, मध्यान्ह भोजन, ड्रेस और नजदीकी गांवों में विद्यालय खोलने जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा, 'विद्याधनम् सर्वधन प्रधानम', इसलिए बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए।

पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं प्रधान प्रतिनिधि सर्वेश सिंह ने भी शिक्षा को समाज के विकास की आधारशिला बताया। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार व सुशील शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। खंड शिक्षा अधिकारी भगवान राव ने संगोष्ठी की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से शिक्षकों और विद्यार्थियों को नई प्रेरणा मिलती है तथा शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर सार्थक विचार-विमर्श होता है। इस अवसर पर प्रधान लालाराम, दिलीप सिंह, प्रमोद सिंह, मदन शुक्ला, राकेश राठौर, कस्तूरबा वार्डेन माया सिंह, परमानंद यादव, जमाल अहमद, महामंत्री सलीम अहमद, विनय पांडेय, राम प्रकाश त्रिवेदी, संतोष भार्गव, कुलदीप सिंह यादव, आशुतोष वर्मा, रोहित शुक्ला, रामनिवास वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, आदित्य नारायण अवस्थी, शिवम द्विवेदी, आनंदपाल, शिवराम राठौर, राजेश गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी मुनेश कैथवार, समाजसेवी मुन्नालाल सोनी सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान, शिक्षक-शिक्षिकाएं, मीडिया प्रतिनिधि और सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद की वैज्ञानिक सलाहकार समिति बैठक का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, जमुनाबाद, लखीमपुर खीरी द्वारा आज वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशक डॉ. वी.के. त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें वर्ष 2025 की प्रगति आख्या और वर्ष 2026 की कार्य योजना प्रस्तुत की गई। इस समिति की बैठक में निदेशक प्रसार ने सुझाव दिए कि टपक सिंचाई को बढ़ावा दिया जाए, महत्वपूर्ण स्थानीयमांग के अनुसार परीक्षण कराया जा। किसान अपने खेती और संसाधन से अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने पर चर्चा हुई। निदेशक प्रसार ने देसी गाय को पालने तथा इसके उत्पाद से विभिन्न प्रकार के पदार्थ को बनाकर खेत में प्रयोग कर लाभदायक सूक्ष्म जीवों की संख्या में वृद्धि तथा कृषि उत्पादन लागत में कमी लाने की जानकारी दी। गन्ना के साथ उन्होंने अतः फसली खेती करने, विविधीकरण को बढ़ावा देने, पशुओ के अवशिष्टों को प्रयोग कर लाभदायक खेती करने के विषय में बताया। गन्ने की फसल के साथ फल वृक्ष लगाने पर जोर दिया, उन्होंने कहा कि जिन फसलों में सूत्र कृमि का प्रकोप होता है यदि उसमें गेंदें के पौधे लगा दिए जाएं तो इससे उनका नियंत्रण होता है। बगीचों में हल्दी को लगाने त्रिस्तरीय फसल पद्धति को बढ़ावा देने, जैव कीटनाशकों जैसे नीम ऑयल तथा नीम की पत्तियों द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पादों के प्रयोग करने के विषय में बताया तथा यह भी कहा कि हल्दी को कच्ची बेचने की बजाय उसका पावडर बनाकर विक्रय करने तथा आलू की ग्रेडिंग करके बेचने को कहा तथा खरपतवार नियंत्रण को कम लागत में समाप्त करने के विषय में बताया तथा उपस्थित कृषकों से कहा कि वे अधिक से अधिक लाभ कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई तकनीक द्वारा प्राप्त करें। केंद्र के अध्यक्ष डॉ. एस.के. विश्वकर्मा ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद लखीमपुर खीरी द्वारा तकनीकों का जनपद में बड़ी तेजी से प्रचार प्रसार हो रहा है जिससे कि किसानों के प्रति इकाई उत्पादन बढ़ा है साथ ही साथ उन्हें लाभ भी हो रहा है गन्ना शोध केंद्र जमुनाबाद के वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. सरनाम सिंह ने कहा कि योजनाओं में टपक सिंचाई विधि को शामिल करने से आधुनिक फसलों के साथ-साथ गन्ने की फसल में भी लाभ मिलता है भूमि संरक्षण अधिकारी श्री सुभाष चंद्र ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा हमेशा योजनाओं को बढ़ावा देने में मदद मिलती है उन्होंने यह भी कहा की साठा धान पर चर्चा हो जिससे कि किसानों के इसके दुष्प्रभाव को बताया जा सके पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर वर्मा ने कहा कि देसी गाय को बढ़ावा देने के लिए कृत्रिम गर्भाधान द्वारा ज्यादा से ज्यादा बछिया ही पैदा होती है ऐसी तकनीक आ गई है, उन्होंने बकरियों में भी कृत्रिम गर्भाधान के विषय में बताया तथा कृमि नाशकों के प्रयोग की जानकारी दी।




प्रगतिशील किसान अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा समय-समय पर क्षेत्र भ्रमण द्वारा तकनीकी जानकारी दी जाती रहती है जिससे कि वे सफलतापूर्वक मुर्गी पालन व्यवसाय कर पा रहे हैं, प्रगतिशील किसान तरलोचन सिंह ने कहा कि ऐसे बायो डीकंपोजर बनाए जाएं जो कि जल्दी से फसल अवशेष को सड़ा सके। प्रमोद कुमार शुक्ला ने कहा कि गन्ने में अतः फसली खेती करने से अतिरिक्त लाभ मिलता है, केंद्र के सस्य वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन, उद्यान वैज्ञानिक डॉ. मोहम्मद सोहेल, प्रसार वैज्ञानिक डॉ. जिया लाल गुप्ता तथा पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. एन.के. त्रिपाठी सहित सभी वैज्ञानिकों ने अपने अपने विषय से संबंधित 2025 की प्रगति आख्या और 2026 की कार्य योजना प्रस्तुत की जिसमें विस्तार पूर्वक चर्चा की गई तथा सुझाव मांगे गए जिस पर कार्य किया जाना है। तत्पश्चात केंद्र की विभिन्न गतिविधियों से संबंधित इकाइयों जैसे बत्तख पालन, मुर्गी पालन, केचुआ पालन का निदेशक प्रसार द्वारा अवलोकन किया गया और इसे और बेहतर करने को कहा गया।

# दो वर्षों से माध्यमिक शिक्षा परिषद नहीं भेज पाया अंक पत्रों का सत्यापन

● **संबंधित जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** सिकटिहा कुसुमौरी निवासी एक पत्रकार ने माध्यमिक शिक्षा परिषद के अधिकारियों द्वारा अंकपत्रों का गत लगभग दो वर्ष बीत जाने के बाद भी सत्यापन न भेजने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए मुख्यमंत्री उ0प्र0 को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की है। मुख्यमंत्री को ऑन लाइन संदर्भ संख्या 40015326010649 से भेजे गए इस पत्र में ब्लॉक फूलबेहड़ के ग्राम पंचायत कुसमौरी सिकटिहा निवासी पत्रकार हरिशंकर मिश्र कहा है कि उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी से अनुरोध कर दो शिक्षको की नौकरी में लगाये गये अंकों पत्रों के सत्यापन की मांग की थी जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय खानपुर के प्रधानाध्यापक ब्लाक फूलबेहड खीरी के शैक्षिक अभिलेख बी0टी0सी0 परीक्षा वर्ष 1993 के सम्बन्ध में पत्रांक सं0 2758 दिनांक 27.06.2025 को सचिव नियमावली प्राधिकारी उ0प्र0 प्रयागराज व परीक्षा नियंत्रक वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर उ0प्र0 को पत्रांक सत्यापन 2832 दिनांक 24.07.2024 को शैक्षिक अभिलेख सत्यापन हेतु सचिव परीक्षा प्राधिकरण प्रयागराज उ0प्र0 पत्रांक सत्यापन 2831 दिनांक 24. 07.2024 को प्रभू नरायन यादव, बालचन्द शिक्षक की शैक्षिक बी0टी0सी0 प्रमाण पत्र बालचन्द्र प्रधानाध्यापक ग्रन्ट नं0 11 के ब्लाक फूलबेहड़ के माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 पत्रांक सत्यापक 2830 दिनांक 24.07.2025 तथा प्रभु नरायन यादव पुत्र पवन यादव के शैक्षिक अभिलेख सत्यापन के लिए अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 के पत्रांक सं0 2827 दि0 24.07.2024 को सत्यापन के लिए भेजा। परन्तु कई माह तक जब सत्यापन नही आया तो उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी से सम्पर्क किया तो बताया गया कि जब तक वहां से सत्यापन नहीं आ जाता है तब तक हम कोई कार्यवाही नही कर पायेगें तब वह प्रयागराज में सम्बन्धित अधिकारियों के पास गये तो अधिकारियों ने कहा कि हमारे बाबू से मिल ले वही लोग सत्यापन भेजेगें तब वह सम्बन्धित बाबुओं से मिले तो उन्होनें बताया कि उपरोक्त सत्यापन 15 दिन में लखीमपुर खीरी बेसिक शिक्षा कार्यालय में भेज दिये जायेगें परन्तु प्रयागराज में भी उन्हें अधिकारियों एवं उनके लिपिकों से मिले करीब 1 वर्ष हो रहा है परन्तु आज तक सत्यापन नही आया जिस कारण फर्जी अंक पत्र पर नौकरी करने वाले आराम से वेतन ले रहे है तथा पेंशन भी उठा रहे है।

उन्होंने सत्यापन न भेजने वाले संबंधित संस्थान के अधिकारियों तथा बाबूओं पर कार्यवाही करने तथा उपरोक्त लोगों का सत्यापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी में अतिशीघ्र भेजवाने की मांग की है जिससे कि मामले में संबंधित दोषियों की पोल पटटी खुल सके तथा फर्जी अंकपत्र पर नौकरी करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही हो सके। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी इनकी शिकायत पर कई वर्ष की काफी टालमटोल के बाद तीन फर्जी अध्यापकों पर कार्यवाही हुई थी।

# नकाबपोश बदमाशों ने घर पर बोला धावा, महिलाओं को बनाया बंधक, नगदी व जेवरात लेकर हुए रफूचक्कर

● **निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर सम्पन्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां सीतापुर** बिसवां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मतिकरपुर में गुरुवार की रात असलहा धारी बदमाशो ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चार नकाबपोश बदमाशों ने ग्रामीण अनूप यादव के घर को निशाना बनाया और मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर दाखिल हो गए। बदमाशों ने घर में मौजूद महिलाओं को असलहे के बल पर डरा-धमकाकर बंधक बना लिया और फिर अलमारी का ताला तोड़कर करीब डेढ़ से दो लाख रुपये के जेवरात और नगदी समेटकर रफूचक्कर हो गए। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पूरे इलाके में डर का माहौल बना हुआ है। ?पीड़ित परिवार के मुताबिक, घटना उस वक्त हुई जब घर के सभी सदस्य गहरी नींद में थे। बदमाशों ने सबसे पहले मुख्य द्वार को तोड़ा, जिसकी आहट पाकर घर की बुजुर्ग सास, बहू और पोती जाग गई। इससे पहले कि वे शोर मचा पातीं, बदमाशों ने उन पर असलहा तान दिया और चुप रहने की धमकी दी। डरी-सहमी महिलाओं के सामने ही बदमाशों ने घर के कीमती सामानों को खंगाला और लूटपाट कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी बिसवां, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बिसवां, फरेन्सिक टीम ने पहुंचकर जांच कर साक्ष्य संकलन किया।



# मिश्रिख़ में रसोई गैस को लेकर उपभोक्ता परेशान,ओटीपी की समस्या का नही हो रहा कोई समाधान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मिश्रिख (सीतापुर)** अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण अफाहों का बाजार गर्म है । जिसका पूरा फायदा पेट्रोलियम कम्पनियां उठा रही है । कस्बा मिश्रिख में सीतापुर हरदोई रोड पर कनोजिया भारत गैस ऐजेंसी स्थित है । इस गैस एजेंसी के संचालक व्दारा शहर से लेकर गांव गली तक रसोई गैस की बराबर आपूर्ति की जाती थी । परन्तु ईरान , इजराइल युद्ध के कारण रसोई गैस की होम डिलवरी आपूर्ति पूरी तरह से बंद है। शहर से लेकर गांवो तक गैस को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। कस्बा मिश्रिख में भारत गैस ऐजेंसी पर सुबह भोर होते ही सैकड़ो गैस उपभोक्ताओं की लम्बी लाइन लग जाती है।कभी कभी ओटीपी की समस्या के कारण उपभोक्ताओं को दूसरे दिन भी दौड़ कर आना पड़ता है।वही गैस की किल्लत और कालाबाजारी को लेकर जब कनोजिया गैस एजेंसी संचालक सुनील कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गैस की कोई कमी नही है।सॉफ्टवेर अपडेट हुआ है। अब गैस की बुकिंग 21 दिन की जगह 25 दिन में बुकिंग का प्रावधान कर दिया गया है। अब बिना ओटीपी के गैस सिलेंडर नही मिल पाएगा।इसी से लोगो की भीड़ लग रही है।कभी-कभी उपभोक्ता एक बार गैस सिलेंडर ले जा चुके है दूसरे सिलेंडर के लिए फिर से लाइन में लगकर भीड़ बढ़ा रहे है। लोग अफवाहों पर ध्यान देकर अपनी जरूरत से अधिक गैस सिलेंडर भरवा रहे है। जिसके कारण लोगों की ज्यादा भीड़ लग रही है।सभी को गैस दी जा रही है। अधिकारियों की गाइडलाइन का पूरा पालन किया जा रहा है।वही सीतापुर जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने सीतापुर में आशीर्वाद गैस एजेंसी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ को देखा उन्होंने साफ स्पष्ट किया है कि जिनकी पहले बुकिंग है उनको पहले गैस सिलेंडर दे।कालाबाजारी करने वालो पर शख्त नजर रखी जा रही है।जो लेखपाल गैस एजेंसियों पर ड्यूटी में लगे है। वो रोजाना संबंधित अधिकारियों को अपडेट दे।

## संक्षिप्त खबरें

### भदोही पुलिस और प्रशासन ने अफवाहों पर लगाई सख्त रोक

**भदोही।** ईरान-इज़राइल तनाव और आगामी त्योहारों रामनवमी, अलविदा जुमा, ईद आदि के मद्देनजर, भदोही पुलिस और प्रशासन ने ईंधन पेट्रोल/डीजल, एलपीजी सिलेंडर और उप निरीक्षक उत्तर प्रदेश भर्ती परीक्षा संबंधी अफवाहों को रोकने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि वे बिना पुष्टि के किसी भी खबर या वीडियो को साझा न करें और घबराहट में आकर ईंधन या गैस सिलेंडर जमा न करें। कालाबाजारी करने या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस बल त्योहारों के दौरान सतर्क रहेगा और सोशल मीडिया पर निरंतर निगरानी रखी जाएगी।एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि किसी भी संदिग्ध सूचना को तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें और अफवाहों से बचें।

### भदोही पुलिस ने 150 गुम मोबाइल फोन बरामद कर स्वामियों को लौटाए



**भदोहीः** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आगामी त्योहारों ईद, नवरात्रि और रामनवमी के अवसर पर 150 गुम या खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए। इन मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत लगभग पच्चीस लाख पचास हजार रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के दिशा-निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी थानों के कंप्यूटर ऑपरेटरों ने सीईआईआर पोर्टल, जनसुनवाई और डायल 112 के माध्यम से मोबाइल फोनों की ट्रेसिंग कर त्वरित बरामदगी सुनिश्चित की। आज रिजर्व पुलिस लाइन्स, ज्ञानपुर के सभागार में बरामद मोबाइल फोनों को उनके स्वामियों को सौंपा गया। मोबाइल वापस पाकर स्वामियों ने पुलिस टीम को धन्यवाद दिया और उनकी सराहना की।

### ज्ञानपुर में नवनिर्मित मकान से साढ़े पांच क्विंटल सरिया और ग्राइंडर मशीन चोरी

क्राइम
स्वतंत्र प्रभात

**भदोहीः** ज्ञानपुर कोतवाली क्षेत्र के लखनो त्रिमुहानी के पास नवनिर्मित मकान से साढ़े पांच क्विंटल सरिया और ग्राइंडर मशीन चोरी कर ली गई। मकान के मालिक, केशवपुर सरपतहां निवासी मुकेश कुमार शुक्ला, ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने विद्यालय के बगल स्थित मकान का निर्माण कर रहे थे। शिकायत के अनुसार बुधवार की रात चोरों ने मकान में प्रवेश कर जनरेटर को क्षतिग्रस्त किया, टाइल्स, हैंडपम्प की प्लास्टिक पाइप और पानी की टंकी को तोड़कर नुकसान पहुंचाया। गुरुवार की सुबह जानकारी मिलने पर पीड़ित ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की माँग की। ज्ञानपुर पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद जांच शुरू कर दी है।

### एक वर्ष बाद भी नही बना मृत्यु प्रमाण पत्र, डीएम को दिया शिकायती पत्र

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात www.swatantraprabhat.com जो लिखेगा, वही टिकेगा

**गोपीगंज।** क्षेत्र के डूहिया गांव निवासी दीनानाथ शुक्ल की पत्नी स्वर्गीय राजकुमारी शुक्ला के निधन के एक वर्ष बाद भी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नही हो पाया है,सचिव पर अनावश्यक परेशान करने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की गई है, गुरुवार को जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर श्री शुक्ल ने अवगत कराया कि उनकी पत्नी राजकुमारी का मार्च 025 मे निधन हो गया था,मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सभी प्रक्रिया पूरी कर सचिव को दे दिया गया है, लेकिन आज तक प्रमाण पत्र जारी नही किया गया,कई बार ग्राम प्रधान व सचिव से संपर्क किया गया लेकिन कोई कार्रवाई नही हो पा रही हैं,प्रमाण पत्र जारी न होने से आवश्यक काम बाधित हो गया हैं। प्रार्थना पत्र देकर प्रमाण पत्र जारी कराने की मांग की है।

# देवरिया कला में श्रीमद्भागवत कथाः पंडित हरीश शास्त्री जी महाराज ने सुनाई ध्रुव चरित्र की कथा

**● ध्रुव चरित्र हमें यह प्रेरणा देता है कि जीवन में अपमान और कठिनाइयों से घबराने के बजाय दृढ़ संकल्प और भगवान की भक्ति के साथ आगे बढ़ना चाहिएः हरीश शास्त्री महाराज**


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रुपईडीह (गोंडा)।** विकासखंड रुपईडीह के अंतर्गत ग्राम देवरिया कला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा के तृतीय दिवस पर कथा वाचक पंडित हरीश शास्त्री जी महाराज ने भक्त ध्रुव के चरित्र का विस्तार से वर्णन करते हुए भक्ति, दृढ़ संकल्प और भगवान के प्रति अटूट विश्वास का संदेश दिया।

महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत में वर्णित ध्रुव चरित्र हमें यह सिखाता है कि सच्ची श्रद्धा और अडिग संकल्प से मनुष्य अपने जीवन में महान ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल में राजा उत्तानपाद की दो रानियां थीं–सुनीति और सुरुचि। सुनीति के पुत्र ध्रुव एक दिन अपने पिता की गोद में बैठने गए, लेकिन सौतेली माता सुरुचि ने उन्हें कठोर शब्दों में रोकते हुए कहा कि यदि उन्हें राजा की गोद में बैठना है तो पहले भगवान से प्रार्थना करनी होगी कि वे उनके गर्भ से जन्म लें।

यह बात सुनकर बालक ध्रुव अत्यंत दुखी हो गए और अपनी माता सुनीति के पास पहुंचे। माता ने उन्हें समझाया कि संसार में सच्चा सहारा केवल भगवान हैं और सच्ची भक्ति से ही सभी दुख दूर हो सकते हैं। माता के इन वचनों से प्रेरित होकर मात्र पांच वर्ष की आयु में ध्रुव भगवान की प्राप्ति के लिए वन की ओर निकल पड़े।

मार्ग में देवर्षि नारद से उनकी भेंट हुई। नारद जी ने ध्रुव की दृढ़ता देखकर उन्हें भगवान विष्णु की उपासना का मंत्र नमो भगवते वासुदेवाय' दिया। इसी मंत्र का जप करते हुए ध्रुव ने कठोर तपस्या की। उनकी अटूट भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उन्हें दर्शन दिए और आकाश में अटल



स्थान प्रदान किया, जिसे आज ध्रुव तारा के नाम से जाना जाता है। कथा वाचक पंडित हरीश शास्त्री जी महाराज ने कहा कि ध्रुव चरित्र हमें यह प्रेरणा देता है कि जीवन में अपमान और कठिनाइयों से घबराने के बजाय दृढ़ संकल्प और भगवान की भक्ति के साथ आगे बढ़ना चाहिए। तभी मनुष्य सच्ची सफलता प्राप्त कर सकता है। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति भाव से कथा श्रवण किया। अंत में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर भगवान का स्मरण किया और कथा का पुण्य लाभ प्राप्त किया।

# जीपीडीपी निर्माण को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** सुरियावा गुरुवार 12 मार्च 2026 को खंड विकास कार्यालय सुरियावाब्लॉक के सभागार ग्राम पंचायत योजना जीपीडीपी के निर्माण एवं क्रियान्वयन पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें ग्राम प्रधान सचिव पंचायत सहायकों को योजना निर्माण की प्रक्रिया से अवगत कराया गया कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी ब्रजेश तिवारी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर आनंद कश्यप द्वारा पांच बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बताया कि सब की योजना सबका विकास अभियान के तहत यह जन योजना अभियान वर्ष 2015-16 में 2 अक्टूबर से शुरू किया गया था इसका मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं का निर्माण कर विकास कार्यो को सुनिश्चित करना है इस मौके पर एडियो पंचायत मतीन अंसारी ट्रेनर दशरथ पाल आनंद कुमार कश्यप सौरभ वर्मा करुणा पाठक ग्राम प्रधान ग्राम पंचायतधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस, मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ और तहसील दिवस से संबंधित शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने और केवल वही शिकायतें 'स्पेशल क्लोज' करने के लिए अनुमति देने का निर्देश दिया, जो पोर्टल पर उपलब्ध श्रेणी में आती हों। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही निस्तारण का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें, गुणवत्ता की समीक्षा करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने पाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल, अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, अपर जिलाधिकारी विजय नारायण सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रोवर्स रेंजर्स के थौथे दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़, मीरजापुर।** नरोत्तम सिंह पदम सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय मगरहा मीरजापुर में चल रहे रोवर्स रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन की शुरूआत दैनिक उपस्थिति के साथ प्रारंभ हुआ। प्रार्थना के पश्चात ध्वज शिष्टाचार के साथ ही प्रतिभागियों ने अपने सुविचार प्रस्तुत किया। आज के कार्यक्रम में टेंट निर्माण, गैजेट, कुकिंग संबंधी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इसके पूर्व सैंड स्टोरी, जुलाहा गांठ, डाक्टरी गांठ, खूंटा फॉस,एक गोलचक्कर दो अर्धफांस, वर्गाकार बंधन, अष्टाकार बंधन इत्यादि के साथ कलर पार्टी संबंधी क्रियाकलाप , ध्वज शिष्टाचार की जानकारी, प्राथमिक उपचार में रक्त श्राव रोकना, कृत्रिम श्वास , सदमे से बचाव, रोगी व परिजनों को सांत्वना देना, घरवालों को सूचित करना, प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स पट्टियां, जैसे गोल चौकोर, तिकोनि



पट्टी, आवश्यक दवाइयां ,स्प्रिट इत्यादि की जानकारी दी गई। प्रोफेसर दिनेश कुमार यादव,और डॉ. सबीहा नाज़ निर्णायक मंडल की भूमिका में रही।

स्त्र टेंट निरीक्षण के दौरान प्राचार्य एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों ने प्रतिभागियों सुझाव देते हुए कहा कि आप जो भी क्रियाकलाप करे उसके बारे में विस्तृत जानकारी रखे, अनुशासन एवं सफाई सर्वोपरि है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन रेंजर्स प्रभारी डॉ. नीलम यादव और रोवर्स प्रभारी डॉ. राम नरेश यादव ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर में दूसरे दिन योग, जन जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मृणालिनी सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

### अपना दल सोनेलाल की बैठक संप्पन, विधानसभा अध्यक्ष हुए मनोनीत



**हलिया, मीरजापुर।** गुरूवार को हलिया प्रदेश सचिव अपना दल सोनेलाल की समीक्षा बैठक संपन्न हुई जिसमें विधानसभा अध्यक्ष का मनोनयन किया गया। प्रभारी मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार रेखा वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें विधायक रिकी कोल की उपस्थिति में क्षेत्रीय कार्यालय युवा प्रदेश सचिव शशिकांत पटेल हलिया के निवास पर संगठन समीक्षा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष एवं चिकित्सा मंच का मनोनयन अवधेश कुमार मौर्य को किया गया। समीक्षा बैठक में कहा गया कि ग्राम पंचायत जिला पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत के चुनाव में पार्टी के लोगों को उतारा जाए।इस दौरान उपस्थित रहे जोन अध्यक्ष गुलाब बहादुर पटेल, जनार्दन कोल, महेंद्र पटेल, शशिकांत पटेल, लाल बहादुर सिंह, लालजी मौर्य, अवधेश मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## शीतला महोत्सव में जम कर झूमे मां के भक्त

**● दूरदर्शन रेडियो की कलाकार रंजना राय कि प्रस्तुति ने मोह लिया लोगों का मन**

**सीखड़ मीरजापुर।** क्षेत्र अंतर्गत अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता मंदिर के धाम में अष्टमी के अवसर पर आयोजित शीतला महोत्सव में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस दौरान वाराणसी से आई दूरदर्शन रेडियो कि लोक गायिका रंजना राय ने सर्वप्रथम बड़ी शीतला माता का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद ली, इसके पश्चात जगमग लाइट से सजे मंच पर पहुंच कर मां का जयकारा लगाते हुए एक से बढ़कर एक भव्य प्रस्तुति दी जिसमे देवी गीत पचरा 'निमिया कि डार मईया झूलेली झूलनवा हो



कि झूमि झूमि ना ', 'खोलूं ना मोरी शीतला मईया झांझरी केवड़िया हो सेवकवा लोग ना ', जगदम्बे भवानी आई मोरे अंगना आदि भजन लोकगीत प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस दौरान कलाकार रविंद्र सिंह ज्योति, गीतांजलि मौर्या, काजल सहित कई कलाकारों ने भजन सुनाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### सीओ की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय थाना परिसर में गुरुवार को आगामी ईद व नौरात्र त्योहार के मद्देनजर सीओ अमर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें उपस्थित लोगों से समस्या की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए है। आगामी ईद, शुक्रवार को अलविदा की नमाज, रामनवमी जुलूस, नवरात्र को लेकर पीस कमेटी की बैठक में सीओ ने बताया कि त्योहार को भाईचारा की तरह मनाए। जुलूस में आयोजक वॉलिंटियर्स के साथ रहे सहयोग में पुलिस साथ रहेगी। आगंतुकों से किसी प्रकार की कोई समस्या की जानकारी ली तथा लोगों को आवश्यक निर्देश दिया है। इसके बाद मतवार चौकी का निरीक्षण कर साफ सफाई कराने का थाना अध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव को निर्देश दिया है। इस मौके पर चौकी इंचार्ज मतवार कन्हैया राय, उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह, लालचंद, अभिषेक चौबे , मतवार प्रधान लालबहादुर पाल, काशी मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं, लापरवाही पर दी सख्त चेतावनी



**भदोही।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायतों का केवल औपचारिक निस्तारण नहीं, बल्कि फरियादियों की संतुष्टि सुनिश्चित की जाए।

कार्यक्रम के दौरान राजस्व, पुलिस, बिजली, पेंशन, आवास समेत विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें सामने आई, जिनके समाधान के लिए अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कुंवर वीरेंद्र मौर्य व अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय नारायण सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### भदोही में हुआ बनवासी श्रमिकों के परिवारों का श्रमिक पंजीयन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उप श्रम आयुक्त मिर्जापुर परीक्षेत्र अचला पाण्डेय के आदेशानुसार पंचायत भवन वीसापुर में श्रम विभाग के सहयोग से संस्था मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के द्वारा संयुक्त रूप से BOC2 उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्यसनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, ई श्रम कार्ड एवं प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन पेंशन योजना में पंजीकरण कराए जाने हेतु कैम्प लगाया गया। जिसमे कुल 120 महिला/पुरुष श्रमिक मौजूद रहे जिसमें लगभग 42 श्रमिकों का पंजीयन कराया गया। बाकी श्रमिकों का आधार कार्ड में मोबाइल नंबर लिंक नहीं होने के बजह से रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया। इसी क्रम में प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन पेंशन योजना के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

कैंप के मुख्य अतिथि मनोज शर्मा श्रम प्रवर्तन अधिकारी रहे इस अवसर पर उनके द्वारा श्रमिक पंजीयन की पात्रता /शर्तें तथा संचालित हितलाभ की योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए अधिक से अधिक श्रमिक पंजीयन कराने के लिए आह्वान किया गया तथा उनके द्वारा यह भी बताया गया कि इसी माह में कुछ और ग्राम सभाओं में कैंपों का आयोजन किया गया है श्रम विभाग द्वारा संस्था को अधिक से अधिक कैम्प लगवाने की बात कही है ताकि जितने भी मुसहर/वनवासी समुदाय के लोग है उनको सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का हितलाभ समय समय पर दिया जा सके। इस अवसर पर मनोज पाल डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान भदोही, रामबिलास बिंद दीपक मौर्या, और मौजूद रहे तथा संस्था के तरफ से जिन्होंने अपना योगदान दिया चंदा देवी, संजू, शीला, रमेश गौतम, संजय मौर्या, राकेश कर्मबली, एवं श्यामलाल मौर्य छ्स्ट्र कॉमन सर्विस प्रभारी भदोही रहे। कार्यक्रम का संचालन इंद्रजीत तिवारी द्वारा किया गया।

# युवा समाजसेवी ऋषि शुक्ला के दिलों में बस्ती है क्षेत्र की जनता, जनता में सच्चे समाज सेवक की छवि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**औराई भदोही।** औराई विकास खंड के भवानीपुर गांव निवासी युवा समाजसेवी ऋषि शुक्ला क्षेत्र के सक्रिय और जनप्रिय समाजसेवी के रूप में एक ऐसी पहचान बनाकर उभरे हैं, जिनका नाम जनसेवा, समर्पण और गरीबों की सेवा के लिया जाता है। वे हिंदू युवा वाहिनी जिला संयोजक भदोही के रूप में अपनी जिम्मेदारी भी लगन से निभा चुके हैं। उनकी कार्यशैली में राजनीति केवल पद या प्रतिष्ठा प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की सेवा करने का एक सशक्त माध्यम है। यही कारण है कि वे हमेशा राजनीति को समाजसेवा की भावना से करते आए हैं और इसी सोच के साथ जनता के बीच सक्रिय रहते हैं। क्षेत्र में सड़क, सफाई, पेयजल और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने निरंतर प्रयास किए हैं। जब भी क्षेत्र या गांवों में लोगों को किसी समस्या का सामना करना पड़ा, उन्होंने तत्परता के साथ उसे सुनकर समाधान कराने की कोशिश की। यही वजह है कि आम जनता उन्हें केवल एक समाजसेवी के रूप में नहीं बल्कि अपने बीच का बेटा, भाई मानती है, जो हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा रहता है।उनकी लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण यह है कि वे लोगों से सीधे संवाद बनाए रखते हैं। चाहे सामाजिक कार्यक्रम हों, धार्मिक आयोजन हों या फिर किसी जरूरतमंद की मदद का अवसर, ऋषि शुक्ला हमेशा आगे बढ़कर अपनी जिम्मेदारी निभाते दिखाई देते हैं। उन्होंने कई बार यह साबित किया है कि राजनीति का असली उद्देश्य लोगों के जीवन को बेहतर बनाना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है।

क्षेत्र के लोग यह मानते हैं कि यदि उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलती है तो वे अपने अनुभव, संघर्ष और जनसेवा की भावना के साथ क्षेत्र के विकास को एक नई दिशा दे सकते हैं। जनता में उनकी मजबूत पकड़ और व्यापक जनसमर्थन इस बात का संकेत है कि उन्होंने अपने व्यवहार, कार्यशैली और सेवा भाव से लोगों का विश्वास जीता है। ऋषि शुक्ला की पहचान एक ऐसे जननेता के रूप में बन रही है जो पद की राजनीति से अधिक जनता की राजनीति में विश्वास रखते हैं। वे हमेशा इस बात को महत्व देते हैं कि समाज के गरीब, वंचित और जरूरतमंद लोगों की आवाज सुनी जाए और उनके अधिकारों की रक्षा हो। इसी सोच के साथ वे लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए जनसमस्याओं को उठाने और उनके समाधान के लिए प्रयास करते हैं। समाज के प्रति उनका समर्पण, लोगों के साथ उनका अपनापन और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें क्षेत्र में एक मजबूत और भरोसेमंद नेतृत्व के रूप में स्थापित करती है। यही कारण है कि क्षेत्र में लोग उन्हें एक सच्चे जनसेवक और जनता के नेता के रूप में देखते हैं, जो हर समय समाज और क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर रहता है।

## स्वयंसेवकों ने मलिन बस्ती में शैक्षिक एवं स्वास्थ्य सर्वे कर ली पारिवारिक प्रोफाइल की जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय चुनार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सत्र-2025-26 के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस गुरुवार का शुभारम्भ प्राचार्य प्रो. (डॉ.) माधवी शुक्ला के दिशानिर्देश मे लक्ष्य गीत से हुआ। तत्पश्चात शारीरिक शिक्षा व क्रीड़ा विभाग प्रभारी डॉ.अरविन्द कुमार द्वारा योग सप्ताह सत्र के अंतर्गत द्वितीय दिन शिवरार्थिओं को योग का प्रशिक्षण दिया गया द्य राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में मलिन बस्ती खैरुद्दीनपुर ग्राम में स्वयंसेवकों द्वारा लोगो के बीच स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता रैली निकली गई एवं सर्वेक्षण का कार्य भी पूरा किया गया। स्वास्थ्य से जुड़े समस्यायों के बारे में जानकारी देते हुए पोषण के महत्व को बताया गया और इसी के साथ शिक्षा के महत्त्व को लेकर जागरूक किया गया। बेटिओं के परिवार,समाज,राष्ट्र के निर्माण में भूमिका पर बल देते हुए, लोगो को बेटी बचाओ बेटी



बढ़ाओ के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान शिवरार्थिओं के द्वारा बेटियों को समर्पित सुंदर गीत प्रस्तुत किया गया। इस दौरान शिवरार्थिओं को कौशल विकास को लेकर भी जागरूक किया गया। बौद्धिक सत्र में विशिष्ट वक्ता के रुप में डॉ.गुरुप्रसाद सिंह,डॉ. शिवकुमार,श्रीमती प्रभा कुमारी ने शिवरार्थिओं को स्वास्थ्य एवं पोषण से सम्बंधित विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय स्वयं सेवा अधिकारी डॉ.दीपक कुमार सिंह व धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम सह प्रभारी डॉ.विद्या सिंह ने किया। शिविर मे 50 शिवरार्थिओं ने प्रतिभाग किया।

## पुरस्कार पाकर खिले बच्चों के चेहरे



**मिर्ज़ापुर, अदलहाट।** ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल गरौंडी अदलहाट मिर्ज़ापुर में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता को पुरस्कार वितरण किया। पुरस्कार पाकर विजेताओं के चेहरे खुशी से चहक उठे। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 7 मार्च 2026 को आयोजित कराई गई थी। विद्यालय के प्रबंधक अनेश कुमार ने बच्चों को संबोधित किया तथा समझाया कि इस परीक्षा के माध्यम से छात्र छात्राओं के इतिहास भूगोल विज्ञान कला संस्कृति और खेल आदि से संबंधित ज्ञान में वृद्धि करता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रियांशु यादव द्वितीय स्थान पर विकास कुमार, तृतीय स्थान पर युवराज कुमार रहे। डायरेक्टर सुधीर कुमार सिंह ने बच्चों को पुरस्कृत किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर ज्योति गिरी खुशी पांडेय, शिल्पा, पिंकी, जितेंद्र निराला चांदनी आदि लोग उपस्थित रहे।

## नवरात्र मेले को देखते हुए जिलाधिकारी ने विंध्य कॉरिडोर परिक्षेत्र तथा घाटों का किया निरीक्षण

**● कॉरिडोर की साफ सफाई को लेकर लगाई फटकार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**विंध्याचल।** बासंतिक नवरात्र मेले को सकुशल संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, अपर जिलाधिकारी अजय कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार सिंह ने पुरानी वी आई पी मार्ग पक्का घाट तथा विंध्य कॉरिडोर छत तथा नीचे पूरा परिक्षेत्र का निरीक्षण कर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश। निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से वार्ता के दौरान यू होने कहा कि कॉरिडोर के छत पर पान और गुटखे की थूक के दाग तथा खिड़की और जगह जगह लगे पर जाले की साफ सफाई के निर्देश दिए गए। कॉरिडोर के कमरों की निरीक्षण किया गया जिसमें ऊपर कमरे में तार की पाइप दीवार के ऊपर खुला लगा हुआ होने से उसको दीवार के अंदर लगाने, फायर बिग्रेड के मोटे पाइप को भी दीवार के अंदर करने निर्देश दिए गए। जगह जगह छत पर गंदे और लगे जाले तथा टूटे फारसीलिंग को सही कराने के निर्देश दिए गए।

कॉरिडोर के छत पर उत्तर प्रदेश विंध्य धाम तीर्थ विकास परिषद में डीपीआर के अनुसार लापरवाही ढंग से रखे कुछ समानों को सही जगह रखने तथा हॉल में मेज लगवाने तथा मेले में बैठक कराने के लिए तत्काल उक्त कमरे की साफ सफाई कराकर सही कराने के निर्देश दिए गए। सीसी टीवी हॉल का



निरीक्षक कर सभी कैमरे को दिए गए समय पर सही कराने के निर्देश दिए गए। मुंडन स्थल पर एक कमरे के बाहर ऊपर लिखे पेयजल कमरे को खुलवाने तथा नल को सही कराने के निर्देश दिए गए। पुरानी वी आई पी मार्ग से चढ़कर बाए तरफ सीढ़ी के दाहिने तरफ खुले जगह को पार्टिशन करके गोदाम बनाने के निर्देश दिए गए।

गेट नंबर 5 के अंदर आते समय दाहिने तरफ बैरिकेडिंग लगाने के भी निर्देश दिए गए। ताकि भीड़ बढ़ने पर भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। मंदिर परिसर में लगे पुराने बैनर, फैक्स को हटवाकर कर नए बैनर और फ्लैक्स लगवाने के निर्देश दिए गए। गेट नंबर 5 मंदिर के पास सीढ़ी के पास टुकड़े खंभे को देखते हुए उसे हटवाने तथा खुले नाली को बंद करने के निर्देश दिए गए।

गंगा घाट पर साफ सफाई के साथ साथ बैरिकेडिंग लगाने और महिलाओं को कपड़ा बदलने के लिए अस्थाई चेंजिंग रूम बनवाने के निर्देश दिए गए। पक्का घाट सीढ़ी के स्टेप पर रेड और पीला रंग की रंगाई करने के निर्देश ताकि कोई भी यात्री गिरे नहीं इससे पहले सीढ़ी होने का पता नहीं चलता था जिससे आए दिन यात्री गिरते थे। निरीक्षण के दौरान धाम सुरक्षा प्रभारी उदय प्रताप सिंह, कार्यदाई संस्था के पदाधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# संक्षिप्त खबरें

## कुएं में गिरा युवक, पुलिस-ग्रामीणों की सूझबूझ से बची जान



**प्रयागराज।** जिले के करछना थाना क्षेत्र के भरहा गांव के पास नहर किनारे स्थित एक कुएं में युवक गिर गया। सुबह शौच के लिए जा रहे एक व्यक्ति को कुएं के अंदर से मदद की आवाज सुनाई दी। जब वह पास पहुंचा और झांककर देखा तो एक युवक कुएं के अंदर फंसा हुआ दिखाई दिया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल रस्सी की व्यवस्था कर युवक को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। इसी बीच किसी ने करछना थाना पुलिस को भी सूचना दे दी। सूचना मिलते ही करछना थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस, फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों की मदद से संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। काफी प्रयास के बाद युवक को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाल लिया गया। कुएं में गिरे युवक की पहचान रवि कुमार भारतीया (24 वर्ष) पुत्र राधेश्याम भारतीया, निवासी कैथी गांव के रूप में हुई है। युवक को बाहर निकालने के बाद उसकी प्राथमिक जांच की गई, जिसमें वह सुरक्षित पाया गया। पुलिस के अनुसार युवक को किसी प्रकार की गंभीर चोट नहीं आई है। प्राथमिक जांच के बाद उसे उसके परिजनों के साथ घर भेज दिया गया।

## गार्डन एसोसिएशन की प्रेरणादायक बैठक



**नैनी, प्रयागराज।** गार्डन एसोसिएशन की प्रेरणा देने वाली बैठक 10 मार्च को एसोसिएशन की वाइस प्रेसिडेंट स्मिता अग्रवाल के निवास पर आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल रहीं। उन्होंने बेहद सादगीपूर्ण ढंग से अपने विचार साझा किए। उनकी उपलब्धियों, विनम्रता और प्रेरणादायक शब्दों ने वहाँ उपस्थित सभी लोगों को गहराई से प्रभावित किया और उनका उत्साह बढ़ाया।कार्यक्रम की शुरुआत एसोसिएशन की प्रेसिडेंट प्रभा भार्गव और वाइस प्रेसिडेंट स्मिता अग्रवाल द्वारा मुख्य अतिथि और सभी सदस्यों के गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई। इसके बाद स्तुति अग्रवाल ने मुख्य अतिथि का परिचय कराया।बैठक के दौरान वी.के. सिंह, इंचार्ज ॥श्वज्ञ्ष्ट खुसरोबाग, प्रयागराज ने फलों और सब्ज़ियों की देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण और उपयोगी जानकारियाँ साझा कीं। वहीं इंजीनियर आर. ई. विल्सन, लैंडस्केप इंजीनियर-सह-प्रबंधक, उद्यान (बागवानी विभाग, शूआट्स) ने 28 फरवरी और 1 मार्च को दिल्ली में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी से जुड़े अपने अनुभव और महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। यह प्रदर्शनी अखिल भारतीय किचन गार्डन एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई थी।इस अवसर पर जगदीश प्रसाद, अधीक्षक, सरकारी उद्यान भी उपस्थित रहे। उन्होंने 21 से 23 फरवरी 2026 तक प्रयागराज में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी से अपने अनुभव और महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। कार्यक्रम का संचालन किरण चावला ने किया। अंत में डॉ. रचना ने मुख्य अतिथि, वक्ताओं और सभी सदस्यों को उनकी उपस्थिति और सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित।

# नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में लापरवाही, दरोगा सस्पेंड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** जनपद के यमुनानगर जोन में नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास की शिकायत पर समय पर कार्रवाई न करने का मामला सामने आने के बाद पुलिस विभाग ने सख्त कदम उठाया है। कोरांव थाना क्षेत्र में दर्ज शिकायत पर लापरवाही बरतने के आरोप में दरोगा सुमित आनंद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना 4 मार्च की है। होली के दिन कोरांव क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग लड़की पशुओं को चारा देने के लिए खेत की ओर गई थी। इसी दौरान गांव का ही एक युवक उसे जबरन बाइक पर बैठाकर सुनसान स्थान पर ले गया। आरोप है कि वहां युवक ने लड़की के साथ मारपीट की, उसके कपड़े उतरवा दिए और छेड़खानी करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया।

पीड़िता किसी तरह आरोपी के चंगुल से बचकर भाग निकली। वह पास के एक अन्य खेत में छिप गई और बाद में कपड़े पहनकर घर पहुंची। घर पहुंचने के बाद उसने पूरी घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिजन थाने पहुंचे और पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि तहरीर देने के बावजूद कोरांव थाने में तीन दिनों तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इस दौरान उन्हें बार-बार थाने के चक्कर लगाने पड़े, लेकिन पुलिस की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इससे नाराज परिजन न्याय की गुहार लेकर यमुनानगर जोन के डीसीपी के पास पहुंचे।

मामले को गंभीरता से लेते हुए यमुनानगर जोन के डीसीपी विवेक चन्द्र यादव ने तत्काल जांच के आदेश दिए। जांच की जिम्मेदारी एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय को सौंपी गई।

जांच के दौरान सामने आया कि मामले में दरोगा सुमित आनंद द्वारा आवश्यक कार्रवाई समय पर नहीं की गई, जिससे पीड़ित पक्ष को परेशानियों का सामना करना पड़ा। लापरवाही सिद्ध होने पर डीसीपी ने दरोगा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। डीसीपी विवेक चन्द्र यादव ने कहा कि किसी भी फरियादी की शिकायत को नजरअंदाज करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि हर शिकायत पर संवेदनशीलता और नियमों के अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## कौशांबी में दर्दनाक हादसा, भैंस को पानी पिलाने गई थी किशोरी, बड़े गड्ढे के गहरे पानी में डूबकर मौत

**टेढ़ीमोड़ (कौशांबी)।** जनपद के कोखराज इलाके में गुरुवार को दर्दनाक हादसे में एक किशोरी की मौत हो गई। किशोरी तरसौरा गांव के किनारे पानी से भरे गड्ढे में भैंस को पानी पिलाने गई थी। पैर फिसलने से वह गहरे पानी में जाकर डूब गई। तरसौरा गांव निवासी सुरेश खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। गुरुवार को वह पत्नी शम्मी देवी के साथ खेत में काम करने गए थे। साथ में 15 वर्षीय पुत्री रुचि और पांच वर्षीय बेटा कार्तिक भी थे। सुबह करीब साढ़े 11 बजे सुरेश ने दोनों बच्चों से कहा कि घर जाकर खाना खा लें और भैंस को पानी पिला दें। बताया जाता है कि दोनों बच्चे घर पहुंचे तो दादी सावित्री देवी ने खाना खाने को कहा, लेकिन रुचि ने कहा कि पहले भैंस को पानी पिला दूं। इसके बाद वह छोटे भाई कार्तिक के साथ भैंस लेकर गांव के किनारे गंगा के बाढ़ के पानी से भरे गड्ढे (सोता) पर चली गई। भैंस को पानी पिलाते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई, जिससे वह डूब गई। यह देख बाहर खड़ा कार्तिक जोर-जोर से मदद की गुहार लगाने लगा, लेकिन आसपास कोई नहीं था। वह दौड़कर घर पहुंचा और घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पानी में खोजबीन शुरू की। करीब आधे घंटे बाद रुचि को पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# पुलिस गश्त और थानों में वीडियो बनाकर रील पोस्ट करने वालों पर होगी कार्रवाई: पुलिस कमिश्नर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज में पुलिस गश्त और थानों के अंदर या आसपास वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर रील पोस्ट करने के मामलों को पुलिस प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार ने स्पष्ट कहा है कि इस तरह की गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए प्रयागराज ज़ोन के सभी थानों को निर्देश जारी करने की तैयारी की जा रही है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें कुछ लोग गले में आई-कार्ड लटकाकर थानों से निकलते हुए वीडियो बनाते हुए दिखाई दिए। बाद में इन वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रील के रूप में पोस्ट कर भौकाल बनाने की कोशिश की गई। पुलिस प्रशासन ने इसे अनुशासन और सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर माना है। इसी तरह का एक मामला खुलदाबाद क्षेत्र के रोशनबाग इलाके से भी सामने आया, जहां एक कथित पत्रकार ने पुलिस की गश्ती टीम के साथ सेल्फी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। इस वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में इसे लेकर चर्चा शुरू हो गई।

पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार ने कहा कि पुलिस गश्त, वाहन चेकिंग या थानों के अंदर की गतिविधियों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करना उचित नहीं है। इससे सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रयागराज ज़ोन के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश पत्र भेजा जाएगा। कमिश्नर ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में यदि कोई व्यक्ति पुलिस गश्त या थानों के भीतर वीडियो बनाकर रील पोस्ट करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखना है, इसलिए इस प्रकार की गतिविधियों पर पूरी तरह से लगाम लगाई जाएगी।

# लूट के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार, बहरिया पुलिस ने नहर के पास से दबोचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** कमिश्नरेट प्रयागराज के थाना बहरिया पुलिस ने लूट के एक पुराने मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने आरोपी को गुरुवार को थाना क्षेत्र के रामगढ़ कोठारी गांव स्थित नहर के पास से पकड़कर उसके खिलाफ नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की।

थाना बहरिया में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 325/2020 धारा 392 भा.द.सं. से संबंधित वांछित अभियुक्त प्रशान्त दूबे पुत्र रणजीत दूबे निवासी रामगढ़ कोठारी, थाना बहरिया, कमिश्नरेट प्रयागराज को 12 मार्च 2026 को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था और उसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस के मुताबिक 30 सितंबर 2020 को रामगढ़ कोठारी गांव के पास नहर पुलिया के निकट आरोपी प्रशान्त दूबे ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रिश्तेदारी से लौट रहे एक व्यक्ति की बाइक रुकवाकर उससे करीब




3 हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन छीन लिया था। इस घटना के संबंध में थाना बहरिया में मुकदमा दर्ज किया गया था।

इस मामले में शामिल तीन अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा चुका है, जबकि प्रशान्त दूबे लंबे समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ बहरिया और फूलपुर थानों में विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, लूट, मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने जैसे मामले शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ वर्ष 2016 से 2023 तक कुल छह मुकदमे दर्ज हैं।

## कौशांबी में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, महिलाओं समेत 9 लोग घायल

**कौशांबी।** कोखराज क्षेत्र के चक चमरूपुर गांव में मंगलवार सुबह पुरानी खुन्नस को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। तीखी झड़प के बाद दोनों पक्ष के लोग लाठी-डंडा लेकर एक दूसरे पर हमला बोल दिया। इसके बाद दोनों परिवार के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में नौ लोगों को चोटें आई हैं। बीट आरक्षी की तहरीर पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। भरवारी चौकी में तैनात आरक्षी जितेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह झगड़े की सूचना पर वह साथी कर्मियों के साथ चक चमरुपुर गया था। वहां देखा कि पुरानी खुन्नस के चलते दो पक्षों के लोग गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर रहे थे। मारपीट में एक पक्ष से आशर्फीलाल, उसके बेटे शिवसागर, यश व पत्नी पूनम देवी को चोटें आई। जबकि, दूसरी तरफ से मान सिंह, उसके पुत्र युगेंद्र, नरेंद्र, गुड्डू तथा पत्नी कमला देवी को चोट लगी। ग्रामीणों की मदद से बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया गया। इसके बाद सभी घायलों को एंबुलेंस बुलाकर इलाज के लिए भेजवाया गया। इंस्पेक्टर चंद्रभूषण मौर्य ने बताया कि आरक्षी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मां ने पांच माह के मासूम की चाकू से हत्या की, शव भूसे में छिपाया; आरोपी महिला गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सरायममरेज प्रयागराज।** जिले के गंगापार क्षेत्र के सरायममरेज थाना इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक मां ने अपने ही पांच माह के मासूम बेटे की चाकू से वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी महिला ने बच्चे के शव को घर में भूसे और पुआल के नीचे छिपा दिया। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार, सरायममरेज थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले संतोष कुमार मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। गुरुवार को जब संतोष कुमार काम से वापस घर लौटे तो उन्होंने देखा कि उनका पांच माह का बेटा ईश्वर घर में नहीं है। बेटे के बारे में पूछने पर पत्नी मनोरमा का व्यवहार संदिग्ध लगा।

संतोष कुमार के बार-बार पूछने पर मनोरमा ने चौंकाने वाला खुलासा किया और बताया कि उसने ही चाकू से वार कर अपने बेटे की हत्या कर दी है। यह सुनकर परिवार के लोग और आसपास के ग्रामीण स्तब्ध रह गए। सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को बुलाया गया।

मामले की जानकारी मिलते ही सरायममरेज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान मनोरमा ने बताया कि उसने हत्या के बाद बच्चे के शव को ठिकाने लगाने के लिए पहले तालाब की ओर ले जाने की कोशिश की, लेकिन वहां लोगों की मौजूदगी के कारण वह ऐसा नहीं कर सकी। इसके बाद वह शव को वापस घर ले आई और एक कमरे में भूसे और पुआल के नीचे छिपा दिया।

पुलिस ने घर में तलाशी अभियान चलाया तो कमरे में भूसे के नीचे से बच्चे का शव



बरामद हो गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

सरायममरेज थाना पुलिस का कहना है कि आरोपी महिला से लगातार पूछताछ की जा रही है। अभी तक हत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और गांव के लोग इस दर्दनाक घटना से स्तब्ध हैं।

# उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारियों का एडीजी प्रयागराज जोन ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से तैयारियों का जायजा लेने के लिए अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन ने गुरुवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों एवं संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीजी ने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली तथा पुलिस बल की तैनाती का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एडीजी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए यातायात व्यवस्था सुचारु रखी जाए और केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ न होने दी जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने एडीजी को बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। अभ्यर्थियों की जांच के लिए मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरे तथा पर्याप्त सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्था की गई है।

एडीजी ने सभी संबंधित अधिकारियों



और पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा की गोपनीयता और निष्पक्षता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना मिलने पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस एवं प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे और उन्होंने परीक्षा की तैयारियों को लेकर विस्तृत जानकारी दी।

# दहेज प्रताड़ना मामले में पति, ससुर और सास गिरफ्तार

## ● कौंधियारा थाना पुलिस की कार्रवाई।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पति, ससुर और सास को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गुरुवार को उनके गांव से पकड़कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

थानाप्रभारी कुलदीप कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह गिरफ्तारी की। पुलिस के अनुसार थाना कौंधियारा में मु0अ0सं0 72/2026 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। यह मुकदमा कोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम जमुआधूस निवासी बुद्धसेन ने दर्ज कराया था। आरोप है कि उनकी पुत्री को उसके पति और ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। साथ ही दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। इसी क्रम में गुरुवार को थाना कौंधियारा पुलिस टीम ने ग्राम ढोढरी से दो वांछित अभियुक्तों और एक अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में बृजेश कुमार (20 वर्ष), कमला (50 वर्ष) और सुशीला (45 वर्ष) निवासी ग्राम ढोढरी थाना कौंधियारा जनपद प्रयागराज शामिल हैं।

# बेलवरिया सम्राट पंडित जटाशंकर शुक्ला का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** अभोली विकासखंड के रामचंद्रपुर (परऊपुर) गांव निवासी एवं बेलवरिया गायन के प्रसिद्ध गायक पंडित जटाशंकर शुक्ला का गुरुवार को 86 वर्ष की आयु में अचानक हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिवारजनों और शुभचिंतकों का घर पर तांता लग गया। पंडित जटाशंकर शुक्ला को बेलवरिया गायन का सम्राट माना जाता था। उन्होंने अपनी मधुर आवाज और पारंपरिक शैली से इस लोकगायन को न केवल भदोही जनपद बल्कि देश-विदेश तक पहचान दिलाई। अपने जीवनकाल में उन्होंने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों और आयोजनों में बेलवरिया गायन प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीता। क्षेत्र में उन्हें भदोही का एकमात्र प्रमुख बेलवरिया गायक माना जाता था।

उनके निधन से लोकसंगीत की एक बड़ी परंपरा को गहरा आघात पहुंचा है। ग्रामीणों और संगीत प्रेमियों के अनुसार पंडित जटाशंकर शुक्ला ने दशकों तक लोकसंस्कृति को जीवित रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन पर शहीद झूरी सिंह के प्रपौत्र डॉ. रामेश्वर सिंह, अरुण कुमार शुक्ला, ग्राम प्रधान महेश्वरी प्रसाद शुक्ला, वीरेंद्र सिंह, नटवर पांडे, बिमला शंकर उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य



लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। ग्रामीणों ने कहा कि पंडित जटाशंकर शुक्ला का जाना क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका योगदान और उनकी गायकी आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।

# राहुल गांधी की रैली को सफल बनाने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

**नैनी, प्रयागराज।** गुरूवार को कांग्रेस पार्टी कार्यालय काटनमिल्स पर जमुनापार सभी पन्द्रह वार्डो की बैठक महानगर अध्यक्ष फुजैल हाशमी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई कार्यक्रम का संचालन महानगर कांग्रेस पार्टी के महासचिव राकेश श्रीवास्तव ने किया। बैठक में सभी अध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंपा गया कि 22मार्च को मांडा के भारतगंज में कांग्रेस पार्टी विपक्ष के नेता, सांसद, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जीकी रैली में अधिक से अधिक संख्या में लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील किया हैं।जमुनापार के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह पटेल ने बताया कि यह रैली मनरेगा, संविधान एवं किसान का सम्मान बचाने के लिए हो रही हैं। कॉर्डिनेटर हरिकेश त्रिपाठी ने कहा कि प्रयागराज के मांडा में होने वाली रैली प्रदेश और देश में



नया परिवर्तन कराने में सफल होगी। इसका प्रभाव होने वाले विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में असर पड़ेगा।

पूर्व प्रवक्ता उत्तर प्रदेश किशोर वार्ष्णेय ने कहा कि सभी वार्डो से हज़ारों की संख्या में लोगों की रैली में भागीदारी होगी।बैठक में सर्वश्री कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष फुजैल हाशमी, कॉर्डिनेटर हरिकेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष अशोक सिंह पटेल, पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय, नयन कुमार कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, अंजुम नाज, विनोद जैकब, विवेक पांडे, नागेश भारतीय, मुन्ना जाफरी, वैभवी जोशी, राजकुमार कुशवाहा, राजेश मिश्रा, सुनील श्रीवास्तव, राजू भारतीय, जाविद आलम, माधवी राय,संदीप कन्नौजिया, निजाम, इंजीनियर विजय कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा, वीरेंद्र यादव, अमित यादव, आदि लोग शामिल रहें।

# मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने ष्टक्क को स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट की शक्तियां देने वाली राज्य अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें राज्य सरकार की उस अधिसूचना को चुनौती दी गई, जिसके तहत दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (CrPC) के तहत सहायक पुलिस आयुक्त (ACP) को विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान की गईं। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की खंडपीठ ने आदेश दिया: 'प्रतिवादियों को सात कार्य दिवसों के भीतर प्रक्रिया शुल्क जमा करने पर RAD (पंजीकृत डाक) के माध्यम से उचित पावती के साथ नोटिस जारी किया जाए, जिसका जवाब चार सप्ताह के भीतर देना होगा। 'यह याचिका 9 दिसंबर, 2021 को राज्य सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना को चुनौती देती है, जिसके तहत CrPC की धारा 58, 106-124, 129-132, 144 और 144ऌ के तहत शक्तियां सहायक पुलिस आयुक्त को विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट के रूप में प्रदान की गई।

याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि यह अधिसूचना CrPC की धारा 21 के तहत जारी की गई, जो राज्य सरकार को किसी विशेष क्षेत्र और एक विशिष्ट अवधि के लिए विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने का अधिकार देती है। आगे यह भी तर्क दिया गया कि इंदौर में कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (BNSS) के लागू होने के बाद विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति को नियंत्रित करने वाले कानूनी ढांचे में बदलाव आया है। क्च्हस्स् की धारा



15 के तहत ऐसी शक्तियां पुलिस अधीक्षक (SP) से नीचे के रैंक वाले किसी भी पुलिस अधिकारी को प्रदान नहीं की जा सकतीं। इस दलील पर संज्ञान लेते हुए पीठ ने निर्देश दिया कि सात कार्य दिवसों के भीतर 'प्रोसेस फीस' जमा करने पर प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया जाए। इस नोटिस का जवाब चार सप्ताह के भीतर देना होगा।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यालय में कार्यरत अराजपत्रित उत्कृष्ठ महिला कर्मचरियो का पुरस्कार वितरण समारोह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, प्रयागराज की ओर से उत्तर मध्य रेलवे के मुख्यालय में विभिन्न पदों पर कार्यरत उन अराजपत्रित महिला रेलवे कर्मचारियों को जो विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ योगदान देती हैं, उनके लिए पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन स्पंदन रेलवे अधिकारी क्लब, सूबेदारगंज, प्रयागराज में किया गया। इसमें कुल 24 अराजपत्रित महिला कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु चयन किया गया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा श्रीमती हिमा चौहान सिंह द्वारा इन सभी 24 उत्कृष्ट रेलवे महिला कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र एवं व्यक्तिगत उपहार से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संगठन द्वारा पुरस्कृत महिला कर्मचारियों के लिए गेम प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया, जिसमें पुरस्कृत होने वाले महिला कर्मचारियों ने जोश एवं उत्साह के साथ भाग लिया। इस




अवसर पर संगठन की सचिव साधना कुमार, श्रीमती सुप्रिया सिन्हा, श भावना सिंह, श्रीमती श्रुति सचान, संगीता द्विवेदी, श्रीमती रेणु पोनिया, राखी द्विवेदी, श्रीमती आयुषी भटनागर, डा. मंजू लता हांडू, किरण जयसवाल, युसरा यूसुफ, डा. उपासना मालवीय, प्रीति गुप्ता, साधना गुप्ता, सुनीता भारती के साथ साथ संगठन की अन्य सदस्यायें उपस्थित रहीं। इस अवसर पर प्रयागराज मंडल की महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा वन्दना अग्रवाल भी उपस्थित रहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### बर्रा के घरों में चोरी के तीन अभियुक्त गिरफ्तार, विक्रम पर होगी गैंगस्टर की कारवाई



**कानपुर।** विगत दिनों थाना बर्रा क्षेत्र में बंद घरों में हुई दो चोरी की घटनाओं के संबंध में थाना बर्रा पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसमें सरगना विक्रम समेत तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि विक्रम पर पूर्व में 14 मुकदमे दर्ज हैं और वह पहले भी जेल जा चुका है। इस पर गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी। प्रकरण के सफल अनावरण हेतु पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी के निर्देशन तथा एडीसीपी दक्षिण के नेतृत्व में तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया। टीमों द्वारा 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करते हुए घटना का सफल वर्कआउट किया गया। दिनांक 12.03.2026 को पुलिस द्वारा शातिर अभियुक्त विक्रम, अंकित एवं राज कश्यप को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त विक्रम के विरुद्ध पूर्व से 14 आपराधिक मुकदमे तथा अंकित एवं राज कश्यप के विरुद्ध 3-3 मुकदमे पंजीकृत हैं। यह सभी शातिर अपराधी क्षेत्र में घूम-घूमकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। अभियुक्त विक्रम के विरुद्ध आगे गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। सफल अनावरण करने वाली पुलिस टीम को 25,000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया है।

### नदी में डूबे मासूम का तीसरे दिन मिला शव, मचा कोहराम

**सिद्धार्थनगर।** जिले के उस्का बाजार थाना क्षेत्र के संगलदीप गांव में मंगलवार दोपहर नदी में नहाते समय डूबे मासूम का शव गुरुवार की सुबह मिल गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। संगलदीप गांव निवासी ऋषिकेश (8) पुत्र शैलेश यादव कुछ बच्चों के साथ पास से बहने वाली राप्ती नदी में मंगलवार दोपहर नहाने गया था। इस दौरान वह नहाते हुए गहरे पानी में जाकर डूब गया। डूबता देख शोर सुनकर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। इसकी सूचना को दी गई पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। स्थानीय गोताखोरों ने उसकी तलाश शुरू कर दी थी लेकिन कुछ पता नहीं चल सका था। मंगलवार दोपहर नदी में नहाते समय डूबे मासूम का शव गुरुवार की सुबह मिल गया, इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय ने बताया कि पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही हैं।

### मोटरसाइकिल चोरी में 02 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद



**प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी के अभियोग से संबंधित 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया और चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।वादी निवासी ग्राम कोटिया थाना कादीपुर जनपद सुल्तानपुर थाना आसपुर देवसरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम धरौली स्थित अपने रिश्तेदार के घर 9 मार्च को गया था,जहां उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल घर के सामने खड़ी कर दी थी, जिसे रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया। इस संबंध में थाना आसपुर देवसरा में अज्ञात चोर का अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना प्रभारी आसपुर देवसरा राकेश कुमार चौरसिया के नेतृत्व में थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 सचिन कुमार मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा से संबंधित 02 अभियुक्तों आर्यन सरोज पुत्र राजबहादुर सरोज निवासी गद्दोपुर थाना महराजगंज जनपद जौनपुर उम्र करीब 19 वर्ष,आलोक यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी रुपनपुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 20 वर्ष को चोरी की 01 मोटरसाइकिल फर्जी नंबर प्लेट के साथ थाना आसपुर देवसरा क्षेत्रान्तर्गत विझाला नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल फर्जी नंबर प्लेट के साथ बरामद की गई है।

# सुरक्षा व्यवस्था में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जोन के अन्य जनपद भी आगे आएं : एडीजी आलोक सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर जोन के पुलिस उपमहानिरीक्षक आलोक सिंह ने आज कानपुर जोन के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मीटिंग की। माह फरवरी-2026 की प्रदेश स्तरीय समीक्षा में जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आधार पर कानपुर जोन के पर्यवेक्षणाधीन कानपुर परिक्षेत्र एवं झाँसी परिक्षेत्र के जनपद इटावा, ललितपुर व कानपुर देहात द्वारा प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया, जिसकी प्रशंसा पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा की गयी है। इसी प्रकार अन्य जनपद प्रभारियों को भी प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। वैश्विक परिदृश्य में ऊर्जा संसाधनों की मांग एवं आपूर्ति में उतार-चढ़ाव को देखते हुए एलपीजी की कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। इस संबंध में निर्देशित किया गया है कि जनपद के सभी क्षेत्रों में एलपीजी गैस एजेंसियों, गोदामों तथा संदिग्ध स्थलों पर नियमित रूप से सघन जांच अभियान चलाया जाए तथा बिना लाइसेंस के एलपीजी सिलेंडरों का भंडारण, परिवहन या बिक्री पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही तथा घरेलू गैस सिलेंडरों की अधिक मूल्य पर बिक्री या व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर भी सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आपूर्ति विभाग, पुलिस विभाग एवं प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त छापेमारी, मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखा जाए तथा प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही की जाए। साथ ही एलपीजी के भंडारण और परिवहन में सभी सुरक्षा मानकों का कडाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे कि आम जनता को निर्धारित मूल्य पर सुरक्षित एवं निर्बाध गैस उपलब्ध हो सके । पुलिस कर्मियों द्वारा प्रतिमाह किये जाने वाले उल्लेखनीय / सराहनीय ऑपरेशनल कार्यो के लिए उन्हे डीजी प्रशंसा चिन्ह प्रदान किये जाने हेतु प्रतिमाह नामांकन उपलब्ध कराए जाने के सम्बन्ध में जनपद प्रभारियों को निर्देशित किया गया।

### कानपुर सागर हाइवे पर शभुआ के पास ट्रक ख़राब होने से लगा भीषण जाम



**घाटमपुर।** कानपुर सागर हाइवे पर शभुआ पुल के पास ट्रक खराब होने से थमी रफ्तार,, घंटों फंसे रहे यात्री, पुलिस ने संभाला मोर्चा, जहांगीराबाद तक वाहनों की लंबी कतार लगने से कानपुर जाने वाली लेन पूरी तरह से ठप्प हो गई, आपको बताते चलें कि गुरुवार को कानपुर सागर हाइवे पर एक ट्रक ख़राब हो जाने के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई,,शभुआ पुल के पास ट्रक के बीच सड़क पर खड़े होने से हाइवे की एक लेन पूरी तरह से ध्वस्त हो गई , जिसके चलते कुछ ही देर में वाहनों की कई किलोमीटर लंबी लाइन लग गई,,जाम का असर इतना भीषण था कि वाहनों की लंबी कतार शभुआ पुल से शुरू हो कर घाटमपुर क्षेत्र के जहांगीराबाद तक पहुंच गई,, प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक के अचानक खराब होने और उसे सड़क से हटाने में हुई देरी के कारण जाम ने विकराल रूप ले लिया, पुलिस टीम मौके पर पहुंची, क्रेन की मदद से ख़राब ट्रक को किनारे करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# कानपुर में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए टीकाकरण का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर नगर में बालिकाओं को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ आज एएचएम डफरिन अस्पताल में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, एसीएमओ, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अर्बन नोडल आरआई, जेएसआई के प्रोग्राम ऑफिसर, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ तथा यूएनडीपी, सहित अन्य सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने एचपीवी टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह टीका भविष्य में होने वाले गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी है। एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है, और समय पर टीकाकरण से इस गंभीर बीमारी से बचाव संभव है। इस अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध कराई जाएगी। यह टीकाकरण जनपद के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध रहेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को इस महत्वपूर्ण टीकाकरण से अवश्य लाभान्वित कराएं, ताकि उन्हें भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के जोखिम से सुरक्षित रखा जा सके। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह भी बताया गया कि यह अभियान जनपद में बालिकाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी पात्र किशोरियों और उनके अभिभावकों से अनुरोध है कि वे नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं।

# गंगा मेला प्रेमारंभ-26 में समाजसेवी पत्रकार राजेश गुप्ता का ज्योति बाबा द्वारा किया गया भव्य सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर की बैठक गैस की किल्लत को लेकर शाम महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद की अध्यक्षता में आरम्भ हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने कहा कि महानगर के 78 वार्डो तथा 1625 बूथों के सर्वेक्षण के बाद यह बात सामने आई है कि गैस एजेंसियों के द्वारा आपूर्ति नहीं की जा रही है। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को भारी परेशानियाँ उठानी पड़ रही हैं। जहाँ पारिवारिक उत्सव हो रहे हैं, वहाँ 928 रुपये वाले घरेलू गैस सिलेंडर के लिए तीन हजार रुपये देने पड़ रहे हैं। भाजपा सरकार गैस आपूर्ति के नाम पर जनता को गुमराह कर रही है और आम जनता को सुबह से लाइन लगाने के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने अपने सम्बोधन में आगे कहा कि गैस की किल्लत होने के कारण लकड़ी का कोयला भी महंगा हो गया है। इसकी वजह से पच्चीस रुपये किलो वाला कोयला 35 रुपये किलो में खरीदना पड़ रहा है, जिसके कारण प्रेस (इस्त्री करने वाले) कामगारों के समक्ष बेरोजगारी की समस्या खड़ी हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि अफवाहों के कारण इधर डीजल-पेट्रोल का स्टॉक रखना आरम्भ हो गया है, लेकिन भाजपा सरकार का सिलेंडर खाली हो गया है। ब्लैक मार्केटिंग के कारण आम जनता पर आर्थिक भार बढ़ गया है। अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने चेतावनी देते हुए कहा कि सपा इस गैस किल्लत पर गम्भीर चिन्ता व्यक्त करती है। यदि इस किल्लत पर जल्द नियन्त्रण नहीं हुआ, तो भाजपा सरकार का बड़े स्तर पर घेराव किया जायेगा। बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, शबाब अबरार, आनंद शुक्ला, सत्यनारायण गहरवार, जस्वेंद्र निषाद, इशरत इराकी, गोपाल ठाकुर, अशोक भारती, मोनू विश्वकर्मा, अजय श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# खुनियांव ब्लाक ग्राम पंचायत करही खास में मनरेगा घोटाले का पर्दाफाश प्रधान और सचिव समेत कई पर गिरी गाज, 2.17 लाख की वसूली का आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के खुनियांव ब्लाक के ग्राम पंचायत करही खास में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत बड़े वित्तीय घोटाले का मामला सामने आया है। सुधीर कुमार पाण्डेय लोकपाल (मनरेगा) सिद्धार्थनगर द्वारा की गई जांच में बिना कार्य कराए फर्जी मस्टर रोल के जरिए 2,17,836 के सरकारी धन के गबन की पुष्टि हुई है। ग्राम पंचायत करही खास निवासी अजहर अहमद पुत्र अब्दुल रऊफ ने 11 सितंबर 2025 को लोकपाल कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप था कि ग्राम प्रधान द्वारा बिना कार्य कराए फर्जी तरीके से धन निकासी की जा रही है और विरोध करने पर डराया-धमकाया जाता है। हालांकि शुरूआती जांच में ब्लॉक स्तर के अधिकारियों ने इसे चुनावी रंजिश बताकर मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की थी। लेकिन जब लोकपाल द्वारा 16 जनवरी 2026 को किए गए भौतिक सत्यापन में पाया गया कि बेकारू के खेत से अक्कडारी नाले तक नाला खुदाई के नाम पर स्वीकृत 2.47 लाख में से 2,17,836 का भुगतान फर्जी तरीके से किया जा चुका है। और मौके पर नाला खुदाई का कोई नया कार्य नहीं मिला वहां पुरानी खुदाई और घास-फूस पाए गए। साथ ही, कार्यस्थल पर कोई सूचना बोर्ड भी नहीं लगा था। लोकपाल ने इस गबन के लिए निम्नलिखित को दोषी पाया है जिसमें समसुद्दीन (वर्तमान ग्राम प्रधान) और पियूष पाण्डेय (ग्राम पंचायत अधिकारी/सचिव) ग्राम रोजगार सेवक और तकनीकी सहायक, कार्यक्रम अधिकारी, व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी। गबन की गई धनराशि ?2,17,836 की वसूली संबंधित कर्मियों से समानुसार में राजकीय कोष में जमा करने का आदेश दिया है, और मनरेगा अधिनियम की धारा 25 के तहत सभी दोषियों पर 1000-1000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराने और विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की गई है। लोकपाल मनरेगा सुधीर कुमार पांडेय ने स्पष्ट किया कि अभिलेखों को छिपाना और जांच में सहयोग न करना अधिनियम का उल्लंघन है, जिसे भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की श्रेणी में माना गया है।

# शातिर बाइक चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे, भेजा गया जेल

● **शोहरतगढ़ थाना पर पुलिस हिरासत में बाइक चोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** थाना शोहरतगढ पुलिस ने गुरुवार को बाइक चोरी के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायलय पेश किया । अभियुक्त गोरख ( 28 वर्ष) पुत्र गोपाल वार्ड नम्बर दो ग्राम सेवरा थाना कृष्णानगर जिला कपिलवस्तु नेपाल का रहने वाला है। गुरुवार को शोहरतगढ़ बढ़नी मार्ग पर सिसवा के पास पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि एक बाइक चोर जो काफी दिनों से लोगों की बाइक चुराकर नेपाल बेच देता है, चोरी की बाइक लेकर कहीं जा रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर अभियुक्त को बाइक के साथ रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपी अभियुक्त को कार्यवाही करते हुये न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पकड़े गये अभियुक्त के खिलाफ थाना शोहरतगढ़ में मु0अ0स0 37/26 धारा 303(2),317(2) बीएनएस केस के अलावा अपराध से जुड़े मु0अ0स0 20/2026 धारा 303(2),317(2) बीएनएस , मु0अ0स0 37/26 धारा 303(2) बीएनएस, मु0अ0स0 - 230/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना सिद्धर्थनगर व मु0अ0स0 165/25 धारा 303(2) बीएनएस, मु0अ0स0 166/25 धारा 303(2)बीएनएस थाना ढेबरुआ में केस दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह,उनि संतोष कुमार यादव, आरक्षी दिनेश कुमार यादव, प्रभाकर यादव, धर्मनाथ आदि शामिल रहे। इस सम्बंध में पुलिस क्षेत्राधिकार मयंक द्विवेदी ने कहा कि शातिर बाइक चोर को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। आवश्यक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### नदी में डूबे मासूम बालक का तीसरे दिन मिला शव, मचा कोहराम

**सिद्धार्थनगर।** जिले के उस्का बाजार थाना क्षेत्र के संगलदीप गांव में मंगलवार दोपहर नदी में नहाते समय डूबे मासूम बालक का शव गुरुवार की सुबह मिल गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। संगलदीप गांव निवासी ऋषिकेश (8) पुत्र शैलेश यादव कुछ बच्चों के साथ पास से बहने वाली राप्ती नदी में मंगलवार दोपहर नहाने गया था। इस दौरान वह नहाते हुए गहरे पानी में जाकर डूब गया। डूबता देख शोर सुनकर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी । इसकी सूचना को दी गई पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। स्थानीय गोताखोरों ने उसकी तलाश शुरू कर दी थी लेकिन कुछ पता नहीं चल सका था। मंगलवार दोपहर नदी में नहाते समय डूबे मासूम का शव गुरुवार की सुबह मिल गया, इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय ने बताया कि पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही हैं।

# कानपुर में गैस उपभोक्ता हुए पैनिक, भागवत गैस एजेंसी पर काटा बवाल, पुलिस ने समझाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** अमेरिका - इजरायल और ईरान के बीच चल रहे महायुद्ध के बीच पैनिक हुए गैस उपभोक्ताओं ने आज भागवत गैस एजेंसी पर जमकर हंगामा काटा स्थिति जब काबू से बाहर हो गई तो गैस एजेंसी के मालिक द्वारा पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने किसी तरह उपभोक्ताओं को समझाया तब स्थिति काबू में हुई। अपर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल अर्चना सिंह ने बताया कि थाना नजीराबाद क्षेत्रांतर्गत जे.के. मंदिर के पास स्थित भागवत गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर की गाड़ी आने पर चुन्नीगंज क्षेत्र के उपभोक्ता भी पहुंच जाने से भीड़ अधिक हो गई थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर लाइन लगवाकर गैस का वितरण सुचारु रूप से कराया गया। उन्होंने आमजन से अपील है कि गैस सिलेंडर की किल्लत संबंधी किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। वर्तमान में गैस की कोई कमी नहीं है। किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर संबंधित हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। यदि किसी गैस एजेंसी/डीलर द्वारा गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने में अनावश्यक देरी या असुविधा की जा रही है, तो उपभोक्ता निम्नलिखित टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं– भारत गैस (Bharat Gas) हेल्पलाइन 1800-22-4344 (टोल फ्री) इंडेन गैस (Indane Gas) कस्टमर केयर नंबरः 1800-2333-555 (टोल फ्री) एचपी गैस (HP Gas) कस्टमर केयर नंबरः 1800-2333-555 (टोल फ्री)।

# सपा का आरोप भाजपा सरकार गैस सिलेंडरों की आपूर्ति से भाग रही है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर की बैठक गैस की किल्लत को लेकर शाम महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद की अध्यक्षता में आरम्भ हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने कहा कि महानगर के 78 वार्डो तथा 1625 बूथों के सर्वेक्षण के बाद यह बात सामने आई है कि गैस एजेंसियों के द्वारा आपूर्ति नहीं की जा रही है। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को भारी परेशानियाँ उठानी पड़ रही हैं। जहाँ पारिवारिक उत्सव हो रहे हैं, वहाँ 928 रुपये वाले घरेलू गैस सिलेंडर के लिए तीन हजार रुपये देने पड़ रहे हैं। भाजपा सरकार गैस आपूर्ति के नाम पर जनता को गुमराह कर रही है और आम जनता को सुबह से लाइन लगाने के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने अपने सम्बोधन में आगे कहा कि गैस की किल्लत होने के कारण लकड़ी का कोयला भी महंगा हो गया है। इसकी वजह से पच्चीस रुपये किलो वाला कोयला 35 रुपये किलो में खरीदना पड़ रहा है, जिसके कारण प्रेस (इस्त्री करने वाले) कामगारों के समक्ष बेरोजगारी की समस्या खड़ी हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि अफवाहों के कारण इधर डीजल-पेट्रोल का स्टॉक रखना आरम्भ हो गया है, लेकिन भाजपा सरकार का सिलेंडर खाली हो गया है। ब्लैक मार्केटिंग के कारण आम जनता पर आर्थिक भार बढ़ गया है। अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने चेतावनी देते हुए कहा कि सपा इस गैस किल्लत पर गम्भीर चिन्ता व्यक्त करती है। यदि इस किल्लत पर जल्द नियन्त्रण नहीं हुआ, तो भाजपा सरकार का बड़े स्तर पर घेराव किया जायेगा। बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, शबाब अबरार, आनंद शुक्ला, सत्यनारायण गहरवार, जस्वेंद्र निषाद, इशरत इराकी, गोपाल ठाकुर, अशोक भारती, मोनू विश्वकर्मा, अजय श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### गंभीर अपराधों में संलिप्त फरार अभियुक्त पर 25000 रूपये इनाम घोषित

**प्रतापगढ़।** थाना मान्धाता क्षेत्रान्तर्गत वादी के भाई को गांव के पास खड़ंजा मार्ग तिराहे पर पुरानी रंजिश के चलते आरोपीगण द्वारा 02 मार्च को गोली मार दी गई,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया तथा उपचार के दौरान चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। इस संबंध में थाना मान्धाता पर मु0अ0सं0 23/26 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस बनाम 03 नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा कठोर कार्यवाही करते हुए वांछित फरार अभियुक्त अफसर पुत्र स्व0 जलील निवासी रामनगर, हलईया का बाग थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ पर 25,000 रूपये की पुरस्कार राशि घोषित की गई है।

# छात्रों के मुद्दों पर सोमवार तक समुचित निर्णय लेने का कुलपति ने दिया आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** एनएसयूआई प्रतापगढ़ इकाई के जिलाध्यक्ष शुभम मिश्रा एवं शिवांशु भट्ट अध्यक्ष, एमडीपीजी कॉलेज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भईया) यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह से गुरुवार को मुलाकात कर छात्र समस्याओं के बारे में विस्तृत वार्ता और संवाद किया। वार्ता के दौरान छात्रों के साथ हुए अन्याय तथा उनसे संबंधित सभी प्रमुख मांगों को मजबूती से कुलपति के समक्ष रखा गया। वार्ता के दौरान छात्रों के भविष्य और परीक्षा परिणामों से जुड़े मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई।कुलपति ने पूरे मामले को ध्यानपूर्वक सुनते हुए छात्रों के मुद्दों पर सोमवार तक समुचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। बताया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा जिन छात्र-छात्राओं को असफल घोषित किया गया है,उनके परिणामों की पुनः समीक्षा कर आवश्यक संशोधन के साथ दोबारा परिणाम घोषित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।साथ ही स्पष्ट कर दिया गया है कि यदि सोमवार तक छात्रों के परिणामों की पुनः समीक्षा कर आवश्यक संशोधन के साथ परिणाम दोबारा घोषित नहीं किया गया, तो हम सभी छात्र-छात्राएं एक उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे और अपनी यह लड़ाई विश्वविद्यालय से लेकर सड़क से सदन तक पूरी मजबूती के साथ लड़ेंगे।इस प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से जिला महासचिव राघवेंद्र तिवारी, प्रभात रंजन तथा जिला सचिव विकास यादव उपस्थित रहे।

# महिलाओं व बेटियों के विकास में दिल खोल कर दान करें - सीमा देवी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** बीते दिन तरुण चेतना एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में पट्टी तहसील क्षेत्र के भूलन गंज, रामपुर बेला में महिला में संचेतना के लिए महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं व बालिकाओं के अधिकारों व उनसे सम्बंधित कानूनों पर खुल कर चर्चा की गई। इस अवसर पर तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की मुख्य थीम 'दान से लाभ' रखी गई, जिसका उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सहयोग, समर्थन और संसाधनों को साझा करने की भावना को बढ़ावा देना है, ताकि पूरे समाज को समानता और प्रगति का लाभ मिल सके। अंसारी ने जोर देकर कहा कि लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए समाज के सभी वर्गों को एक-दूसरे की मदद करने जागरूकता की जरूरत है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करना, उनके सपनों को साकार करने में सहयोग देना और उन्हें समान अवसर प्रदान करना है।इस अवसर पर संस्था की मानव संसाधन अधिकारी हुश्ननारा बानो ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं समाज की आधी आबादी हैं और उनके बिना किसी भी समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा, आत्मनिर्भरता और आपसी सहयोग से महिलाएं अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकती हैं तथा समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।मंच से संगीता शिवानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं शिक्षित और सशक्त होंगी तभी परिवार, समाज और देश की प्रगति सुनिश्चित होगी।शोभावती ने अपने संबोधन में कहा कि आज की महिला हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे एक-दूसरे का सहयोग करें और सामाजिक बंधनों से निकलकर अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ें।

कार्यक्रम में संजू देवी ने कहा कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समानता के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा होनी चाहिए।उन्होंने महिलाओं से शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीमा चौरसिया ने की, जिन्होंने बेटियों के सशक्तिकरण के लिए सबसे ज्यादा दान देने कि अपील की। कार्यक्रम का संचालन शकुंतला द्वारा किया गया।इस अवसर पर नाजरीन, गुलाब, लालसा, संगीता, शांति देवी, कलावती देवी, हकीम अंसारी, रजनीश कुमार, श्याम शंकर, गार्गी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे जिसमें महिलाओं की आवाज को बुलंद करने और उन्हें हर स्तर पर सहयोग प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं व पुरुषों ने बाल विवाह मुक्त भारत बनाने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की सामूहिक शपथ लिया।

# करोड़ों की सड़क को युवक ने हाथों से उखाड़ेः बलरामपुर में 2.5 किमी सड़क निर्माण पर गुणवत्ता को लेकर आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलरामपुर में मंडी समिति के अंशदान से बन रही लगभग 1 करोड़ 57 लाख रुपए की लागत वाली ढाई किलोमीटर लंबी सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सिसई गांव के जूनियर हाईस्कूल से दुर्गापुर तक निर्मित यह सड़क बनते ही उखड़ने लगी है, जिसका एक वीडियो सामने आया है।वीडियो में दुर्गापुर गांव निवासी संतोष मिश्रा नई बनी सड़क को हाथों से आसानी से उखाड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस घटना ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है।ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। उनका कहना है कि तारकोल की मात्रा बेहद कम होने के कारण सड़क की परत मजबूत नहीं बन पा रही है। रजनीश पांडे, प्रमोद मिश्रा, अंकित वर्मा सहित कई ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषी अधिकारियों व ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।दूसरी ओर, सड़क निर्माण से जुड़े ठेकेदार पंकज सिंह ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क अभी पूरी तरह से सेट नहीं हुई थी, इसलिए ताजा परत को कोई भी आसानी से उखाड़ सकता है। ठेकेदार ने दावा किया कि काम पूरी ईमानदारी और निर्धारित मानकों के अनुसार किया जा रहा है, और सड़क मजबूत बनाई जा रही है।मंडी समिति के डीडीसी ने इस मामले पर संज्ञान लेते हुए कहा है कि वायरल वीडियो की जांच कराई जाएगी। उन्होंने स्थलीय निरीक्षण का भी आश्वासन दिया और कहा कि तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, इस वायरल वीडियो के बाद क्षेत्र में सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर बहस तेज हो गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली के नरेला में पुलिस मुठभेड़, गोगी गैंग का शूटर अक्षय गिरफ्तार

**बाहरी दिल्ली।** गुरुवार शाम 4:30 बजे



नरेला में प्रस्तावित केमिकल मार्केट के पास पुलिस और बदमाशों के बीच कई राउंड फायरिंग हुई। एनकाउंटर के दौरान गोगी गैंग के शूटर अक्षय उर्फ टैक्सी के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने अक्षय और उसके दो साथियों को पकड़ लिया। तीनों आरोपी मोटरसाइकिल पर भाग रहे थे। बताया जा रहा है कि एनकाउंटर के दौरान कुल सात राउंड फायरिंग हुई। जवाबी फायरिंग में चार बदमाशों की तरफ से और तीन पुलिस की तरफ मौजूद थे। पुलिस का कहना है कि आरोपी दो हफ्ते पहले नरेला में हुई गोलीबारी की घटना में शामिल थे।

पुलिस की जानकारी के मुताबिक, बाहरी उत्तरी जिले की AATS टीम को सूचना मिली थी कि अक्षय उर्फ टैक्सी और उसके साथी नरेला आकर किसी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने इलाके को घेर लिया और तीनों बदमाशों को रोकने की कोशिश की। बदमाशों ने रुकने के बजाय पुलिस टीम पर चार राउंड फायरिंग की। जवाब में पुलिस ने भी तीन राउंड फायरिंग की, जिसमें अक्षय के पैर में गोली लगी। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है।

### दिल्ली पुलिस ने आधी रात में अपराधियों के खिलाफ खोला मोर्चा, अलग-अलग मामलों में 15 हिस्ट्रीशीटर समेत 41 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही दिल्ली में गैंग्स और गैंगस्टरों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाकर उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाने का ऐलान किया था। रोहिणी पुलिस ने इसी आदेश के तहत एक विशेष अभियान चलाकर एक नाबालिग समेत 41 अपराधियों को विभिन्न आपराधिक मामलों में गिरफ्तार किया है। यह अभियान बुधवार की देर रात शुरू किया गया था। कुल गिरफ्तार व्यक्तियों में से 15 हिस्ट्रीशीटर रहे हैं। वहीं, एक फरार अपराधी भी गिरफ्तार किया गया है।

**पेट्रोलिंग बढ़ाकर पुलिस रोकेगी अपराध**

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दिल्ली में आए दिन होने वाले आपराधिक वारदातों से आमजन के मन में भय व्याप्त रहता है। ऐसे में पुलिस की ओर से अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए यह निर्णय लिया गया। इसके तहत बुधवार देर रात ऐसे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। इसी के साथ सभी एसडीपीओ और एसएचओ को रोहिणी जिले में संगठित अपराधों और सड़क अपराधों को अंजाम देने वाले शातिरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, गश्त बढ़ाने, अपराधियों की जांच करने तथा जमानत पर रिहा अपराधियों की निगरानी करने के निर्देश दिए गए।

**पुलिस ने कई मामलों में की गिरफ्तारियां**

आबकारी अधिनियम के 10 मामले दर्ज किए गए, जिसमें 9 गिरफ्तारियां की गई तथा 84 शराब की बोतलें, 2232 क्वार्टर अवैध शराब और 3 स्कूटी बरामद की गई। इनमें से छह पहले भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं।

» आर्म्स एक्ट के 17 मामले दर्ज किए गए, जिसमें 17 अपराधी अवैध हथियार रखने के लिए गिरफ्तार किए गए तथा 10 चाकू, 7 देसी पिस्तौल और 8 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इनमें से 14 का आपराधिक इतिहास रहा है।

» जुआ अधिनियम के पांच मामले दर्ज किए गए और 12 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए। इस बीच फड़ के 16,890 रुपये जब्त किये गए।

» एनडीपीएस अधिनियम के दो मामले दर्ज किए गए, जिसमें दो व्यक्ति गिरफ्तार किए गए। इस मामले में एक बाल अपराधी भी हिरासत में लिया गया तथा 9.3 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।

» सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 29 व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

» 604 व्यक्तियों के खिलाफ 126/170, 126/169, 129 बीएनएसएस एवं 65, 66 छक्क एक्ट के तहत निवारक कार्रवाई की गई।

# पंचायत भवन में महिला का मिली मृत शरीर हत्या की आशंका

**● परिजनों का आरोप रोजगार सहायक पीयूष सोनी और उसके साथी मुरारी सोनी ने की हत्या**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शहडोल** में महिला मोबलाइजर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव पंचायत भवन के भीतर पड़ा मिला। महिला को पुलिस के द्वारा अस्पताल ले जाया गया जिसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला की पहचान सुनैना कुशवाहा उम्र 29 साल के रूप में हुई है। जो बलबहरा ग्राम पंचायत में मोबलाइजर के पद पर पदस्थ थीं। वही मृतक के परिजन और पति ने बलबहरा के रोजगार सहायक पीयूष सोनी और उसके साथी मुरारी सोनी के ऊपर हत्या करने का आरोप लगाया है। साथ ही परिजनों ने यह भी आरोप लगाया हैं कि मृतक सुनैना कुशवाहा को आये दिन प्रताड़ना और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं।

**पुलिस ने नही किया एफआईआर दर्ज फिर मृतक के भाई के करवाया ऑनलाइन एफआईआर दर्ज**

मृतक सुनैना कुशवाहा के भाई ने ऑनलाइन करवाया एफआईआर दर्ज । एफआईआर में दर्ज करवाते हुए बताया कि मेरी बहन सुनैना कुशवाहा उम्र 30 वर्ष ग्राम पंचायत बलबहरा में मोबलाईजर के पद पर कार्य करती हैं। यह है कि मुरारी सोनी पिता अशोक सोनी एवं पीयूष सोनी रोजगार सहायक द्वारा मेरी बहन को लंबे समय से मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। मुरारी सोनी उसे सार्वजनिक रूप से अपमानित करता था, और दबंगई के बल पर अनैतिक रूप से दबाव भी बनाता रहा।

यह की पूर्व में दिनांक 20 अगस्त 2025 को थाना बुढार चौकी केशवाही में शिकायत दर्ज करवाने के बावजूद आरोपियों का दुस्साहस और भी बढ़ गया की पुलिस की निष्क्रियता के कारण मेरी बहन और पूरा परिवार अत्यंत भयभीत और मासिक दबाव में रहता था। यह कि कल दिनांक 11 मार्च 2026 को सुबह 11:00 बजे मेरी बहन काम पर जाने के लिए घर से निकली थी दोपहर लगभग 2:30 बजे मेरे जीजा जी प्रतिदिन की तरह पंचायत कार्यालय पहुंचे तो पाए कि मेरी बहन के गले का दुपट्टा पंखा में लटका था, और वह जमीन पर मेरी बहन पड़ी थी यह देखकर वो जब पास गए और देखा तो घबरा गए, और मौके पर रवि और शुभम को बुलाएं, जब पास गए तो सांसे बंद हो गई थी और वह बेहोश अवस्था में पड़ी थी उसके 10 मिनट के बाद वहां पुलिस भी पहुंच गई, और पुलिस के साथ वह लोग बुढार अस्पताल में बहन को ले गए जहाँ अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया , यह की पुलिस द्वारा मेरी बहन का मोबाइल फोन जप्त किया गया परंतु अभी तक ना प्राथमिक एफआईआर दर्ज की गई है और ना ही निष्पक्षता से पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूर्ण की गई है, हमें संदेह है कि आरोपियों के प्रभाव में जाकर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, यह है कि दिनांक 11 मार्च 2026 को दोपहर 2:30 बजे पंचायत कार्यालय के अंदर मेरी बहन का शव गंभीर अवस्था में पाया गया, घटनास्थल की परिस्थितियों और आरोपियों के पूर्व आचरण से ही स्पष्ट है कि यह सुनियोजित हत्या करने का गंभीर मामला है यह की वर्तमान में पुलिस द्वारा साक्ष्य जैसे मृत्यु का का मोबाइल को लेकर पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है और ना ही दोषियों की विरुद्ध प्राथमिक फिर दर्ज की गई है, जिसके प्रार्थी के परिवार को न्याय ना मिलने की उम्मीद धूमिल हो रही है, अतः निवेदन है कि आरोपी मुरारी सोनी और पियूष सोनी के विरुद्ध शु संगत धाराओं के तहत तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए, मोबाइल फोन को साकक्ष के तौर पर सुरक्षित रखते हुए उनकी कॉल डिटेल CDR की जांच की जाए यह की प्रताड़ना के विरुद्ध पूर्व में दिनांक 20 अगस्त 2025 को चौकी के केशवाही में फिर भी दर्ज करवाई गई थी जिसके बाद मुरारी सोनी और और भी उग्र हो गया था। उसी के चलते सुनैना कुशवाहा को जान से मार दिया। और केशवाही चौकी में शरण ले लिया।

» सवालों के घेरे में मुरारी सोनी जब हत्या नहीं किया तो फिर चौकी केशवाही के शरण मे क्यों?

» जब चौकी में मामला लंबित था तो कार्यवाही क्यों नहीं हुआ?

» एसडीएम का आदेश पंचायत के सचिव सहायक सचिव सहित आंगनवाड़ी और पटवारी की ड्यूटी गणना के लिए हुई थी तो उक्त आदेश का पालन क्यों नहीं?

» पंचायत मोबालाइजर के सहारे क्यों जब पंचायत में चौकीदार था तो वो उस समय गया कहा

**इनका कहना हैं–** जब इस संबंध में बात किया तो उनका कहना हैं कि मोबालाइजर ने द्वारा आत्महत्या किया गया हैं जाँच चल रहा हैं पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्यवाही होंगी।

थाना प्रभारी बुढ़ार विनय सिंह गहरवार



**मृतक सुनैना कुशवाहा के पति सुरेंद्र कुशवाहा ने लगाया मुरारी सोनी और रोजगार सहायक पीयूष सोनी के ऊपर हत्या का आरोप**

सुनैना कुशवाहा के पति सुरेंद्र कुशवाहा ने आरोप लगाते हुए बताया कि मेरी पत्नी को सोच समझकर उसको पंचायत भवन में मारकर उसको आत्महत्या का कहानी बनाने को पूरी जोर दिया गया था। क्योंकि मृतक कुशवाहा को आये दिन शारारिक संबंध और प्रताड़ित किया करते थे। और मेरे घर मे आ कर गंदी गंदी गालियां और जान से मारने की धमकी भी दिया करते थे। इनके ऊपर पूर्व में ऐसे करने से चौकी केशवाही में मामला भी दर्ज हैं जिसकी जाँच और कार्यवाही भी चल रहा हैं।

सूत्रों के हवालों से पता चला हैं कि मृतक को हत्या कर निकलने से और काले कलर की टी शर्ट और चड्डा पहने हुए व्यक्ति को पंचायत भवन से बाहर निकलते हुए देखा गया था। मृतक सुनैना कुशवाहा के बड़े भाई ने हत्या की आशंका जताते हुए बताया कि मेरे बहन को मुरारी सोनी और रोजगार सहायक पीयूष सोनी लगातार प्रताड़ित करते थे। जिसके चलते आये दिन मुरारी के द्वारा शराब के नशे में गंदी गंदी गलियों के साथ जान से मारने की बात भी करता था। जिसके चलते आज मेरी बहन को जान से मार कर फरार हो गया और थाने में जाकर बैठ गया। जबकि उस वक्त पंचायत में कोई भी मौजूद नहीं था। जब इस घटना को अंजाम दिया गया। और ये किसी भी तहर आत्महत्या नहीं हत्या हैं क्योंकि आत्महत्या करने वाला अपनी गले के फंदे को बिना बाधे ही मर जाये ये कैसे मुमकिन हैं, और साथ ही बिना किसी हलचल के मर जाना न ही खुर्शी गिरी और न ही टेबिल में बिछा चादर । जबकि कोई भी अगर आत्महत्या करता तो अपना हाथ पैरों को में हरकत करता ही हैं। पर मौके पर वहाँ ऐसा कुछ नहीं जिससे साफ तौर पर देखा जा सकता हैं कि ये आत्महत्या नहीं हत्या हैं।

## विहिप का सांसद संपर्क अभियान शुरू, 27 मार्च तक दोनों सदनों के सभी सांसदों से मिलकर तीन खास विषयों पर होगी विशेष चर्चा




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

विशेष संवाददाता प्रदीप यादव

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद का त्रि-साप्ताहिक सांसद संपर्क अभियान 27 मार्च तक चलेगा। विहिप के केंद्रीय महामंत्री श्री बजरंग लाल बागड़ा ने आज एक प्रेस वार्ता में बताया कि इसी सोमवार यानि 9 मार्च को प्रारंभ हुए विशेष सांसद संपर्क अभियान के अंतर्गत हम देश के दोनों सदनों के सभी सांसदों से मिलकर तीन ज्वलंत विषयों पर चर्चा करेंगे।उन्होंने कहा कि हालांकि हर शीतकालीन सत्र के दौरान सांसद संपर्क हमारी वार्षिक योजना का एक हिस्सा है किंतु, इस वर्ष उस सत्र की अवधि कम होने के कारण बजट सत्र में यह आयोजित किया गया है। इस वर्ष हम कुछ विशेष विषयों को लेकर देश के कानून निर्माताओं से निवेदन करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जनसंख्या असंतुलन पर एक व्यापक राष्ट्रीय चिंतन की आवश्यकता है। पिछली अनेक सरकारों ने इस बारे में अपने-अपने तरीके से काम किया लेकिन अब आवश्यकता इस बात की है कि इसकी बारीकियों पर चिंतन कर एक प्रभावी जनसंख्या नीति बने और नारी सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार तथा क्षेत्रीय और सांप्रदायिक जनसंख्या संतुलन नीतियों जैसे माध्यमों के साथ जन मन की सहभागिता से यह कार्य आगे बढ़े। भारत धर्म प्राण देश है, जिसकी आत्मा तीर्थों में बसती है और तीर्थ विकास के बिना भारत के विकास की कल्पना अधूरी है। तीर्थ यात्राओं का देश की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान है। इसलिए, हम सभी सांसदों से निवेदन करेंगे कि देश के तीर्थक्षेत्रों का समुचित विकास हो और वे भारत की अर्थव्यवस्था, संस्कृति और स्वाभिमान के केंद्र बिंदु बनकर, पुनः धर्म, आध्यात्म और मानव कल्याण के वैश्विक प्रहरी बनें। मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति मिले, हिंदू का पैसा हिंदू हित में काम आए तथा तीर्थाटन के विकास के लिए संस्कृति मंत्रालय में एक स्वतंत्र विभाग का गठन कर इनका चहुंमुखी विकास हो तीसरे विषय के रूप में हम संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 के प्रावधानों को देश के सभी नागरिकों के लिए समान रूप से लागू करने के लिए उनसे निवेदन करेंगे। जिससे कि सभी धर्मों को धार्मिक शिक्षा का भेदभाव रहित सामान संवैधानिक अधिकार सुनिश्चित हो सके। साथ ही अल्पसंख्यक को परिभाषित करने की आवश्यकता को भी रेखांकित करेंगे।

विहिप महामंत्री ने बताया कि यह अभियान तीन चरणों में होगा।अलग-अलग चरणों में देश के अलग-अलग प्रांतों से आए हुए कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र के सांसदों से राजधानी दिल्ली में संपर्क कर रहे हैं। पहला चरण 9 से 13 मार्च तक होगा और दूसरा 16 से 20 मार्च तक। इसके बाद 23 मार्च से 27 मार्च तक इस अभियान का समापन सप्ताह होगा उन्होंने बताया कि हम बिना किसी राजनीतिक या विचार भेदभाव के हर दल के, हर मत पंथ संप्रदाय के और हर क्षेत्र के सांसद से मिलकर खुलकर अपनी बात उनके समक्ष रखेंगे।प्रेस वार्ता में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री तथा अखिल भारतीय विशेष संपर्क प्रमुख श्री अंबरीश सिंह भी मौजूद थे।

# दिल्ली में बढ़ते साम्प्रदायिक उन्माद पर कठोर कार्रवाई की मांग, मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद इंद्रप्रस्थ (दिल्ली प्रांत) के प्रांत मंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने दिल्ली में हाल ही में हुई उस दुखद घटना, जिसमें एक हिंदू युवक की निर्मम हत्या हुई, पर गहरी चिंता और आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएँ न केवल राजधानी की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं, बल्कि समाज में असुरक्षा की भावना भी उत्पन्न करती हैं। गुप्ता ने कहा कि राजधानी दिल्ली जैसे महत्वपूर्ण महानगर में साम्प्रदायिक उन्माद और हिंसा को किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि आज देशभर में उत्तर प्रदेश के 'योगी मॉडल' की चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि वहाँ प्रशासन ने अपराधियों और दंगाइयों के विरुद्ध कठोर और त्वरित कार्रवाई कर कानून के शासन को दृढ़ता से स्थापित किया है।विश्व हिंदू परिषद का मानना है कि दिल्ली में भी अपराध और दंगाई मानसिकता के विरुद्ध शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जानी चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार के साम्प्रदायिक तनाव या हिंसा की पुनरावृत्ति न हो सके। गुप्ता ने कहा कि भारतीय परंपरा में नारी शक्ति को माँ दुर्गा और माँ काली के स्वरूप में देखा जाता है, जो अधर्म और अत्याचार का नाश करती हैं। दिल्ली की जनता को विश्वास है कि मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में राजधानी में कानून का दृढ़ शासन स्थापित होगा और समाज को अस्थिर करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री ने बताया कि इस विषय पर समाज की चिंताओं और सुझावों को साझा करने के लिए मुख्यमंत्री को एक औपचारिक पत्र भेजकर उनसे भेंट का समय भी मांगा गया है। परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलकर दिल्ली की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के विषय में चर्चा करना चाहता है। विश्व हिंदू परिषद ने आशा व्यक्त की है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली को और अधिक सुरक्षित, शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण राजधानी बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।




## बलिया में TET अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का विरोध, 'शिक्षक की पाती' अभियान के तहत राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री को भेजे 1100 पोस्टकार्ड




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया:** बलिया में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) की अनिवार्यता के विरोध में आवाज बुलंद की। 'शिक्षक की पाती' कार्यक्रम के तहत शिक्षकों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित देश के प्रमुख संवैधानिक पदों पर बैठे प्रतिनिधियों को पोस्टकार्ड और ई-मेल भेजकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। अभियान के तहत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, भारत के मुख्य न्यायाधीश, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा केंद्र और प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष को कुल 1100 पोस्टकार्ड और ई-मेल भेजे गए।

शिक्षकों का लक्ष्य जनपद से एक लाख से अधिक पोस्टकार्ड, ई-मेल और ट्वीट भेजकर इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का है।

शिक्षक प्रतिनिधियों ने कहा कि यह केवल एक परीक्षा का मुद्दा नहीं, बल्कि शिक्षकों के अस्तित्व और उनके भविष्य से जुड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE Act) लागू होने से पहले नियुक्त और TET से छूट प्राप्त शिक्षकों के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 सितंबर 2025 को TET अनिवार्य करने का आदेश पूर्व स्थापित शिक्षक भर्ती नियमों और परंपराओं के विपरीत है। शिक्षकों का आरोप है कि इस मामले में सरकार की चुप्पी के कारण वर्ष 2011 से पहले नियुक्त देश के लाखों शिक्षकों और उनके परिवारों का भविष्य संकट में पड़ गया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि वह आवश्यक कदम उठाकर इस आदेश को शिक्षक और राष्ट्रहित में निरस्त कराने की दिशा में पहल।

## सर्व समाज जनहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता की बैठक संपन्न




**गोपीगंज।** नारायण कटरा स्थित कैंप कार्यालय में मंगलवार को सर्व समाज जनहित पार्टी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह ने की। इस दौरान जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए कई प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में जिला पंचायत व ग्राम पंचायत चुनाव समय से कराने की मांग उठाई गई। साथ ही संगठन विस्तार के लिए गांव-गांव सदस्यता व प्रचार अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। पार्टी ने पूर्वांचल राज्य के गठन की मांग भी दोहराई। इसके अलावा रमजान और नवरात्र पर्व को देखते हुए क्षेत्र में साफ-सफाई और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। इस अवसर पर धनेश प्रसाद पंडा,सिंटू शुक्ला, कैसर खान, रंजीत यादव, रामबाबू, प्रमोद कुमार, रमेश कुमार पाल, राजू व सतीश पांडे सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बलिया में एलपीजी सिलेंडर को लेकर हड़कंप: एजेंसियों पर लंबी कतारें, डीएम बोले- स्टॉक पर्याप्त, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया** में एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर इन दिनों उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सामान्यतः एक-दो दिन में मिलने वाला गैस सिलेंडर अब कई दिनों की देरी से मिल रहा है, जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की कई गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखी गई, जबकि कुछ एजेंसियों पर ताला लटका मिला।

उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस सिलेंडर की बुकिंग कराने में भी दिक्कत हो रही है। गैस एजेंसियों के मोबाइल नंबर कई बार बंद मिल रहे हैं, जिससे नई बुकिंग नहीं हो पा रही है। ग्रामीण इलाकों में स्थिति और अधिक गंभीर दिखाई दे रही है, जहां सुबह से ही लोग लाइन लगाकर सिलेंडर का इंतजार कर रहे हैं।

एक उपभोक्ता ने बताया कि वह सुबह से लाइन में लगा हुआ है, जबकि दूसरे उपभोक्ता ने कहा कि वह बिना ब्रश किए ही सिलेंडर लेने के लिए कतार में खड़ा हो गया। वहीं कई लोगों को यह जानकारी नहीं है कि एक सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिन बाद ही नए सिलेंडर की बुकिंग की जा सकती है, जिससे भ्रम की स्थिति भी बनी हुई है। इस पूरे मामले पर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने स्पष्ट किया कि जनपद में एलपीजी गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग खाड़ी युद्ध को लेकर अफवाहें फैला रहे हैं, जिससे अनावश्यक घबराहट पैदा हो रही है।



जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने वालों के साथ-साथ अवैध भंडारण और वितरण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और प्रशासन का सहयोग करें।

## दुर्गागंज क्षेत्र में अवैध खनन जारी, मिट्टी लदा ट्रैक्टर पकड़ा गया




**भदोही:** जनपद भदोही के थाना दुर्गागंज क्षेत्र में अवैध खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार सुबह करीब 9 बजे खनन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए धनोरा गांव के पास मिट्टी लदा एक ट्रैक्टर पकड़ लिया। जांच के बाद वाहन को आवश्यक कार्रवाई के लिए थाना दुर्गागंज में सीज कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार दुर्गागंज क्षेत्र के गोपीपुर, भोथर, अर्जुनपुर और हरिकरनपुर सहित कई गांवों में इन दिनों अवैध खनन और मिट्टी के परिवहन में तेजी देखी जा रही है। खनन विभाग समय-समय पर कार्रवाई करता रहा है, लेकिन खनन करने वालों में किसी प्रकार का भय नहीं दिख रहा। कुछ लोग अधिकारियों की गतिविधियों पर नजर रखते हैं और जैसे ही टीम की सूचना मिलती है, खनन तुरंत रोक देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि क्षेत्र में निरंतर निगरानी और कड़ी कार्रवाई की जाए तो अवैध खनन पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है।

# 'शहीदों का व्यर्थ नहीं जाएगा बलिदान, बदला लेगा ईरान', नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई का राष्ट्र के नाम पहला संदेश

**● मोजतबा खामेनेई ने होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रखने की मांग की**

**● अमेरिकी सैन्य ठिकानों को बंद करने या हमले की चेतावनी दी**

**● युद्ध में मारे गए लोगों का बदला और मुआवजे का संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** ईरान-इजरायल युद्ध गुरुवार को 13वें दिन में प्रवेश कर चुका है। इस बीच गुरुवार को ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने नए सर्वोच्च नेता बनने के बाद अपना पहला संदेश जारी किया है। नियुक्ति के बाद से उन्हें सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है।

ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने अपने पहले बयान में होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद रखने की मांग की है। यह बयान राज्य टेलीविजन पर गुरुवार को एक समाचार एंकर द्वारा पढ़ा गया, जिसमें मोजतबा खामेनेई खुद कैमरे पर नहीं दिखे।

**मोजतबा का पहला संदेश**

अपने पिता आयतुल्लाह अली खामेनेई की हत्या के बाद हाल ही में सर्वोच्च नेता नियुक्त हुए मोजतबा ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को अमेरिका के खिलाफ दबाव के रूप में बंद रखना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि इस क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकाने बंद होने चाहिए, अन्यथा उन पर हमले किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा, ' इस क्षेत्र में सभी अमेरिकी ठिकानों को तुरंत बंद किया जाना चाहिए।'

**बंद रहेगा होर्मुज स्ट्रेट**

मोजतबा खामेनेई ने मिडिल ईस्ट के पड़ोसी देशों पर हमलों को जारी रखने की बात कही और युद्ध में मारे गए लोगों का बदला लेने और दुश्मन से मुआवजा वसूलने का संकल्प लिया। साथ ही खामेनेई ने कहा मुआवजा नहीं मिला तो दुश्मन की संपत्ति से लिया जाएगा या उतनी ही तबाही मचाई जाएगी।



**चरम पर युद्ध तनाव**

यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध में तनाव चरम पर है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने भी युद्ध समाप्त करने के लिए तीन शर्तें रखी हैं। ईरान के वैध अधिकारों की मान्यता, भविष्य में हमलों की गारंटी और युद्ध क्षति का मुआवजा।

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा , वही दिखेगा
स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254
www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com